वर्ष-31, अंक- 291, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 13, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
07 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### केएन त्रिपाठी बने राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के नए अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन (इंटक) के अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे के निधन के बाद पूर्व श्रम एवं रोजगार मंत्री केएन त्रिपाठी को फेडरेशन का नया अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय 3 अगस्त को राजरप्पा ऑफिसर्स क्लब में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में लिया गया। बैठक की शुरुआत दिवंगत अध्यक्ष को श्रद्धांजलि देकर हुई। इसके बाद कार्यकारी अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि के.एन. त्रिपाठी शेष कार्यकाल के लिए अध्यक्ष पद की जिम्मेदारियां संभालेंगे और उच्च न्यायालय व अन्य अदालतों में फेडरेशन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**तालझारी (साहिबगंज)।** साहिबगंज जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव में जमीन विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की लोहे की रॉड से मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। कांड के अभियुक्त बजल हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी पुलिस ने बरामद कर ली है। स्थानीय पुलिस के बाद राजमहल डीएसपी बिमलेश त्रिपाठी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी दल का गठन किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वारदात की जानकारी मिलते ही तालझारी थाने के थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई अनिल कुमार यादव, एसआई संजीत मिश्रा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है।

## गुमला पुलिस की बड़ी सफलता: पीएलएफआई सुप्रीमो मार्टिन केरकेट्टा मुठभेड़ में ढेर



- 15 लाख का इनामी और 70 से अधिक मामलों में वांछित, एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में चला सफल ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के नक्सल प्रभावित इलाकों में आतंक का पर्याय बन चुका पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का कुख्यात सुप्रीमो और 15 लाख रुपये का इनामी उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा अब इतिहास बन चुका है। मंगलवार रात कामडारा थाना क्षेत्र के चंगाबारी बनटोली के घने जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। गुप्त सूचना पर गुमला एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर की अगुवाई में विशेष टीम बनाई गई। स्वयं एसपी एके-47 लेकर ऑपरेशन में शामिल हुए।

शेष पेज 11 पर...

## दिशोम गुरु का जाना एक युग का अंत : वित्त मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने नेमरा गांव पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट की और झारखंड आंदोलन के अग्रदूत, आदिवासी समाज के मार्गदर्शक तथा दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु का जाना केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। उनके जीवन का हर अध्याय संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। झारखंड और यहां के आदिवासी समाज के लिए उनका योगदान अमिट है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

# पैतृक गांव नेमरा में गुरुजी को श्रद्धांजलि देने उमड़ी लोगों की भीड़

- श्राद्धकर्म तक नेमरा में ही रहेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन
- मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक आवास नेमरा में गांव के लोगों के साथ "तीन नहान, दस कर्म और श्राद्ध कर्म" को लेकर की विस्तृत चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री गुरुजी शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में श्रद्धांजलि देने वाले लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

वहीं गुरुजी का श्राद्धकर्म 10 दिन का होगा। ऐसे में श्राद्धकर्म तक सीएम हेमंत सोरेन नेमरा गांव में ही रहेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपने पैतृक आवास नेमरा में गांव वासियों के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंत्येष्टि कार्यक्रम के उपरांत होने वाले अनुष्ठान को लेकर ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर गांव वासियों ने तीन नहान, दस कर्म और श्राद्ध कर्म को लेकर मुख्यमंत्री के साथ कई स्थानीय परंपरा से संबंधित अनुभवों को साझा किया एवं सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने भी दस कर्म दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर ग्रामीणों ने गुरूजी के अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें यादकर अपनी संवेदना जताई और दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करने की कामना ईश्वर से की। गौरतलब है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अंतिम संस्कार उनके पैतृक आवास नेमरा (रामगढ़) में संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन, समर्थक और राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। हजारों लोगों की उपस्थिति ने मुख्यमंत्री को इस कठिन घड़ी में सांत्वना और संबल प्रदान किया।

गुरुजी को अंतिम विदाई देते समय ना केवल लोगों की आंखें नम थीं, बल्कि आसमान भी रो पड़ा था। हर घर में सन्नाटा पसर गया था। इतना ही नहीं शिबू सोरेन के अंतिम दीदार के लिए रांची से नेमरा तक लोगों ने बेसब्री से इंतजार किया। गुरुजी के चाहने वाले सुबह से ही सड़कों के किनारे खड़े थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भावुक पोस्ट : आज नेमरा में सुबह का सूरज भी उदास था

**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नहीं रहने से राज्य ही नहीं देशभर के लोग मर्माहत हैं। मंगलवार को उनके अंतिम संस्कार में देश भर के दिग्गज नेता पहुंचे। बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन ने एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया में किया है। लिखा है कि आज नेमरा में सुबह का सूरज भी उदास था। वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! वहीं दूसरे पोस्ट में लिखा है कि मेरे बाबा, आपके सपनों को पूरा करेगा आपका यह बेटा आपको दिया हर वादा निभाउंगा। वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें।

## बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम

- शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से मांगी जानकारी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65 लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है।

**क्या है मामला? :** चुनाव आयोग ने बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)' शुरू किया था। इसके तहत 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई, जिसमें 7.24 करोड़ मतदाता दिखाए गए। लेकिन इसमें से 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि ये लोग या तो मर चुके हैं, दूसरी जगह स्थायी रूप से चले गए हैं, या दो जगहों पर नाम था।

**कोर्ट में सुनवाई के दौरान क्या हुआ? :** जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा, 'हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं।' वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की लिस्ट दी गई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कौन मरा है, कौन शिफ्ट हुआ है, या किसका नाम गलत तरीके से हटा।' कोर्ट ने चुनाव आयोग को कहा कि वह 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करे, ताकि 12-13 अगस्त को इस मामले पर पूरी सुनवाई हो सके।

**एडीआर की याचिका में क्या मांग की गई? :** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि 65 लाख हटाए गए नामों की पूरी सूची प्रकाशित की जाए। हर नाम के साथ यह भी बताया जाए कि उसे क्यों हटाया गया, मौत, स्थायी स्थानांतरण या कोई अन्य वजह।

**चुनाव आयोग ने कोर्ट में क्या कहा? :** सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने हलफनामा देकर कहा, 'हम वोटर लिस्ट को साफ करने का काम कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि अपात्र लोग हटें और केवल सही लोग वोटर लिस्ट में रहें।'

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज / कल




## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जमीन घोटाले में नहीं मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने बरियातू रोड में सेना की कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर बुधवार को फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को राहत देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। 25 जुलाई को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुना था। मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया था कि प्रार्थी चार मई 2023 से जेल में बंद है। हिरासत लगभग 22 माह से अधिक हो गयी है। इस मामले में सरकार से अभियोजन स्वीकृति भी नहीं ली गयी है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए प्रार्थी को जमानत देने का आग्रह किया था। प्रतिवादी ईडी की ओर से अमित कुमार दास ने जमानत का जोरदार विरोध किया था। रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन ने जमानत याचिका दायर की थी। 13 और 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गांई अंचल के उपराजस्व निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने छवि रंजन, अमित अग्रवाल सहित 10 आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की है। छवि रंजन पर रांची के उपायुक्त रहने के दौरान फर्जी कागजातों के आधार पर सेना की कब्जेवाली भूमि की खरीद-बिक्री में संलिप्तता का आरोप है।

## ट्रंप के परिवार की कंपनी भारत में रियल इस्टेट कारोबार से कमा रही करोड़ों

- धन निवेश नहीं करती केवल अपना ब्रांड नाम देने फीस लेती है प्रोजेक्ट्स की कुल बिक्री में से 3 से 5%
- भारत में इन प्रोजेक्ट पर काम करने वालों में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), लोढ़ा ग्रुप, एमउएम ग्रुप, पंचशील रियल्टी, आईआरए इंफ्रा व यूनिमार्क जैसी बड़ी कंपनियां हैं
- भारत में ट्रंप ब्रांड वाले 13 प्रोजेक्ट्स में से 2 पूरे हो चुके, दो पूरे होने वाले हैं, 3 अपने शुरुआती चरण में हैं, 3 लॉन्च होने वाले हैं

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ भारत को 'डेड इकोनॉमी' कह रहे हैं, दूसरी तरफ उनको भारत के रूस व चीन के साथ कारोबार करने पर बहुत ज्यादा नाराजगी है, तीसरी तरफ उनके ही सगे परिवार व बेटे की कंपनी 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' के लिए भारत अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा बाजार बन गया है। भारत के रियल इस्टेट मार्केट में 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' लगातार अपने कारोबार का विस्तार कर रही है। ट्रंप के अमेरिका में पहली बार राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत में उनकी कंपनी के रियल इस्टेट के कारोबार में तीन गुना बढ़ोतरी हो गई है। इस बारे में द इंडियन एक्सप्रेस ने आंकड़ों व रिकार्ड के आधार पर लिखा है कि 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' ने भारत में कई बड़े बिल्डर्स के साथ साझेदारी की और मुंबई, पुणे, कोलकात्ता व गुरुग्राम में 7 प्रोजेक्ट्स से 175 करोड़ रुपये कमाए। मालूम हो कि ट्रंप लगातार भारत को टैरिफ बढ़ाने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन उनकी कंपनी भारत में लगातार अपने कारोबार को भी बढ़ा रही है। 5 नवंबर 2024 को जब ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने, उसके बाद से उनकी कंपनी ने अपने भारतीय पार्टनर ट्राइबेका डवलपर्स के साथ मिलकर गुरुग्राम, पुणे, हैदराबाद, मुंबई, नोएडा व बेंगलुरु में 6 नए प्रोजेक्ट पर काम किया है। यह कुल काम 80 लाख स्क्वायर फुट जमीन पर होगा। इनमें से 3 प्रोजेक्ट – पुणे, गुरुग्राम व हैदराबाद, में इस साल शुरू भी हो चुके हैं। इन प्रोजेक्ट्स के तहत 4.3 मिलियन स्क्वायर फुट पर काम हो रहा है। 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' ने अभी तक उसे भारत में रियल एस्टेट के कारोबार से कितनी कमाई हुई है, इस बारे में नहीं बताया है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि बिल्डर्स के साथ पार्टनरशिप करने के बाद ट्रंप एंटरप्राइजेज को दुनिया की तेजी से बढ़ती इकोनॉमी में अपने पांव फैलाने का मौका मिला है और

शेष पेज 11 पर...

## अमेरिका ने भारत पर लगाया 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ

- राष्ट्रपति ट्रंप ने आदेश पर किए हस्ताक्षर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है। इस आदेश पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने दस्तखत भी कर दिए है। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रारंभिक शुल्क 7 अगस्त से प्रभावी होगा, जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिनों के बाद लागू होगा।

**क्या कहा आदेश में :** यह नया शुल्क आदेश जारी होने के 21 दिन बाद से प्रभावी होगा। हालांकि, जो सामान पहले ही जहाज पर लोड हो चुके होंगे और 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंचेंगे, उन पर यह शुल्क नहीं लगेगा। यह निर्णय अमेरिका के रणनीतिक और व्यापारिक हितों से जुड़ा हुआ माना जा रहा है, जो भारत-रूस ऊर्जा संबंधों के चलते लिया गया है। इस फैसले से भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में तनाव की आशंका है।

इससे पहले इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर टैरिफ को बड़ी मात्रा में बढ़ाने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा है और इससे भारी मुनाफा कमा रहा है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर दंडात्मक जुर्माना लगाने की भी घोषणा की थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में न सिर्फ तेल

शेष पेज 11 पर...

### अमित शाह पर टिप्पणी का मामला

## चाईबासा कोर्ट में हाजिर हुए राहुल गांधी मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा की एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मंगलवार को भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि के मामले में जमानत दे दी। राहुल गांधी न्यायिक दंडाधिकारी सुप्रिया रानी तिग्गा की अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए, जिसके बाद कोर्ट ने ट्रायल में सहयोग करने की शर्त पर उन्हें यह राहत दी। यह मामला वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में दिए गए राहुल गांधी के एक भाषण से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को "हत्यारा" कहकर संबोधित किया था। इस बयान को लेकर चाईबासा निवासी भाजपा नेता प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा था, "कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता।

शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

## नाटककार लोहा सिंह को सुनने सूनी हो जाती थीं सड़कें

रेडियो श्रृंखला की लगभग 400 कड़ियों से लोहा सिंह को जीवंत करने वाले सासाराम के प्राचार्य रामेश्वर सिंह 'कश्यप' को असली नाम से कम 'शेरलॉक होम्स' और 'जेम्स बांड' की तरह उनकी कृति के नाम से ही जाना जाता था। उनके कालजयी डायलॉग आज भी लोग दोहराए जाते हैं।1962 की भारत-चीन लड़ाई में हार के बाद देशवासियों का मनोबल ऊंचा करने के लिए रिटायर्ड फौजी लोहा सिंह जब अपनी फौजी और भोजपुरी मिश्रित हिंदी में अपनी पत्नी 'खदेरन को मदर' और अपने मित्र 'फाटक बाबा' (पाठक बाबा) को काबुल का मोर्चा की कहानी सुनाते थे, तो श्रोता कभी हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते थे तो कभी गंभीर और सावधान। कहानी सुनते समय उन्हें लगता था कि बाल विवाह, छूआछूत, धार्मिक विकृतियों पर किया जानेवाला लोहा सिंह का व्यंग्य कहीं उन्हीं पर तो नहीं ! सासाराम में प्राध्यापक डॉक्टर विजय शंकर सिन्हा बताते हैं- 'कश्यप जी निराला जी का बहुत सम्मान करते थे। उनके तथा निराला जी के बीच हुए पत्राचार को 'नीलकंठ निराला' और बाद में 'अपराजेय निराला' के नाम से काव्य रूपक में प्रकाशित किया गया। यह मगध विश्वविद्यालय में कोर्स में भी शामिल था'। मनन बाबू स्वयं एक वरिष्ठ रंगकर्मी हैं और हर वर्ष अनेक कठिनाइयों के बाद भी उन्हों ने अपराजेय निराला नाम की संस्था को ना सिर्फ जीवित रखा है, वरन हर वर्ष नाटक का मंचन भी कराते हैं। पूर्व प्राचार्य डॉक्टर गुरुचरण सिंह बताते हैं- "तब यह नाटक देशवासियों के भीतर देशप्रेम और राष्ट्रीय चेतना का भाव भरता था। उस समय रेडियो सेट भी कम हुआ करते थे। इसलिए पान दुकानवाले लाउडस्पीकर पर रेडियो के इस अद्भुत नाटक को सुनवाया करते थे। इस दौरान आवागमन थम जाता था। विद्वानों के बीच यह नाटक लोकप्रिय था। ग्रामीण और अशिक्षितों ने भी इसे सर आंखों पर बैठाया था। आलोचक डॉक्टर निशांतकेतु ने लिखा था- 'लंदन काउंटी काउंसिल, नेपाल, जोहान्सनबर्ग और मॉरीशस की सरकारों की मांग पर भारत सरकार इसके कैसेट्स भेजती रही है।'यूनेस्को ने 'रूरल ब्रॉडकास्टर' नामक अंतरराष्ट्रीय संस्था से कश्यपजी का 1960 में एक लेख प्रकशित किया था- 'अबाउट लोहा सिंह'। कश्यप जी इप्टा यानि भारतीय जन नाट्य संघ से जुड़े नाटककार, निर्देशक और अभिनेता तीनों थे। ऐसा संयोग बहुत कम होता है। बुलबुले, पंचर (बाद में बेकारी का इलाज संग्रह), बस्तियां जला दो, रॉबर्ट, आखिरी रात, कैलेंडर का चक्कर, सपना, रात की बात, अंतिम श्रृंगार, बिल्ली, चाणक्य संस्कृति का दफ्तर, स्वर्ण रेखा कायापलट, उलटफेर एवं दर्जनों उत्कृष्ट एकांकियां, कहानियां तथा निबंधों के साथ लोहा सिंह नाटक श्रृंखला में प्रमुख थे।इनका पटना, दिल्ली, वाराणसी, मुंबई, लखनऊ जैसे कला मर्मज्ञ नगरों में सफल मंचन हुआ और इन्हें पुरस्कार भी मिले। पंचर और आखिरी रात को अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान भी मिले। कश्यप जी अपनी हर रचना एक नई कलम से लिखते और उसे बक्से में रख देते थे। लगभग बीस हजार पेन उनके घर में सजाकर रखे हुए थे ! फिल्मकार प्रकाश झा फिल्म या सीरियल के लिए उनके नाटक परिवर्त्तन के साथ लेना चाहते थे, पर उसी महीने 24 अक्टूबर 1992 को अचानक उनकी मृत्यु हो गई और एक अध्याय का अंत हो गया।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



12 अगस्त जन्म दिवस

## एक नजर

### झंडोत्तोलन का समय निर्धारण को लेकर बैठक कल

**मोहम्मदगंज।** विभिन्न सरकारी-गैरसरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारण को लेकर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में बैठक बुलाई गई है। बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। इस संबंध में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने पत्र लिखकर संबंधित संस्थानों अधिकारियों और प्रधानाध्यापक को उक्त बैठक में ससमय उपस्थित होना सुनिश्चित करने की हिदायत की है। बैठक को लेकर मुख्य रूप से चिकित्सा, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति,कृषि, शिक्षा,विद्युत, सिंचाई, वन और सभी बैंक के अधिकारियों, प्रबंधकों के अलावा उको परियोजना व स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, शिशु शिक्षा मंदिर के प्रधानाध्यापक, जनसेवक और प्रखंड स्तरीय सभी पर्यवेक्षक, हल्का कर्मचारी व पंचायत सचिव को पत्र जारी कर दिया गया है। जबकि इसकी प्रतिलिपि जिला पार्षद, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया, पंसस और सांसद व विधायक प्रतिनिधि को प्रेषित करते हुए इसमें उनसे भी बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

### बाइक चोरी को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क नाग बाबा मंदिर के पास घर के बाहर खड़ी आपची मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए है। इस संबंध में भुक्तभोगी हिमांशु कुमार यादव पिता मुन्ना कुमार यादव ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में लिखा है कि मेरे पिता मुन्ना कुमार यादव के नाम से एक आपाची मोटर साईकिल जिसका रंग ग्रे कलर का है, जो रोज की भांति अपने छतरपुर रोड नाग बाबा के पास बना मकान के सामने खड़ा करता था। उसी बीच आपाची मोटरसाईकिल को खड़ा किया था, उसके बाद अपने घर के अंदर चला गया। कुछ ही देर बाद समय करीब 10 बजे रात्रि को खाना खाकर रोड पर निकला तो देखा कि मेरा आपाची मोटरसाईकिल वहां पर नहीं था। जो मोटर साईकिल नहीं मिला। म

### गोल्ड मेडलिस्ट सूरज सिंह को किया गया सम्मानित



**छतरपुर(पलामू)।** सूरज कुमार सिंह को बैचलर ऑफ फामेर्सी सत्र-2020-24 में विश्वविद्यालय में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह के शुभ अवसर पर झारखंड के वर्तमान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, और झारखंड के भूतपूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के भूतपूर्व राज्यपाल रघुवर दास के द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। इसकी सूचना मिलने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने उन्हें अपने हेल्पलाइन सेंटर में सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मानित करने वालों में वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद बिहारी और महेंद्र प्रसाद और सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद चुनमून शामिल थे। वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों ने कहा कि सूरज की उपलब्धि परिजनों और छतरपुर के युवाओं के लिए गौरव और प्रेरणा की बात है। वहीं अरविंद ने कहा कि सूरज छतरपुर के फलक पर उजाला बन कर चमके, सूरज की उपलब्धि युवाओं के लिए एक प्रेरक उपलब्धि है। सूरज का सपना है कि आने वाले दिनों में फामेर्सी में मास्टर्स और पीएचडी के छतरपुर की वे सेवा करेंग और छतरपुर में मेडिकल की सुविधाओं को आधुनिक और बेहतरीन बनाने की दिशा में काम करेंगे उनके पिता उमाशंकर सिंह, परिजन और इलकके क लोग भी अपने बेटे की उपलब्धि से बेहद खुश हैं।

# पांकी में वज्रपात से एक ही परिवार के तीन महिलाओं की मौत

## बज्रपात के समय तीनों महिला खेत में कर रहीं थी काम



घर के बाहर पड़ा शव और शोकाकुल ग्रामीण।

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड के केकरगढ़ पंचायत के ग्राम जोल्हबिघा में बुधवार की शाम खेत में धान रोपनी करने के दौरान अचानक हुई बज्रपात से एक ही परिवार के 3 महिलाओं की मौत मौके पर ही हो गई। मृतकों में दो सगी बहन ओकीदा खातून उम्र लगभग (34) वर्ष और रेशमी बीवी उम्र लगभग (35) वर्ष पिता जरीफ अंसारी दोनों ग्राम पंचायत केकरगढ़ ग्राम जोलहबीघा के रहने वाली हैं। वहीं रिश्ते में उनकी भाभी राजवी बीबी उम्र लगभग (40) वर्ष पति माशूक अंसारी ग्राम पारसवां निवासी हैं। राजवी बीबी कुछ दिन पूर्व अपने मायके जोल्हबिघा में धान रोपनी करने आई थी। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों महिलाएं खेत में धान रोपने का काम कर रही थीं। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद स्थानीय चिकित्सकों ने तीनों महिलाओं की मृत्यु होने की पुष्टि की। मामले की जानकारी पांकी थाना पुलिस एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई है, वहीं मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि निरंजन कुमार यादव ने पीड़ित के परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। खबर लिखे जाने तक फिलहाल मृतकों का शव घर में ही पड़ा हुआ है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### भारी बारिश से हैदरनगर प्रखंड के कई गांवों में तबाही

## कई परिवारों का आशियाना छीना, राहत कार्य शून्य

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में कई चरणों में हुए भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। इस दौरान कई परिवारों का आशियाना ढह गए। प्रशासनिक स्तर से राहत कार्य शून्य रहने से प्रभावित परिवारों सहित संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी है। गत 5 अगस्त की रात्रि से लगातार हो रही मूसलधार वर्षा ने हैदरनगर प्रखंड मोकहर कला सिंघना, पसियाडीह, नावाडीह व नोखीला समेत कई पंचायतों में दर्जनों कच्चे मकान धराशायी हो गए हैं। कई परिवारों के पास अब सिर छुपाने तक की छत नहीं बची है। इसमें मसीरा बीवी, पत्नी स्वर्गीय मेराज खान, निवासी मोकहर कला का मकान भारी वर्षा से पूरी तरह से ढह गया। उन्होंने बताया कि घर के अंदर रखा सारा सामान मलबे में दब गया है। अब खाने पीने और चैन से रहने में भारी परेशानी हो रही है। प्रशासन से कोई सहायता अब तक नहीं मिली है। सभी पीड़ितों ने 17 जुलाई को ही पंचायत प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी मांगे जाने पर अंचल अधिकारी संतोष कुमार को आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था। साथ ही प्रभावित परिवारों के क्षतिग्रस्त घरों के फोटोग्राफ्स एवं आधार कार्ड की प्रति भी संलग्न की गई थी। किंतु अब तक किसी अधिकारी ने उनकी स्थलीय जांच तक नहीं की। प्रभावित परिवारों में नाराजगी इस बात को लेकर है कि उनके अंचल प्रशासन की निष्क्रियता से राहत नहीं मिली है। उनका कहना है कि स्थानीय प्रशासन केवल बड़ी बड़ी बात कर उच्चाधिकारी को सच्ची करतूत को छिपाकर गुमराह करने का कार्य करते हैं। मुखिया नजमा खातून, वरिष्ठ समाजसेवी नावाजिश खान व राहत खान आदि ने बताया कि भारी वर्षा के कारण मसीरा बीवी समेत कई अन्य ग्रामीणों के आवास रहने योग्य नहीं रह गए हैं। उनके पास जीवन यापन की भी कोई संसाधन नहीं है। प्रखंड प्रशासन को मूल्यांकन कर धरातल पर तुरंत राहत कार्य शुरू करना चाहिए। अंचल अधिकारी संतोष कुमार की सूचना पर विस्तृत जानकारी लिखित में दिए जाने के बावजूद एक पखवारा बीतने पर भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली है।



बारिश के कारण गिरा हुआ।

## शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



शोकसभा में शामिल राजद परिवार।

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्य सभा सदस्य दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर हुसैनाबाद में शोक संवेदना का तांता लगा रहा। राजद परिवार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। सभी लोगों कहा कि गुरु जी के इस दुनिया से जाना राज्य ही नहीं देश स्तर पर एक अभिभावक को खोने जैसा है। हम सब उनके राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन से प्रेरणा लेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, रवि यादव, विनय सिंह यादव, अनुमंडल अध्यक्ष खुर्शीद खा, प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष समीम खां, मुखिया सुदामा यादव, विमलेश पासवान, रामलखन यादव, कृष्णा बैठा, रामजनम सिंह, विजय यादव, कामख्या नारायण सिंह, राजेश्वर यादव,मुना कुमार देव प्रमोद रजक, सुदेश्वर राम,मुंशी पासवान समेत कई लोग शामिल हुए।

## सतौवा पंचायत में जिप सदस्य की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर



नया ट्रांसफार्मर के पास खड़े ग्रामीण।

### जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनका दायित्व : संग्राम सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के सतौवा पंचायत में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। यह कार्य जिला परिषद सदस्य जय शंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह की पहल पर 6 अगस्त 2025 को पूरा किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनों से ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने और तकनीकी खराबियों के कारण बार-बार बिजली गुल हो जाती थी। इससे न केवल घरों में अंधेरा छाया रहता था, बल्कि गर्मी और बरसात के मौसम में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही थी। छात्रों की पढ़ाई पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ रहा था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह से संपर्क किया। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रक्रिया शुरू कराई। 6 अगस्त को नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के साथ ही क्षेत्र में स्थायी बिजली आपूर्ति की उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए संग्राम सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी सक्रियता से पंचायत की एक बड़ी समस्या का समाधान हुआ है। वहीं, संग्राम सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनका दायित्व है और भविष्य में भी वे जनहित के कार्यों में अग्रसर रहेंगे। नए ट्रांसफार्मर से सतौवा पंचायत के सैकड़ों परिवारों को सीधी राहत मिलेगी और बिजली आपूर्ति में स्थिरता आने की संभावना है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब बार-बार बिजली कटने की समस्या समाप्त हो जाएगी।

## मोहम्मदगंज में केंद्रीय विवि स्थापित करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग परिसर में उपयुक्त भूमि और अनुकूल वातावरण का हवाला देते हुए सामाजिक और राजनीतिक नेताओं ने केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने दिसंबर में यहां पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन को मांग पत्र भी सौंपा था। जिस पर अमल का उन्हें इंतजार है। उनका कहना है कि यहां इसके लिए पर्याप्त भूमि और अनुकूल वातावरण के रूप में प्राकृतिक सौंदर्य और पौराणिक स्थलों की भरमार है। साथ ही पर्यटक स्थल के रूप में भी अलग पहचान बन गई है। वृहदाकार खेल मैदान भी है। ऐसे में शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना परिसर में सैकड़ों एकड़ खाली पड़े परिसर में केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने के लिए आवश्यक संसाधन व वातावरण उपलब्ध हैं। स्वच्छ प्राकृतिक वातावरण के बीच सुरमई हरे भरे पहाड़ी वादियों से घिरा और कलकल करती कोयल नदी का किनारा अध्ययन के लिए उपयुक्त है। पलामू जिला मुख्यालय से करीब 60 और गढ़वा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी पर अवस्थित मोहम्मदगंज से 30 किमी पर बिहार,60 किमी पर छतीसगढ़ और 80 किमी पर उत्तरप्रदेश की सीमा लगती है। रेलवे और रोड कनेक्टिविटी के मामले में भी यह स्थान समृद्ध है। यहां केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले जाने से पलामू-गढ़वा जिलों के अलावा राज्य के सीमावर्ती बिहार राज्य के औरंगाबाद ,रोहतास और छतीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के छात्र-छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा का लाभ मिल सकता है। इससे इस इलाके का पिछड़ापन दूर होगा। विकास के पथ पर अग्रसर इस जिले से एक नया आयाम जुड़ेगा। इसे देखते हुए जिला पार्षद अंजू देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, रामजन्म राम, यूथ कांग्रेस के सोशल मीडिया स्टेट कॉडिनेटर राहुल सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दिकी, कमला देवी, प्रिया सिंह, उमेश राम, युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, शुभम कुमार सिंह, मंटू दास और पूर्व मुखिया पंचम खान व अन्य कई लोगों ने इस भूभाग पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना कराकर झारखंड के पलामू-गढ़वा जिला सहित उक्त अन्य संबंधित प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र को उच्च शिक्षा के मामले में देश के क्षितिज पर देदीप्यमान करने की मांग की है।



सिंचाई विभाग का परिसर।

### डॉ. अमीनुल हक को पत्नी शोक

**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र हैदरनगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं जन कल्याणकारी गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले डॉ. अमीनुल हक अंसारी की 56 वर्षीय बीबी आमना खातून का बुधवार की सुबह लंबी बीमारी के बाद रांची में निधन हो गया। किडनी रोग से ग्रसित आमना का इलाज दिल्ली, रांची में में लगातार होता रहा है। इनके निधन की खबर से बाजार क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। आमना खातून अपने सौम्य व्यवहार, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक सहभागिता के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन को समाज में एक अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति बताया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, शुभचिंतकों और समाजसेवियों ने गहरा शोक जताया है।

**समस्या** — दो चिकित्सक, नेत्र सहायक, बीपीएम व अकाउंटेंट का हुआ स्थानांतरण

# एक डॉक्टर के सहारे संचारित हो रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था इन दिनों चरमरा गई है। यहां पदस्थापित डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों कि पहले से भारी कमी के बावजूद 30 जुलाई को 2 एमबीबीएस डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का स्थानांतरण हो गया। जिससे स्थिति गंभीर हो गई। स्थानांतरण के बावजूद चिकित्सक के पदों समेत अन्य पदों पर कर्मी की पोस्टिंग नहीं की गई है, जिससे और अधिक स्थिति गंभीर होने की संभावना बनी हुई है।

पांकी प्रखंड की कुल आबादी लगभग 203000 के आसपास है, प्रखंड में कुल 13 डॉक्टर की आवश्यकता है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद के अलावे कोई अन्य एमबीबीएस डॉक्टर नहीं हैं। प्रखंड क्षेत्र में कुल चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावे 18 स्वास्थ्य उप केंद्र हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारसी को छोड़कर कोनवाई, आसेहार, एवं बोरोदीरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं हैं। पूर्व में पदस्थापित डॉ. किरण कुमारी और डॉक्टर मुर्मू के तबादले के बाद अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिर्फ एक डॉ महेंद्र प्रसाद हैं जो प्रभारी चिकित्सा प्रभारी भी हैं ऐसे में एक डॉक्टर को न केवल ओपीडी व इमरजेंसी देखनी होगी बल्कि उन्हें विभागीय कार्यों प्रशासनिक बैठकों मैं भी हिस्सा लेना पड़ेगा इस कारण 24 घंटे की स्वास्थ्य सेवा बनाए रखना बेहद कठिन हो गया है।

तबादले के बाद रिक्त हुए चिकित्सकों समेत अन्य पदों पर नए कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं पर भी संकट मंडरा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में एमबीबीएस चिकित्सकों की कमी को लेकर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद एवं मुखिया संघ उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार से तत्काल स्वास्थ्य केंद्र के रिक्त पदों पर तत्काल पोस्टिंग की मांग की है। इस संबंध में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महेंद्र प्रसाद ने बताया कि पूर्व में भी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी थी, प्रखंड में कुल 13 चिकित्सकों की आवश्यकता है। ऐसे में दो एमबीबीएस चिकित्सक के तबादले के बाद नए कर्मियों की तैनाती नहीं की गई ऐसे में 13 डॉक्टरों की जगह दो डॉक्टर और बिन बीपीएम के स्वास्थ्य सेवा जारी रखना बेहद कठिन हो गया है।




पांकी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र।

## न्यूज बॉक्स

### अंचलाधिकारी शंभू राम ने पदभार ग्रहण किया



**छत्तरपुर(पलामू)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अंचलाधिकारी कार्यालय में नव पदस्थापित अंचलाधिकारी शंभू राम ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व अंचलाधिकारी उपेंद्र कुमार ने बुके देकर नये अंचलाधिकारी का स्वागत किया। अंचलाधिकारी शम्भू राम ने कहा कि क्षेत्र कि जनता को कभी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। जनता का सहयोग मिलेगा तो अंचल के काम दिखेगा। मौके पर अमरकांत, सुशील कैथल, उमेश राम, मुखिया रविंद्र राम, बी के ज्योति, करमचंद मिथलेश सहित अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### डायरिया दो दर्जन से अधिक लोग बीमार

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के उंटारी रोड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरमा कला के लकड़ही टोला में डायरिया फैल गया है। यहां लगभग दो दर्जन से अधिक लोग उल्टी दस्त से परेशान है। 10 लोगों को मझिआंव उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की संक्रामक रोग नियंत्रण टीम गांव में पहुंचकर सभी का इलाज कर रही है। जानकारी देते हुए प्रमुख प्रतिनिधि अरुण वर्मा ने बताया कि पिछले चार पांच दिनों से गांव के लोग उक्त बीमारी से ग्रसित हैं। जिसकी जानकारी मिलते ही उप स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर को सूचना दिया। जिसके बाद डॉक्टरों की टीम गांव में पहुंचे और मरीजों का इलाज जारी है। जिनकी स्थिति गंभीर थी उन्हें मझिआंव उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### दिशोम गुरु को पीडीएस संघ ने दी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद।** शहर के पंच सरोवर पार्क (गईता पोखरा) परिसर में पीडीएस संघ की हुसैनाबाद इकाई के द्वारा शोक सभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित पीडीएस संघ ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर पीडीएस संघ के सदस्यों ने कहा कि गुरुजी का जाना केवल व्यक्ति की नहीं एक युग की विदाई है। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, सिद्धांत और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि आदिवासी स्मिता की लड़ाई को जिस साहस और प्रतिबद्धता के साथ गुरुजी ने लड़ा,वह इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पीडीएस संघ के मिथिलेश राम, शंभू सिंह, विजय प्रसाद मेहता, सुरज पासवान, प्रवीण चौधरी, उदय यादव,अजय भारती, उमेश पासी, लल्लू कश्यप, रविंद्र सिंह,अंजय सिंह पिन्टू गुप्ता,जितेंद्र पासवान, प्रदीप पासवान,अजय पासवान, जमील अहमद, रमेश प्रसाद आदि का नाम शामिल है।

### मल्लाह परिवार ने की पुश्तैनी पूजा-अर्चना

**मोहम्मदगंज।** भजनियां गांव के मल्लाह परिवार ने बुधवार को कोयल-काशीस्रोत संगम के पास स्थित पुराने नावघाट पर पारंपरिक और पुश्तैनी पूजा-अर्चना की। परिवार के वरिष्ठ सदस्य नरेश चौधरी ने पूजा अनुष्ठान की रस्म अदायगी पूरी की। परिवार के सदस्य और पंसस प्रतिनिधि विश्वनाथ मुन्ना चौधरी ने बताया कि सावन शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा से पहले किसी भी दिन पारंपरिक तौर पर इस पुश्तैनी अनुष्ठान को मंशा पूजा के रूप कोयल नदी तट पर किया जाता आ रहा है। जहां कभी नावघाट हुआ करता था। जब नावघाट चलता रहा था, तब की पूजा अनुष्ठान देखने लायक होती थी। तब पानी पर नाव से पारंपरिक करतब और खेल का भी प्रदर्शन किया जाता था। जिसे देखने और उसका आनंद उठाने बड़ी संख्या में अन्य लोग भी आते थे। अब न तो नाव रहा न नावघाट। मगर इसके बावजूद औपचारिक रूप से इस पुश्तैनी रस्म को निभाया जाता रहा है। जिसमें आज भी पूरा परिवार शामिल होता है। प्रचलित रूप में इसे गंगा मईया की पूजा अनुष्ठान के तौर पर जाना और माना जाता है। परिवार और बिरादरी के लिए इसे आस्था और विश्वास के साथ ही खुशी और उत्साह के प्रमुख पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पूजा अनुष्ठान को संपन्न करने में इनके अलावा प्रह्लाद, धनंजय, सोमारू,मनोज, अशोक और कमलेश चौधरी सहित अन्य कई सदस्य और महिलाओं ने हाथ बटाया।

### श्रावण मास की सभी दिन भगवान शिव का : पं. कुंडल

**हैदरनगर।** श्रावण मास के सभी दिन भगवान शिव को पूजा-पाठ, अनुष्ठान, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक के लिए समर्पित हैं। श्रावण मास की महत्ता पर एक चर्चा में वयोवृद्ध पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि इस माह के पूर्णिमा को श्री हरि और हर दोनों की अराधना व अनुष्ठान से भक्तों की सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। इस मास में कांवर से गंगाजल अभिषेक करना भी महत्वपूर्ण है। इस माह की पूर्णिमा को रक्षाबंधन त्यौहार पर भाइयों को बहनें कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर दीघार्यु की मंगल कामना करते हैं। जिसे दोनों के बीच प्यार, स्नेह, शांति वातावरण के संरक्षण में संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। वषार्काल की दूसरे मास में वर्षा की अधिक होने से नदिया, तालाब सहित पूरी धरती जल से सराबोर होती है। चारो ओर हरियाली से धरती माता हरियाली से आच्छादित और सुशोभित होती है। वहीं चारों ओर फसलें के लहलहाने से लोग प्रसन्नचित्त होते हैं। इस मास में राधा कृष्ण की झूलनोत्सव भी विभिन्न देवस्थलों मनाए जाते हैं। साथ ही इस मास की पूर्णिमा को संस्कृत दिवस की मान्यता भारत सरकार की शिक्षा मंत्रालय में सन 1969 में घोषित की है। संस्कृत भाषा को देव नागरी भाषा यथार्थ देवों की भाषा कही जाती है। जो सनातन धर्म की सभी सदग्रन्थ संस्कृत भाषा में ही लिखी गई है।

### भीमचूल्हा में कोयल नदी से जल भरी का प्रचलन बढा



**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचूल्हा स्थित पवित्र-पावन कोयल नदी से शिलापर गांव के निवासी जितेंद्र चौधरी दंपत्ति ने बुधवार को गृहप्रवेश अनुष्ठान को लेकर कलश में जल उठाया। जिससे गृहप्रवेश की रस्म अदायगी पूरी की। इसमें परिवार के अन्य कई सदस्य शामिल थे। इस रस्म अदायगी को पुरोहित ने विधिवत पूजन और मंत्रोच्चारण के साथ पूरा कराया। मौके पर भारी संख्या में परिवार के सदस्य और रिश्तेदार भी मौजूद थे। कोयल नदी में जलभरी के दौरान सभी ने मंदिरों में भगवान शिव और भीमबलि की परिक्रमा और स्तुति गान किए। इससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। इससे पहले बीते गुरुवार को भी डाली गांव निवासी अरविंद पासवान दंपत्ति ने गृहप्रवेश अनुष्ठान के लिए कलश में जल भरी की रस्म अदायगी पूरी की थी। मंदिर के सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि इस पर्यटक स्थल पर स्थित भगवान शिव और भीमबलि से मांगी मुराद पूरी होने पर दूर-दूर से पहुंचकर सनातनी लोग आस्था का प्रकटीकरण करने लगे हैं। पर्यटकीय दृष्टिकोण से भ्रमण-अवलोकन के अलावा धार्मिक अनुष्ठान और मांगलिक कार्य के साथ ही अब अन्य प्रयोजन व गृहप्रवेश अनुष्ठान को लेकर भी कोयल नदी के पावन जल को उठाने का प्रचलन बढ गया है। जिसने भगवान शिव और भीमबलि के प्रति श्रद्धालुओं की असीम आस्था व विश्वास को प्रमाणित कर दिया है।

# सरफराज हत्याकांड में प्रेमी समीर शाह गिरफ्तार

**● पत्थर से कुचलकर की गई थी हत्या, नाबालिग पत्नी भी साजिश में शामिल**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नावाबाजार थाना पुलिस ने सरफराज हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसकी नाबालिग पत्नी के प्रेमी समीर शाह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लातेहार के डिही गांव का निवासी है।

पुलिस के अनुसार, सरफराज की शादी 22 जून को नावाबाजार क्षेत्र के शिंजो गांव की नाबालिग लड़की से हुई थी। शादी से पहले ही लड़की का समीर शाह से प्रेम संबंध था और दोनों शादी करना चाहते थे। इसी कारण 31 जुलाई को सरफराज की हत्या की साजिश रची गई। जांच में पता चला कि नाबालिग पत्नी ने 26 जुलाई को समीर को 500 रुपये भेजकर मायके बुलाया। कोडरमा में मजदूर का काम करने वाला समीर 29 जुलाई को नावाबाजार पहुंचा। 31 जुलाई को उसने सरफराज को शराब पिलाकर नशे में किया और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। शव को कंडाघाटी के पिपरहवा जंगल में फेंक दिया गया।

सरफराज के लापता होने की सूचना 1 अगस्त की सुबह पत्नी के परिजनों ने पुलिस को दी। संदेह के आधार पर नाबालिग पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हुआ। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नाबालिग पत्नी को रांची सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। साथ ही, नाबालिग की शादी कराने के मामले में परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दरबार में गूंजा जनसमस्याओं का स्वर

# डीसी समीरा एस ने कहा - 15 दिन में होगा निष्पक्ष निपटारा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जनता दरबार में जिले के कोने-कोने से आए लोग अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सभी शिकायतें गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिया कि हर मामले में 15 दिनों के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई हो। पाटन के प्रभुनाथ मिस्त्री ने बर्खास्तगी के बाद जनवरी-फरवरी का वेतन रोके जाने का मामला उठाया। नवाजयपुर के निरंजन प्रसाद ने अंचलाधिकारी पर ऑनलाइन रसीद नहीं काटने की शिकायत की, वहीं सतबरवा के शिक्षक अमन कुमार गुप्ता ने विद्यालय में अनुदान गबन और शोषण के गंभीर आरोप लगाए। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल पर अवैध फीस वसूली और बिजली कनेक्शन में गड़बड़ी का आरोप बारालोटा निवासी नीरज कुमार ने लगाया। पोखराहा के मदन सिंह ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। भूमि विवाद, रास्ता रोकने, फर्जी आंगनवाड़ी चयन, अयोग्य लाभुकों को पीएम आवास, दाखिल-खारिज, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग तक—जनता दरबार में शिकायतों की लंबी सूची ने प्रशासन की चुनौतियां उजागर कर दीं।

## बाल श्रम पर डीसी का बड़ा एक्शन प्लान

# 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार देने वालों पर होगी सीधी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त समीरा एस ने साफ कहा—"बाल श्रम बर्दाश्त नहीं होगा।" उन्होंने श्रम अधीक्षक से जुलाई माह की पूरी रिपोर्ट ली और चेतावनी दी कि जो भी नियोक्ता 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखेंगे, उनके खिलाफ बाल एवं अल्पवयस्क श्रमिक अधिनियम 1986 के तहत कठोर कार्रवाई होगी। डीसी ने आदेश दिया कि पहले से मुक्त हुए बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश कर स्कूल में दाखिला सुनिश्चित किया जाए और उनका नियमित फॉलो-अप हो। ढाबे, लाइन होटल, ईंट भट्टे, गैरेज, वाशिंग सेंटर और माइंस—सभी जगह लगातार छापेमारी के निर्देश दिए गए। साथ ही असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना और भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने का आदेश भी जारी किया।

# दुकानों का किराया 15 रुपये प्रति वर्ग फुट बढ़ाने पर आपत्ति

**● डाल्टनगंज चैम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष व महासचिव ने सहायक नगर आयुक्त को सौंपा पत्र**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स डालटनगंज के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी और महासचिव सह निवर्तमान उपमहापौर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) ने बुधवार को नगर निगम मेदिनीनगर के सह नगर आयुक्त से मुलाकात कर नगर निगम के दुकानों का किराया 15 रुपये प्रति वर्ग फुट बढ़ाने पर आपत्ति जताई। इस संबंध में उन्होंने एक औपचारिक आवेदन पत्र भी सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि समाचार पत्रों और दुकानदारों से मिली जानकारी के अनुसार किराए में यह बढ़ोतरी की जा रही है, जबकि यह पूरी तरह से नियमानुकूल नहीं है। उन्होंने पत्र में लिखा कि वर्तमान में नगर निगम मेदिनीनगर में कोई निर्वाचित जनप्रतिनिधि (बोर्ड) नहीं है और न ही विभागीय स्तर पर इस संबंध में कोई आदेश जारी हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा निर्मित दुकानों को कोई विशेष सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई जाती, इसलिए किराया बढ़ाने का आधार स्पष्ट होना चाहिए। पत्र में सह नगर आयुक्त से पूछा गया कि 15 रुपये प्रति वर्ग फुट किराया बढ़ोतरी की घोषणा किस आधार पर की गई है, क्योंकि यह सीधे तौर पर जनहित से जुड़ा मामला है। निवर्तमान उपमहापौर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी मुद्दा जो आम जनता को प्रभावित करता है, उसके समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर हैं और नागरिक किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता के हित में हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# शांति विकास संघ ने धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय



**● मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा और भव्य पंडाल की होगी स्थापना**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सूदना अघोर आश्रम रोड स्थित शिव मंदिर में शांति विकास संघ की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रकाश कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव भक्तिभाव और धूमधाम से मनाया जाएगा। तैयारियों की शुरुआत करते हुए पूजा समिति का गठन किया गया। संजय गुप्ता अध्यक्ष, प्रकाश कुमार सचिव और प्रमोद गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए। सुनील राम उपाध्यक्ष, अमन कुमार सह सचिव, विनोद कुमार उप कोषाध्यक्ष चुने गए। संरक्षक मंडल में पूर्व मुखिया सत्येंद्र तिवारी, विजय तिवारी, राघव ठाकुर, धनंजय पांडेय, बबलू उपाध्याय, लक्ष्मण राम, रविन्द्र, रामप्रसाद सोनी, मुद्रिका सिंह, राजेश गुप्ता, रामचंद्र पासवान और बच्चू मिस्त्री को शामिल किया गया।

# नामांकन के लिए जीएलए कॉलेज में लगाया हेल्प डेस्क

**● दस्तावेज़ सत्यापन से लेकर तकनीकी समस्या समाधान तक छात्रों को मिल रही सुविधा**

नवीन मेल संवाददाता





**मेदिनीनगर।** सत्र 2025-29 की नामांकन प्रक्रिया के दौरान छात्रों को हो रही तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतों को देखते हुए एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) ने जीएलए कॉलेज में हेल्प डेस्क स्थापित की है।

जीएलए कॉलेज एनएसयूआई छात्र नेता सत्य प्रकाश ने बताया कि इस हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य नामांकन से संबंधित जानकारी देना, दस्तावेज सत्यापन में मदद करना, मेरिट सूची की जानकारी उपलब्ध कराना, सीट चयन प्रक्रिया में सहयोग करना और आवेदन में आ रही तकनीकी दिक्कतों का समाधान करना है।

एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने कहा कि कई छात्र पहली बार ऑनलाइन प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क जरूरी है। उन्होंने बताया कि कॉलेज स्तर के एनएसयूआई कार्यकर्ता लगातार डेस्क पर मौजूद रहकर विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं। छात्रों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें नामांकन प्रक्रिया समय पर और आसानी से पूरी करने में मदद मिल रही है। साथ ही, एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि मेरिट सूची और अन्य आवश्यक सूचनाएं समय पर जारी की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

जीएलए कॉलेज एनएसयूआई अध्यक्ष रिशु दुबे ने आश्वासन दिया कि नामांकन प्रक्रिया पूरी होने तक हेल्प डेस्क छात्रों के लिए सक्रिय रहेगी। मौके पर एनएसयूआई के कई छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एम्स पटना मारपीट मामले में आईएमए ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**● रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के समर्थन में देशव्यापी ब्लैक बैज प्रोटेस्ट**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** एम्स पटना में 30 जुलाई को शिवहर विधायक चेतन आनंद एवं उनके सुरक्षा कर्मियों द्वारा एक रेजिडेंट डॉक्टर से दुर्व्यवहार और मारपीट के विरोध में, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एमएमसीएच ने बुधवार को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

यह प्रदर्शन, रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर देशभर में आयोजित ब्लैक बैज प्रोटेस्ट का हिस्सा था। डॉक्टरों ने कोट पर काली पट्टी लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

विरोध कर रहे डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि विधायक और उनकी पत्नी डॉ. आयुषी, जो स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं, निजी हथियार के साथ अस्पताल में घुस गए और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों एवं स्टाफ के साथ मारपीट की। डॉ. आयुषी ने एक ऑर्थोपेडिक केस में जबरन हस्तक्षेप किया और इलाज शुरू कर दिया। घटना के बाद विधायक ने एम्स के डॉक्टरों पर ही एफआईआर दर्ज करवा दी।

इस दौरान शुभम सौरव, श्रुति गुप्ता, प्रेम कुमार साहा, अनंत राज, आकांक्षा तिवारी, एंजेलिना केरकेट्टा, सौम्या कुमार समेत दर्जनों डॉक्टर मौजूद रहे।

# छहमुहान पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 11 बाइक जब्त

**● बिना हेलमेट-लाइसेंस चालकों से वसूले 21,600 रुपये जुर्माना**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छहमुहान पर मंगलवार को पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई चारपहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच में 11 बाइक चालक बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के पकड़े गए। सभी बाइक को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया और कागजात जिला परिवहन कार्यालय पलामू को चालान फाइन के लिए भेजे गए। 6 अगस्त को परिवहन कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, 18 मोटरसाइकिलों पर कुल 19,450 रुपये और एक ई-रिक्शा पर 2,150 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 21,600 रुपये का चालान फाइन हुआ।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि

**● चलानी किला, शाहपुर में शोकसभा, आगामी कार्यक्रमों की हुई घोषणा**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, पलामू की ओर से बुधवार को चलानी किला, शाहपुर में शोकसभा आयोजित कर झारखंड आंदोलन के प्रणेता, दिशोम गुरु और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा ने की, जबकि संचालन राजू कुमार प्रजापति ने किया। सभा की शुरुआत में शिबू सोरेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखकर उनके योगदान को नमन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो की श्रद्धांजलि सभा और 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। 15 अगस्त को चलानी किला में ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा, जिसके दौरान राजा मेदनी राय तीरंदाज अकादमी के प्रशिक्षक और छात्र तीरंदाजी, मार्शल आर्ट, कराटे एवं अन्य खेलों का प्रदर्शन करेंगे। शोकसभा में बालकिशुन उरांव, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, प्रदीप सिन्हा, परवेज अख्तर, सुभागी देवी, शांति देवी, व्रज नंदन सिंह, मुद्रणालय सिंह, सलोनी टोपनो, बसत हेमरम, पुनिया टोपनो, मुबारक सिहानी, संतोष कुमार, संतन कुमार, सिकंदर प्रजापति समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए बताया गया कि वे वर्तमान में एम्स रांची में भर्ती हैं। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शाम को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।

## भारी बारिश से स जियों को भारी नुकसान, दाम हुए दोगुने

# ग्राहकों की थाली से सब्जियां गायब, आने वाले दिनों में और महंगाई की आशंका

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा से खेतों में खड़ी सब्जियों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। समय से पहले और निरंतर हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों की मेहनत चौपट हो गई। इसका सीधा असर मेदिनीनगर समेत जिले के बाजारों पर पड़ा है। जहां पहले 20–30 रुपये किलो बिकने वाली सब्जियां अब दोगुने दाम पर बिक रही हैं—फूलगोभी 80, पत्ता गोभी 40, करेला 60, बैंगन 80, टमाटर 60, भिंडी 60, नेनुआ 50, मूली 60 प्रति किलो और धनिया 40 प्रति 100 ग्राम में मिल रहा है। आवक कम होने से दामों में जबरदस्त उछाल आया है। सावन माह और व्रत-त्योहार के चलते लोग सब्जियों पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि फिलहाल सीमित मात्रा में ही महंगे दाम पर सब्जियां बाजार में आ रही हैं। अगर मौसम यही रहा तो कीमतें और बढ़ सकती हैं। हालांकि, स्थानीय किसानों की फसल बाजार में आने पर दाम घटने की उम्मीद है।

## गर्भवती व बुजुर्ग महिलाओं के सहारे जेवर चोरी, बच्चों की सप्लाई चेन से चल रहा था गिरोह

**मेदिनीनगर।** पलामू में सक्रिय एक संगठित महिला गिरोह भीड़-भाड़ वाले धार्मिक स्थलों और मेलों में महिलाओं के कीमती जेवरात चोरी करने के लिए गर्भवती और बुजुर्ग महिलाओं का इस्तेमाल कर रहा था। इस गिरोह ने बच्चों को भी अपने 'सप्लाई चेन' का हिस्सा बना रखा था, ताकि शक कम हो और वारदात को अंजाम देना आसान हो। हाल के दिनों में जिले के विभिन्न मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में महिलाओं के जेवरात गायब होने की कई घटनाएं सामने आई थीं। पुलिस ने जांच तेज करते हुए उत्तर प्रदेश के गाजीपुर और गोरखपुर की रहने वाली दो महिलाओं, बिहार के सासाराम की एक महिला और पलामू के जपला निवासी एक महिला को गिरफ्तार किया। इनमें से एक महिला गर्भवती है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह अलग-अलग ग्रुप में काम करता है। प्रत्येक ग्रुप में एक गर्भवती या बुजुर्ग महिला शामिल की जाती है, जो भीड़ में आसानी से घुल-मिल जाती है। कुछ बच्चे भी इनके साथ चलते हैं, जो वारदात के दौरान सामान पास कराने या बच निकलने में मदद करते हैं।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रार्थना सभा योगदान और संघर्ष को किया याद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के महान क्रांतिकारी, प्रणेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शिबू सोरेन के निधन पर बुधवार को पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय सभागार में प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की।

कांग्रेसजनों ने शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान व संघर्ष को भावपूर्ण ढंग से याद किया। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि शिबू सोरेन एक विचारधारा थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़े और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। उनके निधन से झारखंड और देश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण युग का अंत हो गया है। वे गरीब, वंचित और मेहनतकश वर्गों के सशक्त स्वर थे और आदिवासी अधिकारों के प्रबल पैरोकार थे। उनका योगदान झारखंड की राजनीति और सामाजिक न्याय के इतिहास में अमर रहेगा।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके विचार हमेशा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

प्रार्थना सभा में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शमीम अहमद, राईन ईश्वरी सिंह, विश्राम दुबे, नाफिज खान, जितेंद्र कमलापुरी, सत्येंद्र सिंह, तारकेश्वर पासवान, नसीम खान, सत्यानंद मिश्रा, तुलसी पासवान, रिजवान खान, अजय साहू, देवांग ने, गोपाल सिंह, रामानंद पांडे, हैदर खान, मिट्ठू खान, अनिल सिंह, रवींद्र कुमार, सौरभ पांडे, उमेश यादव, छोटू चंद्रवंशी, गोपाल पासवान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने झारखंड के महानायक स्वर्गीय दिशोमगुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड आंदोलन के सफल महानायक स्वर्गीय आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न मिलना चाहिए। गुरु जी ने झारखंड निर्माण में महती भूमिका निभाई है। अलग झारखंड राज्य के लिये आंदोलन से लेकर दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक समुदाय को न्याय दिलाने के लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया है। अलग राज्य गठन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है ।सर्वोच्च सदन संसद में पुरजोर आवाज बुलंद कर राज्यवासियों के लिये दिन रात एक कर झारखंड राज्य दिलाया। गुरुजी व्यक्तित्व के धनी थे, झारखंड की आवाज थे। उनके दुनिया छोड़कर चले जाने से झारखंड राज्य को अपूर्णीय क्षति हुआ है जिसकी भरपाई संभव नही है।

### जल-जमाव से जन जीवन अस्त- व्यस्त

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड- तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड 3 के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण किये जाने के बाद भी सड़क पर जल-जमाव हो गया है। अभी वर्तमान में आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से लोगों का आवागमन चालू किया गया है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड तीन के अलावा दो वार्ड विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड अनुमंडल रोड सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है ।इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जीयों की फसल बर्बाद हो गई है ।जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है ।पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो व तीन के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस को कई बार सड़क पर जल जमाव की जानकारी दी थी, परंतु इसके बावजूद सड़क की स्थिति जस की तस रह गई हैं।

# डंडई में सैकड़ों एकड़ जंगल की जमीन पर लोग कर रहे हैं खेती, विभाग चुप

### अंचलाधिकारी ने कहा- यदि सरकार की जमीन को कब्जा कर उस पर खेती किया जा रहा तो संबंधित लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** थाना क्षेत्र के डंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक सरकार की सैकड़ों एकड़ जंगल झाड़ी जमीन पर अवैध तरीके से जोत कोड़ कर कब्जा किया जा रहा है और सरकार के कर्मी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं मौन साधे हुए हैं। जिससे प्रतिदिन सरकार की जंगल झाड़ी जमीन का अतिक्रमण हो रहा है और उस पर विभिन्न तरह के फसल लगा दिया जा रहा है। जिससे जंगल झाड़ी जमीन का अस्तित्व समाप्त होने के कगार पर है। वहीं मवेशियों के लिए जंगल झाड़ी चारागाह का क्षेत्रफल सिमटता हुआ प्रतीत हो रहा है। पशुओं को चराने के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार डंडई गांव में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप चार दिन पूर्व कुछ व्यक्ति 82 डिसमिल जमीन को लेकर झगड़ गए और मारपीट पर उतारू हो गए। बताया जा रहा है कि एक पक्ष के लोग कई वर्षों से जंगल झाड़ी जमीन पर तिल की खेती सहित अन्य प्रकार की खेती करते आ रहे थे, परंतु अन्य लोग उक्त प्लाट की जमीन को अपना बातकर लगाए गए खेती को ट्रैक्टर से नष्ट करवा दिया गया। और उस भूमि को कब्जा कर लिया गया। जिससे दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया हैं। एक पक्ष के व्यक्ति अरशद अंसारी ने बताया कि खाता 10 प्लॉट नंबर 674 रकबा 82 डिसमिल गैरमजरुआ जमीन पर हम लोगों का कई वर्षों से कब्जा है। परंतु जमीन का बंदोबस्त नहीं हुआ है। जिस पर हम लोग वर्षों से खेती बाड़ी करते आ रहे हैं। इस वर्ष तिल का खेती लगाए हुए थे। उसने बताया कि मेरे खेत में लगा हुआ तिल की खेती को गांव के ही अब्दुल मजीद अंसारी वगैरह के द्वारा ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट का दिया गया और जमीन को अपना बता कर कब्जा कर लिया।

मामले को लेकर राजस्व कर्मचारी इंदेश्वर बैठा ने कहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप अधिकतर जमीन जंगल झाड़ी की जमीन है जो सरकार की है। यदि लोग कब्जा कर उस पर खेती-बाड़ी कर रहे हैं तो गलत हैं। उसकी जांच की जाएगी। वहीं प्रभारी अंचलाधिकारी देवलाल करमाली ने कहा स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। यदि सरकार की जमीन को कब्जा किया जा रहा है और उस पर खेती किया जा रहा है तो संबंधित लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई होगी।



जंगल की जमीन कब्जा कर खेती करते लोग।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड आंदोलनकारियों ने दी गुरु जी को श्रद्धांजलि



श्री बंशीधर नगर। झारखंड आंदोलन के प्रणेता, समाजिक न्याय के मसीहा झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एंव राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर झारखंड आंदोलनकारियों ने स्थानीय डाकबंगला में शोक सभा का आयोजन किया। शोकसभा में उपस्थित झारखड आंदोलनकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक सभा में शोक व्यक्त करते हुए निर्मल पासवान ने कहा कि गुरुजी आदिवासी, गरीबों, दलितों की आवाज थे। झारखंड आंदोलनकारी सजंय कुमार सिंह ने कहा की बाबा जल, जंगल, जमीन व झारखंडी संस्कृति के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे गुरु जी एक योद्धा की तरह लड़े। गुरुजी के कारण अलग झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। शोक सभा में झारखंड आंदोलनकारी निर्मल पासवान, सजंय कुमार सिंह, बिनय ठाकुर, मदन सिंह, बैजनाथ सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, सीता राम पासवान, अमरेंद्र दास, अजय सिंह, देवेंद्र चौबे, उपेंद्र सिंह, बिपिन सिंह, रामकिशोर, भरदुल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में आंदोलन कारी उपस्थित थे।

### गुलाब इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शोक सभा



**केतार।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर बुधवार को गुलाब इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शोक सभा आयोजित की गई। विद्यालय परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विद्यालय के डायरेक्टर छोटन सिंह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को झारखंड का जन्मदाता बताते हुए कहा कि वे केवल राजनेता नहीं बल्कि आदिवासी समाज के सशक्त आवाज थे। उन्होंने आजीवन समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। शिबू सोरेन का जीवन संघर्षों की मिसाल है, उन्होंने हमें सिखाया कि न्याय की राह कठिन हो सकती है पर सत्य के साथ खड़े रहना ही सच्ची शिक्षा है।इस दौरान शिक्षक एवं छात्रों ने संघर्षपूर्ण जीवन, आदर्शों और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। शोक सभा में विद्यालय के सभी शिक्षक कुणाल गोराई, रूवान मंडल, सिद्धार्थ सिंह, आस्था सिंह, मनीष कुमार, आशा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मेराल : अरहर बीज गबन करने के मामले ने पकड़ा तुल

## पैक्स अध्यक्ष व जनसेवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** ओखरगड़ा पश्चिमी पंचायत के मुखिया मनरावती देवी उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने बुधवार को ग्रामीणों के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंच सीओ सह बीडीओ यशवंत नायक को 96 किलो अरहर बीज (दो बोरी) गबन करने के मामले में जनसेवक कुणाल गौरव एवं पैक्स अध्यक्ष दिवाकर यादव के विरुद्ध कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन दिया है। इसका प्रतिलिपि गढ़वा डीसी, एसडीम सहकारिता पदाधिकारी गढ़वा और थाना प्रभारी मेराल को दिया गया है। आवेदन में जनसेवक द्वारा उपप्रमुख, एवं ग्रामीणों को सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में जेल भेजवाने की धमकी दिया जा रहा है। आवेदन देने वालों में बीडीसी खुर्शीद आलम, कंचन पाण्डेय, उदय कुमार चंद्रवंशी, भागिरथी चंद्रवंशी, खुर्शीद खां, शंकर प्रसाद चंद्रवंशी, सत्यप्रकाश, देवचरण राम, जोखू अंसारी, सोनू विश्वकर्मा, मुन्ना कुमार गुप्ता, सहित कई लोगों का नाम शामिल है। इस संबंध में अंचलाधिकारी जसवंत नायक ने बताया कि मंगलवार को इस संबंध में सूचना मांगने पर जनसेवक द्वारा किसान मित्र उदय कुमार चंद्रवंशी को दोषी बताया था। जबकि बुधवार को जनसेवक द्वारा पैक्स अध्यक्ष को दोषी बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका जांच करा लिया गया है। जल्द ही दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए वरिय पदाधिकारी को लिखा जाएगा।



किसानों के साथ मुखिया, उप प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि।

## मिलावटी मिठाई को लेकर होटलों का निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** बुधवार को सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय और थाना प्रभारी आकाश कुमार ने रमना बाजार का निरीक्षण कर मिठाई दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी, कि नकली या रासायनिक युक्त मिठाई बेचते पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य पदार्थ अधिनियम के धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्थानीय लोगों से अपील की है, कि वे सजग रहें और किसी भी संदेहास्पद खाद्य सामग्री की विक्री कि सूचना प्रशासन को दें।

रक्षाबंधन पर्व के पूर्व मिलावटी मिठाई के विरुद्ध प्रशासन की सख्त रवैये को लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए सराहनीय कदम कि चर्चा चौक-चौराहे पर हो रही है।

### बारिश में घर गिरने से किसान परेशान, मदद की लगायी गुहार



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में रूक-रूक हो रही लगातार बारिश से केतार निवासी निर्मला देवी, पति छटाकी राम का मिट्टी का खपरैल घर का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया है। घर ध्वस्त होने से उनका परिवार बेघर हो गया है।छटाकी राम ने बताया कि खाने-पीने की समाग्री सहित अन्य आवश्यक सामग्री मिट्टी से दब कर नष्ट हो गया है। निर्मला देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया।

### प्रखंड कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

## सीओ विमल सिंह ने पदभार ग्रहण किया

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मिटिंग हॉल मे निवर्तमान अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी की विदाई और नए अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह का अभिनंदन सह स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान नए अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह को निवर्तमान अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने अंचल कार्यालय में विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें अंचल अधिकारी का संपूर्ण प्रभार सौप दिया। इस दौरान सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, इसलाम खान, साबिर अंसारी सहित अन्य लोगों ने दोनो अधिकारियों को बुके देकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें निवर्तमान अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने धुरकी मे बतौर बीडीओ सीओ दो वर्षों तक कार्य किया और अपनी कार्यकुशलता व कार्यप्रणाली से प्रखंड के लोगो के दिलों मे अपनी जगह भी बनाई। उनका अंचल अधिकारी के पद से प्रोन्नती हुआ और अभी वह वर्तमान में पूर्वी सिंभूम (जमशेदपुर) में जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी के रूप में स्थानांतरण हो गया है। वहीं नए अंचल अधिकारी विमल कुमार सिंह भी राजस्व उपनिरीक्षक से अंचल निरीक्षक बनने के बाद उनका प्रोन्नती अंचल अधिकारी के पद पर किया गया है। वह मूल रूप से पलामू जिले के निवासी हैं और धुरकी अंचल से पहले रामगढ़ जिले के मांडू के अंचल अधिकारी थे। प्रभार लेने के बाद नए अंचल अधिकारी ने कहा कि प्रखंड के लोगों को जमीन से संबंधित किसी भी काम के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, अंचल कार्यालय मे ग्रामीण सीधे उनसे मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं। अंचल अधिकारी ने कहा की पुर्व के अधिकारी ने जिस तरह से लोगो का काम किया उसी तरह आगे भी वह कार्य किया जाएगा।



पदभार ग्रहण करते नए सीओ।


## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

### वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का **Status "Pending at College"** अथवा **"Pending at DNO Officer"** है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेंडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर **College Level** से **Pending** होने पर दिनांक 12 अगस्त 2025 तक एवं **DNO Level** से **Pending** होने पर दिनांक 20 अगस्त 2025 तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए अपने आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सक्रिय (Active) करा लें। चूंकि पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

**INO Level** से Verification की अंतिम तिथि 12 अगस्त 2025 एवं **DNO Level** से Verification की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 तक निर्धारित है, इसलिए छात्र/छात्राओं को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि के पूर्व अपना Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को ई–कल्याण पोर्टल पर अपलोड/सुधार आवश्यक रूप से कर लिया जाय। उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल को विभाग द्वारा बंद कर दिया जायेगा, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईल न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) से प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR 359009 Lohardaga(25-26)D


## सड़क विहीन बैतरी गांव के लोग बरसात में परेशान



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के ग्राम पंचायत सिसरी अंतर्गत ग्राम बैतरी वार्ड संख्या 9 में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। कीचड़ व पानी से भरे रास्ते से होकर लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। खासकर बीमार लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में अब तक कोई पक्की सड़क नहीं बनी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। गांव के लोगों ने बताया कि बरसात में किसी मरीज को अस्पताल ले जाना सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। गाड़ी नहीं जा सकती और लोगों को कंधों पर उठाकर कीचड़ भरे रास्तों से ले जाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एकत्र होकर आवाज उठाई और प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

बैठक में शंकर राम, भरदुल राम, उमेश पाल, सुनरबासी देवी, प्रवेश राम, विनिता देवी, इन्द्रावती देवी, पुनम कुमारी, लवकुश कुमार, धर्मदेव पाल, विष्णुदेव पाल समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन शीघ्र संज्ञान ले और गांव तक पक्की सड़क का निर्माण कराए ताकि आने-जाने की समस्या से मुक्ति मिल सके।


## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।
–:पशुपालकों हेतु आम सूचना:–

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा हजारीबाग में पशुपालकों के ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि हेतु पशुपालन के नये तकनीकों के पशुपालकों के समक्ष प्रसार हेतु बकरी पालन, सूकर पालन एवं कुक्कुट पालन विषयों पर दिनांक 18.08.2025 से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण की समय सारणी –

| क्रं0 सं0 | दिनांक | बकरी पालन | सूकर पालन | कुक्कुट पालन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 18.08.2025 से 22.08.2025 | – | – | 30 |
| 02. | 15.09.2025 से 19.09.2025 | – | 15 | – |
| 03. | 13.10.2025 से 17.10.2025 | 30 | – | – |
| 04. | 17.11.2025 से 21.11.2025 | – | – | 40 |
| 05. | 08.12.2025 से 12.12.2025 | – | 20 | – |
| 06. | 29.12.2025 से 02.01.2025 | 40 | – | – |
| 07. | 19.01.2026 से 23.01.2026 | – | – | 30 |
| 08. | 09.02.2026 से 13.02.2026 | – | 15 | – |
| 09. | 02.03.2026 से 06.03.2026 | 30 | – | – |
| | कुल लक्ष्य | 100 | 50 | 100 |

पाँच दिवसीय आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण की योजना –

- प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक से प्राप्त किया जा सकता है।
- निदेशक, पशुपालन के निर्देशानुसार विभागीय योजनाओं में चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण कराया जाना है।
- प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस को पूर्वाहन 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। अपराहन 01:00 बजे के बादर किसी भी परिस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन नहीं किया जाएगा।
- प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सत्र के पाँचवें दिवस को अपराहन् 03:00 बजे प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रमाण पपत्र एवं पारितोषिक के साथ विदाई की जाएगी।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने–खाने की पूरी व्यवस्था पशुपालन विद्यालय परिसर में ही उपलब्ध है, जिसके लिए पशुपालकों को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रू0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रतिदिन की दर से पाँच दिनों के लिए कुल रू0 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) प्रशिक्षण भत्ता प्रशिक्षण समाप्ति पर उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से स्थानान्तरित कर दिया जाएगा।
- आवेदक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्व–अभिप्रमाणित सुस्पष्ट छायाप्रति दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 358946 District (25-26)D



## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(नजारत शाखा)

### अति अल्पकालीन–निविदा

| | |
|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का पदनाम | उपायुक्त, पलामू |
| 2. RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.08.2025 01:00 अपराह्न |
| 3. RFP जमा करने का स्थान | जिला नजारत शाखा, पलामू |
| 4. RFP खोलने का स्थान | समाहरणालय ए–ब्लॉक मीटिंग हॉल |
| 5. RFP खोलने का तिथि एवं समय | 14.08.2025 03:00 अपराह्न |

पलामू जिला/प्रमण्डलीय मुख्यालय अन्तर्गत 15 अगस्त/26 जनवरी/ विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा समारोह का समय–समय पर किया जाता है। इसके आयोजन हेतु आवश्यक सामग्रियों का आपूर्ति करना एवं टेन्ट, अल्पाहार एवं अन्य व्यवस्था करने के निमित दर निर्धारण करने हेतु इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान से दिनांक–14.08.2025 को 01:00 बजे तक निम्नांकित शर्तों के अधीन अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/प्रतिष्ठान जिला नजारत शाखा, पलामू समाहरणालय परिसर ब्लॉक–ए में अपनी निविदा जमा कर सकते हैं।

1. उपरोक्त सामग्रियों की आपूर्ति करने एवं आवश्यक व्यवस्था करने हेतु इच्छुक फर्म/संस्थान निविदा के साथ निविदा शुल्क के रूप में 1000/– (एक हजार) रू0 का बैंक ड्रॉफ्ट (असफल संस्थान को Refundable) समर्पित करना होगा, जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय होगा।
2. इच्छुक फर्म/संस्थान को Earnest Money Deposit (EDM) के रूप में 50,000/– रू0 का डिमांड ड्रॉफ्ट (उपायुक्त, पलामू के पदनाम से देय) संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो असफल संस्थान को वापस कर दिया जायेगा।
3. इच्छुक फर्म/संस्थान के पास झारखण्ड राज्य में निबंधित GST No एवं पैन कार्ड होना अनिवार्य है।
4. फर्म/प्रतिष्ठान के काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (issued by Executive Magistrate) संलग्न करना होगा।
5. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन GST Return (GSTR 3B) एवं अद्यतन आयकर रिर्टन (विगत तीन वर्षों का) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. सफल निविदादाता को 15 अगस्त, 2025 समारोह में इस कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गए आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति एवं सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का परिवहन भत्ता इस कार्यालय द्वारा देय नहीं होगा।
7. असफल फर्म/संस्थान को निर्गत कार्यादेश की तिथि से 07 दिनों के अंदर सामग्रियों का आपूर्ति पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
8. इच्छुक फर्म/संस्थान को Technical Proposal एवं Financial Proposal अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करना होगा।
9. तकनीकी प्रस्ताव में सफल संस्थान का ही वित्तीय प्रस्ताव खोला जायेगा, न्यूनतम निर्वाचन दर पर मान्य होगा।
10. RFP की स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने एवं किसी भी शर्त्त को शिथिल करने का अधिकार उपायुक्त, पलामू को सुरक्षित होगा।
11. भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस दर के अनुरूप सामान का क्रय/भुगतान किया जायेगा।

PR 359030 (Palamu) 25-26 (D)

उपायुक्त, पलामू।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा मंडल की बैठक



- 13 अगस्त को चंदवा में निकलेगी तिरंगा यात्रा, 5000 तिरंगे बांटे जाएंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** हर घर तिरंगा अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में भाजपा मंडल कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष विजय दुबे ने और संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अभियान के जिला सहसंयोजक राजेंद्र यादव ने बताया कि 10 से 15 अगस्त तक प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। चंदवा मंडल को 5000 तिरंगे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें सभी पंचायत और बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं की मदद से घर-घर पहुंचाया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। यात्रा में सभी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी राजकुमार पाठक, देव मोहन सिंह, शिवकेश्वर यादव, राजेश गंझु, मनीष गुप्ता, सुरेश यादव, आदर्श रवि राज, दुर्गा ठाकुर, सुनील मुंडा, सूर्य नारायण साहू समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### समदा आहर बांध टूटा, किसानों की फसल संकट में

# सड़क पर भी नाले जैसे हालात, ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत में हुई भारी बारिश से समदा आहर बांध टूट गया, जिससे लगभग 50 एकड़ में धान की फसल प्रभावित हुई है। किसान अरुण सिंह ने बताया कि बांध का वर्षों से मरम्मत कार्य नहीं हुआ था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पानी का स्रोत खत्म होने से सिंचाई रुक गई है और आने वाली फसल पर भी असर पड़ सकता है। बांध टूटने से मुख्य सड़क भी कटकर नाले जैसी हो गई, जिससे आवागमन बाधित है। ग्रामीणों ने खुद बिजली के खंभे रखकर रास्ता बनाने की कोशिश की, लेकिन कई लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके हैं। प्रशासन की चुप्पी से लोगों में नाराजगी है।

## बारिश में ढहा मकान, विधायक प्रतिनिधि ने लिया जायजा

**चंदवा।** प्रखंड के सुरली गांव में लगातार हो रही बारिश से साबिर अंसारी पिता बितन अंसारी का कच्चा मकान ढह गया, जिससे परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि विजय दुबे और सुरेश यादव मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष मानसून की शुरुआत से अब तक दर्जनों गरीब परिवारों के घर ध्वस्त हो चुके हैं, वहीं कई गांवों में पुल-पुलिया और पहुंच पथ भी बारिश में बह गए हैं।

## महुआडांड़ डीलर संघ की बैठक, बकाया कमीशन भुगतान की मांग

**महुआडांड़ (लातेहार)।** पुराने अंचल भवन सभागार में बुधवार को डीलर संघ की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रोहित कुमार ने की। बैठक में डीलरों ने विभाग से डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था लागू करने, ई-पॉस मशीन व तराजू की मरम्मत सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने और लंबित कमीशन भुगतान जल्द करने की मांग की। संघ का कहना है कि डोर स्टेप डिलीवरी लागू होने से लाभुकों को समय पर खाद्यान्न मिलेगा और पारदर्शिता बनी रहेगी। साथ ही लंबे समय से लंबित कमीशन भुगतान न होने से डीलरों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। डीलरों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन पर उतरेंगे। बैठक में रामदत प्रसाद, मंगल सोनी, कमेश सोनी समेत कई डीलर मौजूद रहे।

## वन पट्टा वितरण में तेजी लाने की मांग

**चंदवा।** ग्राम सभा मंच ने अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यक्तिगत और सामुदायिक वन पट्टा मामलों का निष्पादन 9 अगस्त आदिवासी दिवस से पहले करने की मांग की। मंच ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत दावा पत्र भरे जाने के बावजूद विभागीय लापरवाही से अब तक निस्तारण नहीं हुआ है। पिछले वर्ष भी देरी के कारण ग्रामीण वंचित रह गए थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी कार्रवाई में लापरवाही हुई तो वे आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में फूलचंद गंझू, प्रमोद गंझू, सुधीर मुंडा, रवि गंझू समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## गोलीबारी कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के हड़गड़वा स्थित क्रशर प्लांट और एक ईंट भट्ठा में बीते 4 अप्रैल की रात लेवी उगाही और दहशत फैलाने के उद्देश्य से पीएलएफआई उग्रवादियों ने गोलीबारी की थी। घटना स्थल पर संगठन की ओर से पर्चा भी छोड़ा गया था। इस मामले में नामजद आरोपी विकास राम (पिता शंकर राम, निवासी चांन्हो, चोरीया) को चंदवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि कांड संख्या 74/25 में आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज थी और वह कई दिनों से फरार था। इससे पहले घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

# न्यूज बॉक्स

## स्कूली बच्चों को मिली साइकिल की सौगात

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड कार्यालय परिसर में कल्याण विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने स्वयं बच्चों को साइकिल सौंपी और उन्हें नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और ड्रॉपआउट दर कम करना है। सरकार की यह पहल बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाएगी और उन्हें अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में मदद करेगी।

## बालूमाथ में हाथियों का आतंक, मजदूर का घर तोड़ा

**बालूमाथ (लातेहार)।** मंगलवार रात बालूमाथ प्रखंड के जरी गांव में 10–12 जंगली हाथियों ने मजदूर किसान परमेश्वर गंझू का घर तोड़ दिया और अंदर रखा अनाज व सामान तहस-नहस कर दिया। इस घटना से परिवार बरसात में बेघर हो गया और लाखों रुपये का नुकसान हुआ। सूचना पाकर स्थानीय मुखिया और समाजसेवी पहुंचे तथा मुआवजा और हाथियों को जंगल में खदेड़ने की मांग की। बालूमाथ रेंजर नंदकुमार महतो ने कहा कि विभाग मुआवजा नियम के तहत देगा और ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी।

## मनिका के कोपे में मजदूर का घर ढहा, दूसरे के घर में शरण

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के कोपे गांव निवासी पूनम देवी पत्नी संतोष राम का घर लगातार बारिश से ध्वस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी मौके पर पहुंचीं और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत पूनम देवी को सहायता राशि दिलाई जाएगी। फिलहाल परिवार पड़ोसी के घर में रह रहा है।

## सीएचसी चंदवा में दिव्यांगता शिविर, 36 ने किया आवेदन

**चंदवा।** जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए कुल 36 दिव्यांगजनो ने प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया। शिविर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. श्रवण कुमार महतो, डॉ. पवन कुमार और डॉ. तरुण जोश लकड़ा की देखरेख में चिकित्सकीय जांच की गई। इसके बाद ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर अगली कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया। शिविर को सफल बनाने में बीपीएम अमित कुमार सिंह, विनीता देवी, कृष्णकांत कुमार, प्रवीण कुमार भोला, सुमित कुमार, प्रभु कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रही।

## पीएम ग्रामीण सड़क योजना की सड़क 4 साल बाद भी अधूरी, ग्रामीणों में नाराजगी

**महुआडांड़।** अक्सी पंचायत के बंदुआ से गोयरा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 32 लाख की लागत से सड़क और पुल का निर्माण 4 साल से चल रहा है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हुआ। पुल का निर्माण तो हुआ, लेकिन एप्रोच अधूरा है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक ए के एंड आर के वेंचर्स ने घटिया सरिया और सामग्री का उपयोग किया। कई किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन मुआवजा तय किए बिना ही काम शुरू हुआ। एक साल से काम पूरी तरह बंद है। ग्रामीणों ने विभाग से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## फरार आरोपी आदेश गंझू के घर कुर्की-जब्ती

**बारियातू।** स्थानीय और बालूमाथ पुलिस ने संयुक्त रूप से फरार आरोपी आदेश गंझू के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। आदेश गंझू, निवासी होन्हे, थाना टंडवा, जिला चतरा, पर बीएनएस की कई धाराओं, आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। थाना प्रभारी रंजन पासवान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 11 जून 2024 को मामला दर्ज हुआ था। इश्तेहार जारी होने और दीवारों पर चस्पा करने के बाद भी वह कोर्ट में आत्मसमर्पण नहीं कर रहा था। मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर टीम ने कार्रवाई की।

## फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा और छतरपुर पुलिस ने बुधवार को कांड संख्या 168/22 में फरार चल रहे अभियुक्त हरिवंश जी उर्फ उज्ज्वल जी, उर्फ विनय गंझू के घर पर न्यायालय के निर्देशानुसार इश्तेहार चिपकाया। अभियुक्त कुंदा थाना क्षेत्र के लुपुगढ़ा गांव का निवासी है और उस पर आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 341, 342, 325, 353, 307, 452, 504, 506 के साथ 17 सीएलए एक्ट के तहत गंभीर मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लंबे समय से फरार है और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिपता रहा है। पुलिस टीम ने घर के मुख्य द्वार पर इश्तेहार चिपकाकर स्पष्ट चेतावनी दी कि वह शीघ्र न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करे, अन्यथा आगे की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छतरपुर थाना की टीम का कहना है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है और जल्द ही उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

## बालूमाथ के नव पदस्थापित अंचल अधिकारी बालेश्वर राम ने संभाला कार्यभार



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ अंचल अधिकारी के रूप में नव पदस्थापित बालेश्वर राम ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने अंचल कार्यालय में निवर्तमान सीओ विजय कुमार से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद बालेश्वर राम ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता लंबित जमीन मामलों के त्वरित निष्पादन की होगी। उन्होंने अंचल क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को बेझिझक कार्यालय में रखें, ताकि नियम संगत तरीके से शीघ्र समाधान किया जा सके। इस अवसर पर अंचल निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार, जगन्नाथ प्रसाद, भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता, सुनील पांडेय, आनंद कुमार साव सहित अन्य लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं, स्थानांतरित सीओ विजय कुमार को माला पहनाकर विदाई दी गई। मौके पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी बौधा कुम्हार के सम्मान में तेज हुई मांग

- 15 अगस्त से पहले शिलापट्ट स्थानांतरण और मूर्ति निर्माण का बीडीओ ने दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** देश की आज़ादी में योगदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानी बौधा कुम्हार के सम्मान में प्रजापति समाज की भावनाएं उबाल पर हैं। इटखोरी प्रखंड के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में वर्षों पूर्व स्थापित उनके शिलापट्ट को अब नए प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थानांतरित करने की मांग तेज हो गई है। बुधवार को इटखोरी प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रजापति के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ सोमनाथ बांकिरा को ज्ञापन सौंपा। इसमें बौधा कुम्हार के शिलापट्ट को सम्मानपूर्वक नए परिसर में स्थापित करने और उनकी एक भव्य प्रतिमा निर्माण की मांग रखी गई। ज्ञापन मिलने के बाद बीडीओ ने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया और आश्वासन दिया कि 15 अगस्त 2025 से पहले शिलापट्ट स्थानांतरित कर दिया जाएगा। इससे समाज में नई उम्मीद जगी है। इस मौके पर उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, रूपेश प्रजापति, दिलीप प्रजापति, बिमल प्रजापति, सलेंद्र प्रजापति, कैलाश प्रजापति, दामोदर प्रजापति, मनोज प्रजापति, संतोष प्रजापति, कामदेव प्रजापति, कुलदीप प्रजापति समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर बाजार में रौनक, पांच से 500 रुपये तक राखियां उपलब्ध

**लातेहार।** रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को है और इसे लेकर लातेहार बाजार में रौनक चरम पर है। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर खरीदारी करने वालों की भीड़ देखी जा रही है। बहनें बाहर रहने वाले भाइयों के लिए राखी खरीदकर भेज रही हैं। बाजार में स्टोन, जरकन, मेटल, कलावा, रुद्राक्ष वाली राखियों के साथ बच्चों के लिए पॉकेमॉन, बडा भीम, शिवा, टेडी और पावजी जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की मांग बढ़ी है। इस बार कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20% बढ़ी हैं। थोक में राखियां 5 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक बिक रही हैं। शहीद चौक के दुल्हन श्रृंगार स्टोर के विक्रेता दीपक कुमार ने बताया कि राखियां दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और राजकोट से मंगाई जाती हैं। पंडित दिलीप शुक्ला के अनुसार, 9 अगस्त को सुबह से दोपहर 1 बजे तक का समय राखी बांधने का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त है, हालांकि पूरे दिन यह पर्व मनाया जा सकता है।

## बौधाडीह पंचायत सचिवालय में चोरी

**कुंदा (चतरा)।** बौधाडीह पंचायत सचिवालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कुर्सी और अन्य सामान चुरा ले गए। बुधवार सुबह मुखिया अनीता देवी जब कार्यालय पहुंचीं तो दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा था। उन्होंने कुंदा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की।

### हेरहंज में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका चयन के लिए आमसभा

# आपत्ति के साथ वरीयता सूची जिला को भेजी गई परहिया टोला में सहायिका का निर्विरोध चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**हेरहंज।** बाल विकास परियोजना कार्यालय बालूमाथ के अंतर्गत हेरहंज यादव टोला आंगनबाड़ी केंद्र भवन में बुधवार को सेविका चयन के लिए आमसभा आयोजित हुई। पिछड़ा वर्ग 2 के लिए आरक्षित पद पर आठ आवेदनों में से तीन को पात्रता मानकों के कारण निरस्त कर दिया गया। वरीयता सूची में नीलम कुमारी को 30 अंक, आरती कुमारी को 29 अंक मिले। आरती कुमारी ने नीलम कुमारी पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सहायिका पद के लिए तीन आवेदन आए, जबकि परहिया टोला केंद्र में सहायिका पद पर बसंती देवी का निर्विरोध चयन हुआ। कार्यक्रम में सीडीपीओ सोमा उरांव, बीडीओ सह सीओ अमित कुमार, मुखिया प्रीति कुजूर, पर्यवेक्षिका ममता मासूम सहित पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टेम्पो से गिरी नर्सिंग छात्रा, हालत गंभीर

**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बोरसीदाग के पास बुधवार को टेम्पो गड्ढे में असंतुलित हो गया, जिससे उसमें बैठी नर्सिंग छात्रा अनिता कुमारी (पति अनिल ठाकुर, देवी मंडप, चंदवा) सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी चंदवा लाया गया, जहां डॉ. तरुण जोश लकड़ा और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर सिर की चोट के कारण रिम्स रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनिता अविराम कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी से क्लास खत्म कर घर लौट रही थी, तभी हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया।

## झारखंड आंदोलन के जननायक शिबू सोरेन के निधन पर हेरहंज में शोक

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर है। हेरहंकज प्रखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सह जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष जायसवाल ने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड आंदोलन के सच्चे जननायक थे। उनका जीवन संघर्ष और समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने हमेशा राज्य की जनता की आवाज को बुलंद किया और अपने समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनका निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक व्यक्त करने वालों में रंजीत जायसवाल, संतोष यादव, अजय सिंह, कैलाश कुमार ठाकुर, कन्हाई साव, मुरली प्रसाद, रतनलाल जायसवाल, श्यामलाल गोस्वामी, रंजन प्रसाद, विजय गुप्ता, देवनन्दन प्रसाद साहू, महेंद्र प्रसाद, उपेन्द्र प्रसाद, गुड्डू वर्मा, अनिल उरांव, बुलबुल जायसवाल, संतोष जायसवाल, गोपाल जायसवाल, बिनोद ठाकुर, राजु ठाकुर, ओम जायसवाल, परमेश्वर विश्वकर्मा, हिमांशु रंजन समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### मनिका के कोपे में सड़क पर धान रोपकर विरोध

# ग्रामीणों का आरोप, सड़क निर्माण में हो रही देरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** मनिका प्रखंड के कोपे गांव में जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर धान रोपकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है, जबकि मनिका विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि सड़क का टेंडर हो चुका है, लेकिन ठेकेदार निर्माण में देरी कर रहा है। प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी ने कहा कि कई वर्षों से सड़क की स्थिति खराब है और लोगों को गंभीर परेशानी हो रही है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,लातेहार

### अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला के लातेहार थाना हेतु लोहा रैक क्रय करने की आवश्यकता है, जिसकी निविदा सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लातेहार के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो निम्न है :–

| क्र0स0 | समानों का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | स्टील रैक (5प्लेट) 6'X3'X12" | प्रति पीस |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–18/08/2025 तक अपना निविदा उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, लातेहार मे 11:00 बजे तक सील बंद लिफाफा मे समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–18/08/2025 को समय 12:00 बजे निविदादाता के समक्ष रक्षित कार्यालय, पुलिस केन्द्र, लातेहार में खोली जाएगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगें।

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदाकर्ता झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST NO- होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति मे अग्रिम राशि भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बतायें निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01 (एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदा दाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बंद लिफाफा मे उपलब्ध करायेगे, जिस पर आपके प्रतिष्ठान का नाम पता मोबाईल नम्बर के साथ अंकित होगा।

**नोट :– इन सभी शर्तो को पुरा नही करने वालें निविदा दाता का निविदा मान्य नही होगा।**

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 358886 Police(25-26)#D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,लातेहार

### अल्पकालिन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिलाबल के परिचारी प्रवर कार्यालय, पलिस केन्द्र, लातेहार के निर्गत शाखा हेतु फोटो कॉपीयर मशीन क्रय करने की आवश्यकता है, जिसकी निविदा सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लातेहार के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जो इस प्रकार है :–

| क्र0स0 | समानों का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | फोटो कॉपी मशीन Print/Copy/Scan23/PPM, Radf Network/Usb Automatic Duplex, Ram-512MB | प्रति सेट |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक–18/08/2025 तक अपना निविदा उपस्कर शाखा, पुलिस केन्द्र, लातेहार मे 11:00 बजे तक सील बंद लिफाफा मे समर्पित कर सकते है। निविदा दिनांक–18/08/2025 को समय 12:00 बजे निविदादाता के समक्ष रक्षित कार्यालय, पुलिस केन्द्र, लातेहार में खोली जाएगी। अनुमोदन के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगें।

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदाकर्ता झारखण्ड मूल्य वार्धित कर अधिनियम–2005 के अन्तर्गत निबंधित हो।
2. प्रतिष्ठान का GST NO- होना अनिवार्य है।
3. किसी भी परिस्थिति मे अग्रिम राशि भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. निविदा को संशोधित करने एवं बिना कोई कारण बतायें निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा 01 (एक) वर्ष के लिए होगा तथा अनुमोदन किये गये प्रतिष्ठान का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि का विस्तारण किया जा सकता है।
6. निविदा दाता क्रय की जाने वाली वस्तुओं का दर सील बंद लिफाफा मे उपलब्ध करायेगे, जिस पर आपके प्रतिष्ठान का नाम पता मोबाईल नम्बर के साथ अंकित होगा।

**नोट :– इन सभी शर्तो को पुरा नही करने वालें निविदा दाता का निविदा मान्य नही होगा।**

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार

PR 358885 Police(25-26).D

झारखण्ड सरकार

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

**-: आम सूचना :-**

लातेहार जिला के वैसे दुधारू मवेशी पशुपालक जो कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग) द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना/गव्य विकास द्वारा संचालित दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम से लाभान्वित हो अथवा स्वयं से दुधारू पशुओं को पालन पोशण करते है, को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) से आच्छादित करने हेतु इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पशुपालकों को दुधारू पशुओं के लिए चारा–दाना, पशु आहार, हरा चारा उत्पादन आदि कार्य हेतु बैंकों द्वारा कार्यकारी पूंजी के रूप में KCC की सुविधा प्रदत्त की जायेगी है।

KCC से संबंधित आवेदन पत्र जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है एवं यथाशीघ्र पूर्ण रूपेन भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय में समर्पित करेंगे ताकि आवेदन पत्र जांचोपरांत शीघ्र बैंकों को अग्रसारित किया जा सके।

विशेश जानकारी के लिए कार्य दिवस में जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से संपर्क किया जा सकता है।

दुधारू पशुपालकों के लिए KCC अन्तर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति (SLTC) से अनुमोदित कार्यकारी पूंजी की अधिकतम सीमा निम्नवत है:–

| क्रमांक | इकाई | कार्यकारी पूंजी (रू०) |
|---|---|---|
| 1 | 02 दुधारू मवेशी हेतु | 58000–62000 |
| 2 | 05 दुधारू मवेशी हेतु | 145000–150000 |
| 3 | 10 दुधारू मवेशी हेतु | 284000–290000 |

PR 358875 Animal Husbandry (25-26)_D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार

# न्यूज बॉक्स

## पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कांग्रेसियों ने आयोजित किया शोकसभा



**सेन्हा–लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोकसभा आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत ग्राम में झारखण्ड आंदोलन कारी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर कांग्रेसियों द्वारा दिग्वन्त आत्मा की शांति के लिये एक मिनट का मौन धारण किया गया। वही पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. अजय शाहदेव ने कहा कि शिबू सोरेन एक आंदोलनकारी नेता थे। जिन्होंने झारखंड राज्य निमार्ण के लिये संघर्ष कर झारखण्ड को संवारा जिनका निधन से अपूरणीय क्षति हुई है। जिसे पूर्ण करना असम्भव है। उनके बताये हुए मार्ग पर चल कर झारखण्ड का नवनिर्माण करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन जुझारू नेता थे। गरीबों के मसीहा थे। जिनका निधन से राज्य को अपूरणीय क्षति हुआ है। उनके अधूरे कार्यो को पूर्ण करने हम सभी का कर्तव्य है। मौके पर संजय शाहदेव, संतोष महतो, दीपक ठाकुर, अनिल उरांव, अशोक पाण्डेय, गौरी शंकर सिंह, रंजीत महतो, बबलू अंसारी, दिलीप उरांव, राजू पहान सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कुत्ता बचाने में बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, तीन मजदूर हुए घायल

**भंडरा।** भंडरा-सिसई मुख्य मार्ग के सेमरा गांव के समीप बुधवार को कुत्ता को बचाने के चक्कर में एक बाइक पर सवार तीन मजदूर युवक गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों युवको को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से एक युवकों को रांची रिम्स रेफर किया। जबकि अन्य दो घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी। जानकारी के अनुसार भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुदो गांव निवासी इस्लाम अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र नसीम अंसारी, उदरंगी गांव निवासी बीरु उरांव के 20 वर्षीय पुत्र संदीप उरांव व कसपुर नवाटोली निवासी स्व लिटगु उरांव के 22 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण उरांव तीनो एक ही बाइक से छत की ढलाई के लिए सिसई जा रहे थे। इसी बीच सेमरा गांव के समीप अचानक सामने कुत्ता आ गया जिसको बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें बाइक पर सवार तीनों युवक गिरकर घायल हो गया। वही इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि घायल नसीम को चेहरा मे काफ़ी आई है। नसीम को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। जबकि संदीप उरांव व लक्ष्मण उरांव को मामूली चोटें आई हैं। जिसका इलाज करके अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## बटकेश्वर बाबा शिव शक्ति क्लब ने रुद्राभिषेक, हरिकीर्तन व भंडारे का आयोजन



**लोहरदगा।** सावन माह के पावन अवसर पर बुधवार को बटकेश्वर बाबा शिव शक्ति क्लब की ओर से भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना का यह विशेष आयोजन श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रुद्राभिषेक की पूजा विधि परमानंद मिश्र के द्वारा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात महिलाओं द्वारा हरिकीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन आयोजन में जय राम समिति के संरक्षक अजय सोनी, ओम महतो, हेमंत वर्मा, भाजपा जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राय उर्फ गुड्डू, जिला कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, जीवन राज मेहता, बजरंग साहू, सुमित राय, बबलू राय, हर्षित राय, सतीश वर्मा, विनोद प्रसाद, मिथिलेश वर्मा, विकास वर्मा, विक्रम साहू समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। महिला श्रद्धालुओं में रीता देवी, सुलेखा राय, शालिनी कुमारी, नेहा राय, गुड़िया, आराध्या और नेहा वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिव शक्ति क्लब के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## सौरभ कुमार लोहानी ने संभाला जिला उद्यान अधिकारी का कार्यभार

**लोहरदगा।** जिले में उद्यान विभाग के नए जिला उद्यान पदाधिकारी के रूप में सौरभ कुमार लोहानी ने कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। संतोष कुमार वर्ष 2023 से जिले में पदस्थापित रहते हुए पारदर्शिता के साथ किसानों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुँचाने का कार्य करते रहे। उनके कार्यकाल में बीज, शेड, पौधा, फूलों की खेती, स्ट्रॉबेरी व सब्जियों के बीज तथा मधुमक्खी पालन के बॉक्स का वितरण किया गया। साथ ही बागवानी की संभावनाओं पर भी विशेष कार्य हुआ। सौरभ कुमार लोहानी इससे पूर्व संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय में सहायक निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में वह जिला कृषि कार्यालय में जिला योजना मूल्यांकन पदाधिकारी (डीपीईओ) के रूप में भी कार्यरत हैं और उन्हें उद्यान विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पदभार ग्रहण के अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि एवं उद्यान विभाग के समन्वय से जिले के किसानों को योजनाओं का बेहतर लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ किसानों तक समय पर पहुँचाना उनकी प्राथमिकता होगी और इसके लिए एक प्रभावी वर्क प्लान के तहत कार्य किया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन समिति की बैठक सम्पन्न

# प्रत्येक नागरिक का अधिकार है कि उसे समय पर प्रमाण पत्र मिले

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में बुधवार को जिला आंतरिक संसाधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्रों के त्वरित एवं सही तरीके से निर्गत करने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र जारी करने से पहले सही तरीके से जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

उन्होंने आपसी बंटवारा, सक्सेशन म्युटेशन एवं अन्य राजस्व संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी ज़ोर दिया। उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को समय पर प्रमाण पत्र मिलना उसका अधिकार है। राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गति लाना हमारी प्राथमिकता है। साथ ही, आपदा से प्रभावित परिवारों को समय पर मुआवजा दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उपायुक्त ने हालिया आपदाओं से हुई क्षति का आंकलन कर शीघ्र भुगतान हेतु सूची तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने लैम्प्स में संसाधनों की कमी को जल्द दूर करने का दिए निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लैम्प्स की वर्तमान स्थिति, बीज वितरण प्रणाली, दुग्ध उत्पादन एवं पौधरोपण के नए विकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी लैम्प्स में संसाधनों की कमी को जल्द दूर किया जाए। उन्होंने मानक अनुरूप लैम्प्स को बीज वितरण लाइसेंस जल्द उपलब्ध कराने एवं बाकी पंचायतों में नए गोदाम स्थापित कर प्रशिक्षण देकर लाइसेंस देने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में छोटे-छोटे गोबर गैस प्लांट लगाने पर जोर दिया ताकि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिले। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने कहा, जिले में डेयरी यूनिट की स्थापना सिर्फ दूध उत्पादन तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसमें बटर, दही जैसे अन्य उत्पादों का निर्माण भी हो, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो और वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने गव्य विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार गाय उपलब्ध कराकर संचालित डेयरी इकाइयों को शुरू कराया जाए। बैठक में नाबार्ड द्वारा वितरित टिम्बर व आम के पौधों के स्थान पर अब नाशपाती, ड्रैगन फ्रूट और चाय जैसे वाणिज्यिक फसलों को बढ़ावा देने की बात कही गई। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, डीडीएम नाबार्ड, गव्य विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### भूमि अधिग्रहण मुआवजा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

# गलत वंशावली बनाकर मुआवजा लेने वालों पर हो कार्रवाई : शकील

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा बाइपास परियोजना (एनएच -143 एवं एनएच -75) के तहत किसानों की भूमि अधिग्रहण से जुड़ी विसंगतियों को लेकर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवेदन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने पत्रांक 32/2025-26, दिनांक 06 अगस्त 2025 को आवेदन देते हुए कहा कि सैकड़ों एकड़ उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण इस परियोजना के लिए किया जा रहा है। किसानों ने जिले के विकास को ध्यान में रखते हुए स्वेच्छा से अपनी भूमि देने को सहमति जताई है, लेकिन मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। शकील अख्तर ने आरोप लगाया कि भू-अर्जन कार्यालय के आस-पास एक बिचौलिया गिरोह सक्रिय है, जो किसानों से पैसे लेकर उनका काम कराने की बात करता है। इससे किसानों में रोष व्याप्त है और आम जनता का भू-अर्जन कार्यालय से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि खादियाने रैयतों की भूमि का बंटवारा नहीं होने की स्थिति में गलत वंशावली बनाकर, कुछ लोग स्वयं को उत्तराधिकारी दर्शाकर विभाग को गुमराह कर रहे हैं। इससे वास्तविक रैयतों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है।उन्होंने यह मांग सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) एवं 6(2) के तहत 6 बिंदुओं में की है, और अपेक्षा जताई है कि समय-सीमा के अंदर सूचना देकर जनहित में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों का इनरोलमेंट कराने का निर्देश

**लोहरदगा।** रजिस्ट्रार, कॉपरेटिव सोसायटीज, झारखंड, रांची के निदेश के आलोक में उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा लोहरदगा जिला के सभी संबंधित पदाधिकारियों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ सीजन 2025-26 के लिए किसानों का इनरोलमेंट करने का निर्देश दिया गया है। इसमें भूमि सत्यापन के बिना किसानों का इनरोलमेंट किया जाना है। गैर-ऋणी किसानों का इनरोलमेंट 14 अगस्त 2025 तक होगा। वहीं जिन किसानों का केसीसी/फसल ऋण 31 जुलाई 2025 तक स्वीकृत हो चुका है उनका इनरोलमेंट 30 अगस्त 2025 तक किया जा सकेगा।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजन

# भाजपा का हर एक कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित : सत्यम



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा नगर मंडल के द्वारा नगर कार्यालय अटल भवन में बुधवार को नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन पदाधिकारी के द्वारा महापुरुषों की पूजन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ शुभारंभ की गई। मौके पर कार्यशाला के बारे में बतलाया गया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। सक्रिय सदस्य विजय खत्री ने कहा कि इस अभियान में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से पूर्व लोगों से तिरंगा ध्वज जो देश की आन बान शान है वह अपने-अपने घरों में लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। नगर उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकार ने कहा कि तिरंगा हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।सभी बूथ अध्यक्ष से कहा गया की 10 से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगने की बात कही गई। मौके पर उपस्थित, अशोक कांस्यकार, सत्यम कुमार, पवन तिग्गा, विजय खत्री, कामेश्वर सिंह, पहलवान सिंह, रामलाल उरांव, प्रदीप कसेरा, प्रद्युमन पाठक, प्रियंका कुमारी साहू, रितिका देवी, अभिषेक कुमार, चंदन गोप, महेश कुमार, आनंद साहू, मृत्युंजय वर्मा, अनूप कुमार, विकास कुमार, हरिओम प्रसाद, अभिषेक शर्मा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, बोले शशिधर

# आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद और महाविद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास तथा निर्णायक रवि रंजन तथा राजीव कुमार सिंह द्वारा सामूहिक रूप से भारत माता के समक्ष पुष्पार्चन तथा दीप प्रज्ज्वल्लन कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए रसायन के आचार्य सनोज कुमार ने कहा कि विज्ञान से तात्पर्य विशेष ज्ञान से है हमें अपने दिनचर्या में विशेष ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए। मंच संचालन रश्मि साहू ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी में 12वीं एवं 11वीं के भैया बहनो ने इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन सेंसर पर आधारित मॉडल, मॉडल बेस्ड आन जेनेटिक मैटेरियल, रोबोटिक मॉडल, पॉल्यूशन कंट्रोलर, हार्मोनिक मॉडल सहित नवाचारित मॉडल प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी में क्रमशः प्रथम खुशी कुमारी 11वीं, द्वितीय स्थान दिव्या कुमारी 11वीं ने प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष महोदय ने अपने उद्बोधन में विज्ञान की खोज से संबंधित एक कहानी प्रस्तुत की तथा मुख्य रूप से बताया की आवश्यकता ही आविष्कार की जननी होती है जैसे-जैसे मनुष्य की आवश्यकता बढ़ती जाती है वह नई-नई चीजों का आविष्कार कर पूरे विश्व में प्रचार करता है। महाविद्यालय के भैया बहन अपने मॉडल के माध्यम से पूरे विश्व में भारत का कीर्तिमान बना सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि हम अपने सोच को विकसित करें और अपनी क्षमता का विकास करते रहे। शिशु मंदिर के भैया -बहन तथा शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के भैया-बहनों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। धन्यवाद ज्ञापन यशोदा कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रेनू कुमारी, कविता कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत, योगेश कुमार साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तेज बारिश में गरीब परिवार का मकान ध्वस्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** बारिश के कारण गरीब का मकान गिर कर ध्वस्त हो गया। जिसे परिवार के बीच रहने की समस्या उतपन हो गई है। वही मकान गिरने से कोई हताहत नही हुआ परन्तु दैनिक उपयोगी का घरेलू सामान नष्ट होने की बात बताई जा रही है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा बरवाटोली निवासी जीतू उराँव का कच्चा खपरैल मकान बारिश के कारण पूरब साइड का दीवार गिर चुका है। तथा मकान काफी जर्जर अवस्था में दिख रहा है।


**OFFICEOF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Panning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

REQUEST FORPROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR RATE CONTRACT OF SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT WITH DINNING SET AS "MODULAR KITCHEN" AT KGBV CHANDWA RESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR

Fact Sheet

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV Residential School Chandwa, Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 06 / 08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 20/ 08 /2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 22/ 08 /2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 22 / 08 / 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD)online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** - The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:** - Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

*Table1: RFP Schedule*

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

District Planning Officer
Latehar

PR 358988 Planning and Development(25-26)D



**OFFICEOFTHE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Panning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

RATE CONTRACT FOR "SUPPLY OF ELECTRICAAL &ELECTRONICS ITEMS AT VARIOUS LOCATION OF DISTRICT LATEHAR"

**The District Planning office Latehar,Jharkhand**invites Online bidsfor "supply ofElectrical & Electronics items for SLRM project at various location of District Lateharon rate contract" as detailed below in accordance with enclosed tender document.

1. The salient terms & conditions of the bid are stated below:

| | |
|---|---|
| **Description** | Rate contract for supply of Electrical &Electronics items at various location of District Latehar. |
| Mode of Tender | Online tender (Rate Contract) |
| Type of Bid | **Cost-Based Selection (CBS) Method**; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |
| Tender Publishing Date | 04/08/2025 |
| Last date and time for submission of Technical Bid | 19/08/2025upto05.00PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 21/08/2025 at 11:00 AM |
| Date and time for opening of Financial Bid | 21/08/2025 at11:30 AM |
| EMD (No exemption) | Rs. 10000/- |
| Period of Contract | One Year from the date of Supply Order and extendable further with the same terms and conditions. |
| Address at which the tenders are to be submitted | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Place of opening tenders | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Mode of submission | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website | Online via: https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |

PR 358960 (Planning and Development) 25-26 (D)

**DISTRICT PLANNING OFFICER, LATEHAR**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–29.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0–**7/RCD/Daltonganj/2025-26/658** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 358546 Road (25-26)_D** है, जिसमें क्रमांक–5 में अंकित **Date of Publication of Tender on Website 06.08.2025** के स्थान पर **18.08.2025,** क्रमांक–6 में अंकित **Last Date/Time of Online Bid Submission 28.08.2025** के स्थान पर **08.09.2025** एवं क्रमांक–7 में अंकित **Date and Time of Bid opening 29.08.2025** के स्थान पर **09.09.2025** पढ़ा / समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 358924 Road(25-26)D



**OFFICEOFTHE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Panning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

RATE CONTRACT FOR "SUPPLY OF OPERATIONAL TOOLS & SAFETY EQUIPMENT ITEMS AT VARIOUS LOCATION OF DISTRICT LATEHAR"

**The District Planning office Latehar,Jharkhand**invites Online bidsfor "SLRM Operational Tools & Safety Equipment itemsat District CollectorOffice Latehar on rate contract" as detailed below in accordance with enclosed tender document.

1. The salient terms & conditions of the bid are stated below:

| | |
|---|---|
| Description | **Supply of SLRM Operational Tools & Safety Equipment for Solid Liquid Resource Management (SLRM) on rate contract.** |
| Mode of Tender | Online tender (Rate Contract) |
| Type of Bid | **Cost-Based Selection (CBS) Method**; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |
| Tender Publishing Date | 04/08/2025 |
| Last date and time for submission of Technical Bid | 19/08/2025upto05.00PM |
| Date and time for opening of Technical Bid | 21/08/2025 at 11:30 AM |
| Date and time for opening of Financial Bid | 21/08/2025 at 12:30PM |
| EMD (No exemption) | Rs. 10000/- |
| Period of Contract | One Year from the date of Supply Order and extendable further with the same terms and conditions. |
| Address at which the tenders are to be submitted | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Place of opening tenders | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| Mode of submission | Online via: https://jharkhandtenders.gov.in |
| For viewing, quoting the detailed NIC and Qualifying Requirement, bidders may also visit our website | Online via: https://latehar.nic.in/ https://jharkhandtenders.gov.in |

PR 358961 Planning and Development(25-26)D

DISTRICT PLANNING OFFICER,LATEHAR



**OFFICEOF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
District Panning Office, Latehar, 829206
Website: www.latehar.nic.in

REQUEST FORPROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR RATE CONTRACT OF SUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT WITH DINNING SET AS "MODULAR KITCHEN" AT EMRS NEGAIRESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR

Fact Sheet

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at EMRS Residential School Negai, Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 06 /08 /2025, 11:00 AM |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 20/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 22 /08/2025, 11:00 AM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | 22 /08/ 2025, 3:00 pm |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 5000/- (Rupees five thousand only) |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 1,00,000/- (One lakh rupees only) |
| Method of selection | Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1:** - The eligibility criteria documents as per Annexture-A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2:** - Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

*Table1: RFP Schedule*

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**

**PR 358985 Planning and Development(25-26)#D**

District Planning Officer
Latehar

# दिशोम गुरु को चैंबर ऑफ कॉमर्स ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- जन नेता को नमन, शोकसभा में भावुक हुए व्यापारी समुदाय के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं जन आंदोलनों की पहचान रहे दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के निधन पर गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा दिनांक 6 अगस्त, बुधवार को एक शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के दौरान दिवंगत नेता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। पूरे माहौल में गहरी शोक और सम्मान की भावना व्याप्त थी। चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड के वास्तविक जननायक थे। उन्होंने अपने जीवन में जनजातीय समाज, किसानों, मजलूमों और झारखंड की पहचान के लिए लगातार संघर्ष किया। वे हम सबके प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उनका निधन झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि हमने एक ऐसे नेता को खोया है, जिनकी कर्मठता और जमीनी संघर्ष की मिसाल दी जाती थी। वे न केवल झारखंड आंदोलन के स्तंभ थे, बल्कि एक सच्चे जनसेवक भी थे। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन झारखंडवासियों के अभिभावक तुल्य थे। उन्होंने राज्य के लिए जो योगदान दिया है, वह हमेशा यादगार रहेगा। इस अवसर पर चेंबर के अनेक पदाधिकारी, सदस्य और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे। शोक प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित मंत्री गोलू, पीआरओ आदित्य गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैसवाल, पवन अग्रवाल, विनोद केसरी, विजय द ग्रेट, दिलीप कुमार मंत्री, ओम प्रकाश साहू, सोहन लाल अग्रवाल, अमित पोद्दार, दीपक कुमार गुप्ता, शशि प्रिया बंटी, पदम साहू, डीके दामोदर कसेरा, मोहम्मद शब्बू, अनमोल गुप्ता, अमित महेश्वरी, महेश कुमार लाल, सरजू प्रसाद, हिमांशु केसरी और दिनेश कुमार अग्रवाल शामिल रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में विकास सिंह, राहुल केसरी, गुननु शर्मा, पंकज खंडेलवाल आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

## जंगली हाथियों ने दो घरों को पहुंचाया नुकसान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड अंतर्गत मालसाड़ा पंचायत के सुगाडोंगर गांव में बीती देर रात दो जंगली हाथियों ने उत्पात मचाते हुए दो ग्रामीणों के घरों को तहस-नहस कर दिया। पीड़ितों में मंगराटोली निवासी अलका टोप्पो व राजन टोप्पो शामिल हैं, जिनके घरों को हाथियों ने पूरी तरह उजाड़ दिया व घर में रखे सारे अनाज खा गए। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने तत्काल अपने प्रतिनिधियों को राहत कार्य के लिए भेजा। विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर एवं सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे व पीड़ित परिवारों को तिरपाल एवं राशन सामग्री उपलब्ध कराई।

## निःशुल्क निःसंतानता परामर्श शिविर, 62 मरीजों ने लिया लाभ

**लोहरदगा।** सनराइज हॉस्पिटल, नई रोड एमआर मार्केट, पटेल भवन के पास (कटहल पेड़ के बगल) स्थित परिसर में बुधवार को निःसंतानता परामर्श हेतु एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन देश की जानी-मानी स्त्री एवं आईवीएफ रोग विशेषज्ञ डॉ. जया भट्टाचार्य (एमबीबीएस, स्त्री रोग एवं निःसंतानता विशेषज्ञ) के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में कुल 62 मरीजों ने आकर निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। साथ ही, सभी मरीजों को जांच पर 20% की छूट हॉस्पिटल की ओर से दी गई। मौके पर डॉ. जया भट्टाचार्य ने कहा, निःसंतानता एक संवेदनशील लेकिन आज के समय में पूरी तरह से उपचार योग्य स्थिति है। अगर सही समय पर जांच और इलाज कराया जाए, तो बहुत-सी महिलाएं मातृत्व सुख पा सकती हैं। मेरा प्रयास है कि ग्रामीण और छोटे शहरों की महिलाओं तक विशेषज्ञ परामर्श निःशुल्क पहुंचे। सनराइज हॉस्पिटल के संचालक विकास अग्रवाल ने शिविर को सफल बताते हुए कहा कि जो महिलाएं वर्षों से संतान सुख से वंचित थीं, वे इस शिविर में आकर विशेषज्ञ सलाह से काफी संतुष्ट नजर आईं। हॉस्पिटल भविष्य में भी जनकल्याण के उद्देश्य से ऐसे शिविर आयोजित करता रहेगा। शिविर में जीएनएम खुशबू आरा, खुशबू कुजूर, अंजली लकड़ा, एएनएम रानी कुमारी, सोनी कुमारी, तनवीर अंसारी, सगुफी खान समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### अन्नदाता दोहरी मार से बेहाल

# किसान घर बैठे रहने को विवश प्रशासन से शीघ्र आपूर्ति की गुहार

- जलसंकट के साथ यूरिया खाद की भी भारी किल्लत

**विजय कुमार मिश्रा**




**पालकोट (गुमला)।** खेती-किसानी के इस महत्वपूर्ण समय में जब खेतों को पानी और खाद की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे समय में पालकोट प्रखंड के किसानों को जलसंकट के साथ-साथ यूरिया खाद की भी गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले पंद्रह दिनों से क्षेत्र में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। खेत तैयार हैं, फसल बोई जा चुकी है, लेकिन खाद नहीं मिलने के कारण किसान मजबूरी में हाथ पर हाथ धरे घर बैठने को विवश हैं। चिंता की बात यह है कि यह समस्या केवल इस वर्ष की नहीं है, बल्कि हर वर्ष इसी समय पर यूरिया की आपूर्ति में बाधा आती है, जिससे किसानों को खेती में भारी नुकसान उठाना पड़ता है। किसान चाहकर भी फसल की अच्छी पैदावार नहीं कर पाते और आर्थिक रूप से हताश हो जाते हैं।

### व्यवस्था प्रश्नचिन्हों के घेरे में

किसान यह सवाल उठाते हैं कि सालभर जब खाद की आपूर्ति सामान्य रहती है तो आखिर रोपाई और छिड़काव जैसे निर्णायक समय पर ही सप्लाई क्यों ठप हो जाती है। क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है या बाजार में सक्रिय कुछ मुनाफाखोरों द्वारा की जा रही कालाबाजारी। यदि आपूर्ति हो भी रही है तो वह बड़े साहूकारों और बिचौलियों के पास पहुंच रही है, जबकि असली जरूरतमंद किसान खाली हाथ रह जाते हैं।

### किसानों की आवाज: चाहिए समय पर खाद, ना हो खेती से धोखा

पालकोट प्रखंड के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में यथाशीघ्र यूरिया खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि समय पर फसल की देखरेख और वृद्धि हो सके। उनका कहना है कि यदि यह समय चूक गया, तो सिर्फ फसल ही नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और उम्मीद भी नष्ट हो जाएगी। किसानों ने वरीय पदाधिकारियों से अपील की है कि वे ग्रामीण अंचलों की हकीकत को समझें, किसानों की पीड़ा को महसूस करें और तत्काल प्रभाव से उचित दर पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। अन्यथा यह स्थिति आगे चलकर भारी फसल संकट और खाद्यान्न की कमी का कारण बन सकती है। किसान अन्नदाता हैं। यदि वे निराश हो जाएंगे, तो अन्न कहां से आएगा। प्रशासन को चाहिए कि वे इस समय किसानों का साथ दें और उन्हें फिर से खेतों की ओर लौटने का विश्वास दें।

## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

अनुमति वाद संख्या–128/2025

**आम इस्तेहार**

आवेदक आवेदक मो0 राशिद आलम वो नौशाद आलम दोनों के पिता–मो0 हदीश मियां उर्फ अदीश आलम, निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला– लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 07 | 1271 | 1.25 |

एतद् द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरुद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 359023 (District)25-26*D

## न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

**भूमि बिक्री अनुमति वाद संख्या–129/2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदिका सांजो देवी पति–स्व0 फेकन राम सा0–बाईपास रोड, लातेहार थाना+जिला–लातेहार एवं मानगति कुवंर पति–स्व0 रामधनी राम, सा0–बहेराटाड़ थाना+जिला–लातेहार द्वारा संगीता देवी पति–राजेश राम सा0–कोमो, थाना+जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री के लिए अनुमति हेतु छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा– 46(1–बी) के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़ में) |
|---|---|---|---|
| कोमो | 42 | 17 | 1.00 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 359022 District(25-26)#D

## कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्री–मैट्रिक छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला के अनुमोदित 512 विद्यालय के प्रधानाध्यापक/INO को सूचित किया जाता है। कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्री–मैट्रिक छात्रवृति योजना अन्तर्गत वर्ग 1–8 तक के छात्र–छात्राओं को छात्रवृति हेतु INO Level से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए ई–कल्याण पोर्टल विभाग द्वारा दिनांक 04.08.2025 से ही खोल दिया गया है।

अतः जिला के अनुमोदित 512 विद्यालय के प्रधानाध्यापक/INO से अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में आपके विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के योग्य छात्र–छात्राओं का INO Level से यथाशीघ्र शतप्रतिशत डाटा इन्द्रांज करना सुनिश्चित किया जाय। डाटा इन्द्राज के साथ–साथ प्रत्येक दिन INO Level से Verification का कार्य भी करना सुनिश्चित करेंगे। वर्ग 9–10 के विद्यार्थियों का ऑनलाईन आवेदन हेतु सूचना बाद में दी जायेगी।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 359007 (Lohardaga)25-26*D

## दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक युवाओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** कैरो स्थित दुर्गा बाड़ी भवन में आगामी नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय ग्रामीणों, समिति सदस्यों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।
बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार दुर्गा पूजा की कमान युवाओं को सौंपी जाए, ताकि युवा पीढ़ी की भागीदारी बढ़े और उत्सव में नई ऊर्जा का संचार हो। इसी क्रम में शैलेश कुमार को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। साथ ही, नव नियुक्त अध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद समिति का विस्तार कर सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि नवरात्रि और दुर्गा पूजा के सभी कार्यक्रम भव्यता और उत्साह के साथ आयोजित किए जा सकें। इस अवसर पर पूर्व समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिन्होंने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी और पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया।

## झारखंड आंदोलन के दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गुमला में श्रद्धांजलि

**गुमला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर मंगलवार को गुमला परिसदन भवन में भावभीनी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने की। सभा की शुरुआत दो मिनट के मौन और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ हुई। इस मौके पर चैतू उरांव ने कहा कि दिशोम गुरु केवल एक राजनेता नहीं थे, वे आदिवासी चेतना के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने झारखंडी अस्मिता, अधिकार और पहचान की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जाना झारखंड ही नहीं, पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। जिला महासचिव फिरोज आलम ने उन्हें झारखंड राज्य निर्माण का स्तंभ बताते हुए कहा कि वे सदैव आदिवासी समाज की बुलंद आवाज बने रहे। उनके नेतृत्व और संघर्ष ने झारखंड को नई पहचान दी। मीडिया चेयरमैन सह जिला प्रवक्ता आरिफ हुसैन ने इसे एक युग का अंत बताया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु का व्यक्तित्व समावेशी, संघर्षशील और दूरदर्शी था। झारखंड ने आज एक सर्वमान्य जननायक को खो दिया है।

## कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

(अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या 03/2025 (DMFT.)

जिला लातेहार अंतर्गत प्रखण्ड–महुआडांड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नेतरहाटएवं जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यकतानुसर X-Ray Machine (Including Digital Printer)काआपूर्ति एवं अधिष्ठापन हेतु दर अनुमोदन के लिए निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है।

**Note: Further details of the Bid can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in.**

Civil Surgeon cum CMO
Latehar.

PR 358996 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 12/2025–26 दिनांक– 06.08.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समयः– 20.08.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.08.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.08.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
   2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
   3.सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Toilet Block in the Campus of Civil Court at Latehar District. | 2064700/- | 41 500/ - | 5000/ - | 03 (Three) Month s |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR.NO.358951 Building(25-26):D

## समाहरणालय, गढ़वा
(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)

**आदेश**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत कार्यालय ज्ञापांक–693 दिनांक–23.06.2025 से विज्ञापन संख्या–01/2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक–12.07.2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया। प्राप्त आवेदनों की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत कार्यालय ज्ञापांक–828 दिनांक–23.07.2025 द्वारा दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूची जिले के वेबसाईट पर अपलोड किया गया। दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत आवेदनों की योग्य उम्मीदवारों की सूची, अयोग्य उम्मीदवारों की सूची, औपबंधिक प्रारंभिक मेधा सूची एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। दक्षता परीक्षा दिनांक–11.08.2025 दिन–सोमवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे से नया समाहरणालय भवन, कल्याणपुर, गढ़वा के सभागार में आयोजित की जाएगी। विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

उप विकास आयुक्त, गढ़वा

PR 358897 Rural Development (25-26)_D

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक संपन्न

**सिमडेगा।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा, जिला सिमडेगा की बैठक बुधवार को आरएसएम स्कूल, मतरामेटा में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दोपहर 11 बजे हुई, जिसमें दिशोम गुरु, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लगभग 150 आंदोलनकारियों ने भाग लिया और दिवंगत नेता के प्रति शोक संवेदना प्रकट की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जावेद वारसी को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा, सिमडेगा जिला का सचिव नियुक्त किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरयू राम ने उन्हें बधाई दी और संगठन में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन आंदोलनकारियों को अब तक प्रशस्ति पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 134/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of control room building and allied civil works of 33/11 KV P/S/S Barwadih under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 384900/– | (03) Three Months | 8000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 26/08/2025 upto 03:00 PM | 26/08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Account officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 358940 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

## झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि0 कार्यालय
**विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1**
Email- eeegarhwa@yahoo.inMobile No.:- 9431707405

**आम सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के तमाम विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सरकार की RDSS योजना के तहत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि० द्वारा चयनित एजेन्सी M/s Techno AMI Solution द्वारा मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। अतः सभी विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि स्मार्ट मीटर लगाने में एजेन्सी के कर्मचारियों को सहयोग करें। बीते कुछ दिनों में स्मार्ट मीटर के साथ छेड़–छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। आग्रह है कि मीटर एवम् मीटर से जुड़े हुए तार के साथ किसी प्रकार का छेड़–छाड़ नहीं किया जाय। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने में एजेन्सी द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत हो तो नीचे दिये पदाधिकारियों को WhatsApp Message/Call के माध्यम से अविलम्ब सूचित करें:–

| क्र०सं० | पदाधिकारी का नाम | दूरभाष सं० |
|---|---|---|
| 1 | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, गढ़वा–1 | 9431707405 |
| 2 | सहायक विद्युत अभियन्ता, गढ़वा–1 | 9431707414 |
| 3 | सहायक विद्युत अभियन्ता, गढ़वा–2 (रंका) | 7667150300 |
| 4 | कनीय विद्युत अभियन्ता, गढ़वा | 9431707413 |
| 5 | कनीय विद्युत अभियन्ता, रंका | 7631152525 |
| 6 | कनीय विद्युत अभियन्ता, मझिआंव | 8210769192 |
| 7 | ग्यानेन्द्र सिंह, स्मार्ट मीटर अभियन्ता | 7970990991 |
| 8 | सुरेश कुमार, स्मार्ट मीटर अभियन्ता | 9771841650 |

ह0/–
(महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR 358909 Energy(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं गुज़र पाऊंगा, तो मैं दूसरे दरवाज़े से गुज़र जाऊंगा- या मैं एक दरवाज़ा बना लूंगा। वर्तमान चाहे कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ न कुछ अद्भुत ज़रूर होगा।" - **रवींद्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# आरोपी छूटते गए ज्यों ज्यों जांच बढ़ी

अपराधी कौन सवाल के बीच आपराधिक मामलों में दशकों बाद फैसला आने पर आरोपी, गवाह, अभियोजन और पीड़ित किसी भी पक्ष को न्याय नहीं मिलता। नए आपराधिक कानून में तीन साल के भीतर मामलों के निपटारे की बात की जा रही है। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, साल-2022 में लगभग 58 लाख मामले दर्ज किए गए और 53 लाख से ज्यादा गिरफ्तारियां हुईं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज संजय किशन कौल के अनुसार, अपील के बढ़ते चलन की वजह से लंबित और नए मुकदमों के निपटारे में 500 साल से ज्यादा लग सकते हैं। निठारी कांड, मुंबई बम धमाका और मालेगांव विस्फोट जैसे चर्चित मामलों में सीबीआई, एनआईए और एटीएस जैसी एजेंसियों के लंबे-चौड़े आरोपपत्र के बावजूद आरोपियों की रिहाई से पूरे न्यायिक तंत्र के खिलाफ भरोसा डगमगाने से लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। न्यायिक तंत्र की विफलता को समझने के लिए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी मामले में सुप्रीम कोर्ट के जजों की मौखिक टिप्पणियों की झलक काफी है। बालाजी के खिलाफ घूस लेकर नौकरी देने के आरोप में 2,000 आरोपियों और 500 गवाहों को शामिल करने पर जस्टिस सूर्यकांत ने राज्य सरकार को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि ऐसे में तो मुकदमे के ट्रायल के लिए अदालत के कमरे के बजाय क्रिकेट स्टेडियम की जरूरत होगी। जजों के अनुसार, न्यायिक हस्तक्षेप नहीं होता तो राज्य सरकार सैंथल मामले को दफन करना चाहती थी। जजों ने कहा कि मंत्री, नौकरशाह और संपन्न लोगों के मुकदमों में जनता में यह धारणा है कि सिर्फ अभियोजन पक्ष और सरकारी वकील के माध्यम से न्याय मिलना मुश्किल है। जजों की कठोर टिप्पणी की तस्दीक मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और भाजपा नेता सत्यपाल सिंह के बयानों से होती है। उनके अनुसार, मालेगांव विस्फोट मामले सहित कई मामलों में राजनीतिक लाभ से प्रेरित जांच में सबूतों को गढ़ा जा रहा था। सनद रहे कि संविधान के अनुसार पुलिस का विषय राज्य सरकारों के अधीन आता है। कानून के अनुसार लाखों अपराधी छूट जाएं, लेकिन एक निरपराध को सजा नहीं होनी चाहिए। यातना देकर लिए गए इकबालिया बयानों से मीडिया में सुर्खियां तो बन सकती हैं, लेकिन अदालत में मामले को टिकाने के लिए ठोस सबूत पेश करने की जिम्मेदारी अभियोजन पक्ष यानी जांच एजेंसी और राज्य सरकार की होती है। बचाव पक्ष की कमजोरी के आधार पर आरोपियों को सजा नहीं दी जा सकती। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर दोषी ठहराने के लिए सुसंगत तथ्य, साक्ष्यों की श्रृंखला और निर्णायक साक्ष्य जरूरी हैं। मालेगांव मामले में बरी हुए समीर कुलकर्णी ने कहा कि बचाव और अभियोजन, दोनों पक्ष मुकदमों को लंबा खींचना चाहते हैं। उनके अनुसार, सह-आरोपियों ने वकील नहीं रखा होता, तो मुकदमा 15 साल पहले खत्म हो गया होता। उसी सिक्के का दूसरा पहलू सुरेन्द्र कोली है। उसने अपने मामले की खुद ही पैरवी करते हुए अभियोजन पक्ष की जांच में खोट को उजागर कर दिया। निरक्षर कोली जेल में रहकर साक्षर बना और कानून की किताबों की पढ़ाई की। उसने फॉरेंसिक लैब, विकास प्राधिकरण, अस्पताल और पुलिस विभागों में एक हजार से ज्यादा आरटीआई लगाकर सरकारी विभागों के जवाब और सीबीआई की चार्जशीट में विसंगतियों को उजागर किया। एनआईए की विशेष अदालत के फैसले के बाद महाराष्ट्र सरकार की एटीएस एजेंसी की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

*ट्रंप के टैरिफ प्रहार और लंबित व्यापार समझौते पर भारत ने जो निर्भीक रुख अपनाया है, वह राहुल के दावे को पूरी तरह झुठलाता है।*

भारत के हथकरघा

# विरासत से बुना जा रहा है सशक्त भविष्य




हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस एक ऐसे क्षण का प्रतीक है जो भारत के अतीत को उसके भविष्य से धागे-दर-धागा, कहानी-दर-कहानी जोड़ता है। यह दिन 1905 के स्वदेशी आंदोलन का स्मरण कराता है, जब हाथ से बुना कपड़ा न केवल एक वस्त्र के रूप में, बल्कि प्रतिरोध, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त प्रतीक के रूप में उभरा। एक नई शुरुआत के रूप में प्रारंभ हुआ यह प्रतीक विरासत, कला और सामुदायिक अभिव्यक्ति के ताने-बाने में बदल गया। हथकरघा क्षेत्र आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 72% महिलाएँ हैं। अपनी समृद्धि के कारण, यह क्षेत्र अब एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहाँ इसे बिना किसी कमी के नवाचार, बिना किसी अभाव के तकनीक और बिना किसी हाशिए के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है। भारत में हथकरघा बुनाई की समृद्ध विरासत हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी है। सहस्राब्दियों से, यह शिल्प फलता-फूलता रहा है और प्रत्येक क्षेत्र ने बुनाई, विशिष्ट तकनीकों, रूपांकनों और अर्थों का अपना तौर-तरीका विकसित किया है। असम के मुगा रेशम की सुनहरी चमक से लेकर प्रसिद्ध बनारसी रेशमी साड़ियों तक; कश्मीर की पश्मीना से लेकर तमिलनाडु की चमकदार कांजीवरम साड़ियों तक, भारत की हथकरघा परंपराएँ उतनी ही विविध हैं, जितने इसके लोग। एक बुनकर के घर में, जहाँ करघा अक्सर रसोई या एक तरफ के "आँगन" के साथ जगह साझा करता है, प्रत्येक साड़ी या शॉल एक अनोखी कथा को संप्रेषित करने के लिए तैयार की जाती है। न्यूनतम तकनीक, लेकिन अधिकतम रचनात्मकता के साथ, बुनकर धागों को विरासत में बदल देते हैं। बिना सिले हुए कपड़े, जो भारतीय परिधानों के प्रतीक हैं, क्षेत्रीय अभिव्यक्ति, अनुष्ठानों और कहानी कहने के कैनवास बन गए हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, "हथकरघा भारत की विविधता और अनगिनत बुनकरों व कारीगरों की कुशलता को दर्शाता है।" देश के कुल हथकरघा श्रमिकों में से लगभग 52% पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवास करते हैं और 2019-20 की हथकरघा जनगणना के अनुसार, असम 12.83 लाख से अधिक बुनकरों और 12.46 लाख करघों के साथ देश में अग्रणी है। "असम का मैनचेस्टर" कहा जाने वाला सुआलकुची, पारंपरिक बुनाई उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि धेमाजी जिले में मचखोवा जैसे विकासशील केंद्र इस क्षेत्र को और बढ़ावा देते हैं। इसके सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए, पूर्वोत्तर के लिए सरकार का समर्पित मिशन आदिवासी बुनाई को बढ़ावा देने, हथकरघा पर्यटन को प्रोत्साहित करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। इस क्षेत्र को एक वैश्विक डिज़ाइन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जहाँ प्राकृतिक रेशे, प्राचीन ज्ञान और आधुनिक उद्यमिता का संगम होता है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत, पूर्वोत्तर राज्यों के 123 छोटे समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिवसागर में एक बड़ा हथकरघा समूह स्थापित किया गया है तथा इम्फाल पूर्व और सुआलकुची में ऐसी दो परियोजनाएँ चल रही हैं। इस क्षेत्र में लगभग 3.08 लाख बुनकरों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत सार्वभौमिक एवं किफायती सामाजिक सुरक्षा के लिए नामांकन कराया है, जिनमें असम के 1.09 लाख बुनकर शामिल हैं। पिछले 11 वर्षों में, वस्त्र मंत्रालय के कई विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये भारत के हथकरघा उद्योग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समूह विकास पहलों, आधुनिक उपकरणों और ऋण तक पहुँच ने बुनाई को घरेलू गतिविधियों से सूक्ष्म उद्यमों में बदलने में मदद की है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) ने सूत की आपूर्ति, करघा उन्नयन, कार्य शेड निर्माण से लेकर आधुनिक उपकरणों तक पहुँच प्रदान करके शुरू-से-अंत तक सहायता सुनिश्चित की है। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसी योजनाओं से अत्यंत आवश्यक वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा मिली है। बुनकरों की मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और अतिरिक्त राशि (मार्जिन मनी) सहायता ने कार्यशील पूंजी तक पहुँच का विस्तार किया है। बुनकरों और उद्यमियों के लिए लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में हथकरघा पार्क स्थापित करने की योजना है। इन एकीकृत स्थानों में रंगाई इकाइयाँ, तुरंत शुरू करने योग्य (प्लग-एंड-प्ले) कार्यशालाएँ, डिजिटल प्रयोगशालाएँ, शोरूम तथा सौर ऊर्जा एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी सतत संरचनाएँ शामिल होंगी। साथ ही, निफ्ट, एनआईडी और अन्य डिज़ाइन संस्थानों के साथ साझेदारी में क्षेत्रीय स्तर पर डिज़ाइन और नवाचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ डिज़ाइनर और बुनकर बुनाई के पारंपरिक सार का सह-निर्माण, संरक्षण और दस्तावेज़ीकरण करेंगे, और सांस्कृतिक डिज़ाइनों का ऑनलाइन संग्रह तैयार करेंगे। ये अभिनव कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर भारतीय हथकरघा के सौंदर्य और व्यावसायिक आकर्षण, दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तकनीक को अपनाना ज़रूरी है, लेकिन हथकरघा की आत्मा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। अब एआई का उपयोग रुझानों की भविष्यवाणी और डिजिटल रंग चयन के लिए किया जा रहा है, जबकि ब्लॉकचेन उत्पाद का पता लगाना सुनिश्चित करता है और जालसाजी का मुकाबला करते हुए इस क्षेत्र को नए डिजिटल युग में ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाता है। विपणन और ई-कॉमर्स गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेंगे। रणनीति सरल लेकिन क्रांतिकारी है: बिचौलियों को खत्म करना, प्रचार के माध्यम से उपस्थिति बढ़ाना और बुनकरों को प्रारंभ से ही मंचों, प्रदर्शनियों और बाज़ारों से सीधे जोड़ना। इसी क्रम में, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) से जोड़ा जा रहा है और indiahandmade.com एक पारदर्शी, शून्य कमीशन वाला मंच प्रदान कर रहा है, जो उचित पारिश्रमिक, वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की निःशुल्क व्यवस्था, आसान वापसी और सुरक्षित भुगतान विकल्प सुनिश्चित करता है। इन प्रयासों के पूरक के रूप में, 106 हथकरघा उत्पादों को पहले ही भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किए जा चुके हैं, जो उनकी अनूठी क्षेत्रीय विरासत और शिल्प कौशल का सम्मान करते हैं। 'हथकरघा चिह्न' और 'भारतीय हथकरघा ब्रांड' के साथ, ये उपाय हाथ से बुने हुए उत्पादों की विशिष्ट पहचान को मज़बूत करते हैं, और खरीदारों को उनकी प्रामाणिकता, गुणवत्ता और पर्यावरण-अनुकूलता का आश्वासन देते हैं। आने वाला कल समावेशी क्षमता निर्माण पर निर्भर करता है। विशेष रूप से पारंपरिक तकनीकों के संरक्षण की दृष्टि से युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़े गए हैं - जिनमें स्वास्थ्य बीमा, शैक्षिक छात्रवृत्ति और बुनकरों के लिए पेंशन लाभ शामिल हैं। साथ ही, पर्यावरण- अनुकूल रंग, कार्बन उत्सर्जन न करने वाले उत्पादन मॉडल और जीवन-चक्र मूल्यांकन इस क्षेत्र की स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं, और भारतीय हथकरघा को वैश्विक हरित आंदोलन के साथ जोड़ते हैं। वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार की गई "भारतीय हथकरघा क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन आकलन: विधियाँ और केस स्टडीज़" शीर्षक वाली नई रिपोर्ट, एक संदर्भ और मार्गदर्शिका दोनों का काम करती है, जो भारत के लिए अधिक स्थायी संस्करण का मार्ग प्रशस्त करती है। पारंपरिक हथकरघा प्रथाओं में पर्यावरणीय चेतना को समाहित करके, यह अध्ययन सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति वस्त्र मंत्रालय की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हथकरघा मूल्य श्रृंखला न केवल जलवायु- सहनीय हो, बल्कि नैतिक उत्पादन, समान मजदूरी और सम्मानजनक आजीविका पर भी आधारित हो।

आज की बात



**पबित्रा मार्गेरिटा**
वस्त्र राज्य मंत्री

# अमेरिका का असुरक्षाबोध

अब कोई शक नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय मेधा व भारत की तरक्की को अपने लिए खतरे के रूप में देख रहे हैं। दूसरे कार्यकाल में आये दिन भारत के खिलाफ उनके बयान दरअसल अमेरिका के असुरक्षाबोध को ही दर्शाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक टकराव को खत्म करवाने के जिस तरह वे शेख चिल्ली दावे करते रहते हैं, वह उनका एक अपरिपक्व व अनुभवहीन राजनेता होना ही दर्शाते हैं। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के उनके थोथे दावों के बीच उन्होंने भारतीय आईटी प्रतिभाओं को दरकिनार करने की बात कही है। उनके तंग नजरिये से साफ हो गया है कि वे भारतीय प्रतिभाओं के उफान को अपने लिये एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। यह साफ है कि उनका लगातार बढ़ता प्रवासी विरोध आखिरकार अमेरिका को ही नुकसान पहुंचाएगा। एक बात तो तय है कि भारत लगातार ट्रंप के निशाने पर है। वे लगातार कहते रहे हैं कि अमेरिकी कंपनियां केवल अमेरिकियों को ही नौकरी दें। यह भी कहते रहे हैं कि अमेरिकी टेक कंपनियों ने अपने फायदे के लिये चीन में फैक्ट्रियां लगाकर उसे समृद्ध किया। इन कंपनियों द्वारा भारतीयों को अवसर देना उन्हें रास नहीं आ रहा है। यही वजह है कि पिछले दिनों उन्होंने एप्पल को चेतावनी दी थी कि यदि उसने भारत में आईफोन का उत्पादन किया तो सजा के तौर पर उस पर पच्चीस फीसदी टैरिफ लगाया जाएगा। यह विडंबना ही है कि जिस वैश्वीकरण व उदारीकरण के नाम पर अमेरिका ने अपार संपदा जुटाई, उससे दूसरे देशों को फायदा पहुंचना उसे नागवार गुजर रहा है। यह कैसे संभव है कि हर सामान का उत्पादन अमेरिका में ही हो, और उस कंपनी में सिर्फ अमेरिकी ही कर्मचारी हों। निस्संदेह, प्रतिभा और कार्यकुशलता किसी एक देश का कॉपी राइट नहीं हो सकता। मौजूदा दौर की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुक्त व्यापार के दौर में कोई देश अपनी अर्थव्यवस्था के दरवाजे दूसरों के लिये बंद करके समृद्ध नहीं हो सकता है। खुली अर्थव्यवस्था में आज मल्टीनेशनल कंपनियां अपना मुनाफा देखती हैं। उन्हें जहां सस्ता श्रम व प्राकृतिक संसाधन सुलभ होते हैं, वहीं उत्पादन इकाई लगाती हैं। ट्रंप को यह नहीं भूलना चाहिए कि आईटी के क्षेत्र व सिलिकॉन वैली में यदि समृद्धि की बयार बह रही है, उसमें भारतीयों का बड़ा योगदान है। आज यदि अमेरिका की बड़ी आईटी कंपनियों में भारतीय शीर्ष पदों पर हैं तो अपनी प्रतिभा के बूते ही हैं। एक शोध में खुलासा हुआ है कि सिलिकॉन वैली के करीब एक तिहाई टेक कर्मी भारतीय मूल के हैं। अपनी योग्यता के बूते दर्जनों टेक कंपनियों में भारतीय आईटी विशेषज्ञ ऊंचे ओहदों पर विराजमान हैं।

देश की बात



**राकेश दुबे**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# अंग्रेज अगर जमीन मुहैया कराते तो हजारीबाग में ही बनता शांति निकेतन!

84वीं पुण्यतिथि पर विशेष

गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर की रचनाओं का सृजन स्थल रहा है हजारीबाग। उनकी कविता की यह पंक्ति " जोदी तोर डाक शुने केऊना, आसे तोबे एकला चलो रे''.. आज भी हर साहित्य प्रेमी की जुबान पर अनायास ही प्रस्फुटित होती रहती है। इसकी रचना एकीकृत हजारीबाग जिले के गिरिडीह में विश्व कवि ने की थी। हजारीबाग में गुरुदेव का आगमन होना पूरी इलाके के लिए गौरव का विषय है। एक ऐसा विराट व्यक्तित्व का स्वामी जिसने पूरी एशिया में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया। गुरुदेव ने विश्व के मानचित्र पर अपने देश का नाम सर्वोच्च स्थान पर स्थापित करने का काम किया। हजारीबाग शहर इस मामले में काफी सौभाग्यशाली रहा है यहां गुरुदेव के चरण पड़े, प्रवास हुआ, सृजन की धारा प्रवाहित हुई तथा इतिहास के अध्याय में कई अविस्मरणीय पन्ने जुट गए। विश्वकवि पर पिछले 55 वर्षों से लगातार शोध कर रहे 86 वर्षीय अमल सेनगुप्ता की चर्चा करना यहां लाजमी होगा। श्री सेनगुप्ता न तो विश्वविद्यालय,न किसी कॉलेज और न किसी स्कूल के मास्टर रहे। वे डाक विभाग में पोस्ट मास्टर थे, इसके बावजूद गुरुदेव की रचनाओं के मास्टरपीस के रूप में उनकी चर्चा बांग्ला साहित्य जगत में की जाती रही है। श्री सेन गुप्ता से लिए गए साक्षात्कार के अनुसार रविंद्रनाथ टैगोर 1885 ई की अप्रैल माह में पहली बार हजारीबाग पधारे थे। उनके साथ भतीजी इंदिरा देवी तथा भतीजा सुरेंद्रनाथ टैगोर थे। इंदिरा जी के स्वास्थ्य लाभ के क्रम में यहां प्रवास हुआ था। इंदिरा जी कोलकाता के लोरेटिव कॉन्वेंट की छात्रा थी। उन्होंने अपनी स्मृति गाथा में हजारीबाग के डाक बंगला में ठहरने का वर्णन किया है। प्रवास की क्रम में उनका यदुगोपाल मुखर्जी के घर आना जाना होता था। श्री मुखर्जी स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेता थे। प्रोफेसर प्रशांत कुमार पाल ने अपनी पुस्तक रवि जीवनी के खंड 2 के पृष्ठ संख्या 235 में रवि बाबू से जुड़ी यात्रा का उल्लेख किया है। इस पुस्तक में अमल सेनगुप्ता के बारे में उल्लेख करते हुए कहा गया है कि तमाम जानकारी उनके पुस्तक के आधार पर प्रस्तुत की गई है। उसे समय गुरुदेव अपने परिजनों के साथ हजारीबाग रोड में ट्रेन से उतरने के बाद पुश- पुश गाड़ी से हजारीबाग पहुंचे थे। गुरुदेव का हजारीबाग में दूसरी बार 1903 में आगमन हुआ था। लकड़ा गोदाम के जूलु पार्क में बने डाक बंगला में प्रवास हुआ था। लकड़ा गोदाम 29 बीघा जमीन में बसा हुआ था जिसके मालिक गुरुदेव के रिश्तेदार काली कृष्ण ठाकुर थे। लोक निर्माण विभाग के इस निरीक्षण बंगला में रोशनी और हवा की सही व्यवस्था नहीं थी,परिणाम यह हुआ कि गुरुदेव समेत उनके सभी परिजन बीमार पड़ गए। इस संबंध में अमल दा अपनी प्रकाशित पुस्तकों के पन्ने पलटते हुए बताते हैं कि शहर के नामी बंगाली सज्जन गिरिंद्र कुमार गुप्ता आग्रह पूर्वक गुरुदेव को अपनी बाड़ी में ले गए। गुरुदेव की देखभाल करने वालों में ऋषिकेश दास गुप्ता,हेमनलिनी देवी और शीर्ष मजूमदार की साली थी। गिरेंद्र बाबू का बाड़ी अभी भी मेन रोड में पैगोड़ा होटल के पीछे अवस्थित है। "नौका डूबी'' गुरुदेव की महत्वपूर्ण कृति है जिसकी रचना गिरेंद्र बाबू की बाड़ी में हुई थी और इसकी नायिका शीर्ष मजूमदार की साली हेमनलनी देवी थी। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अंग्रेज सरकार हजारीबाग में गुरुदेव को जमीन उपलब्ध अगर कराती तो शांति निकेतन की स्थापना यही होती। गुरुदेव ने अपने मित्र शिर्ष मजूमदार को पत्र लिखकर इच्छा जतायी थी कि जमीन अगर मिलती तो शांतिनिकेतन के विद्यार्थियों के लिए तपोवन एवं हेल्थ रिजॉर्ट बनाया जाता। शिर्षदा 1903 में रेलवे एक्विजिशन ऑफीसर के पद पर यहां कार्यरत थे। गुरुदेव के हजारीबाग में आए 140 वर्ष पूरे हो गए हैं। उनकी स्मृतियों को सहेजने एवं संरक्षित करने का काम बखूबी अमल दा ने किया है। भोरे पाखी डाके कोथाए.. की रचना हजारीबाग की प्राकृतिक खूबसूरती को देखकर हुई थी। इस शहर में एक ऐसे विराट व्यक्तित्व का प्रवास हुआ, जिसमें गुरुदेव का नाम सर्वोपरि है। भावी पीढ़ी को इसकी जानकारी होनी चाहिए, कि एक ऐसा कलम का संवेदनशील व्यक्ति हजारीबाग में सृजन का महाजाल फैलाकर शब्दों को कैद किया था जिसकी 28 वर्षों बाद नोबेल पुरस्कार अपने देश की झोली में आई।





आपकी बात



**प्रो. प्रमोद कुमार**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

नयी यातना से भरे, नये नये से गर्भ।
अप्रासंगिक हो गये, सभी पुरा संदर्भ।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# सेवानिवृत्ति के बाद : जीवन की दूसरी सुबह

सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं है, यह एक नए जीवन का आरंभ है। यह वह पड़ाव है जहाँ व्यक्ति औपचारिक कार्यों से भले ही मुक्त हो जाता है, परंतु जीवन का उद्देश्य और जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती। अक्सर देखा गया है कि लोग सेवानिवृत्त होने के बाद यह मान बैठते हैं कि अब कोई कार्य नहीं बचा, अब केवल विश्राम ही शेष है। यह सोच धीरे-धीरे जीवन को निरर्थकता की ओर ढकेल देती है। कई बार तो ऐसा भी देखा गया है कि सेवानिवृत्ति के कुछ वर्षों के भीतर ही व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगड़ने लगता है, उनमें अवसाद घर कर जाता है, और जीवन-उत्साह समाप्त हो जाता है। इसका एकमात्र कारण है — लक्ष्य का अभाव, दिनचर्या का अभाव और समाज से कटाव। प्राचीन भारतीय जीवन-दृष्टि में इस स्थिति के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन मिलता है। वैदिक जीवन-पद्धति में चार आश्रमों का वर्णन है — ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। ऐसी व्यवस्था इसलिए बनाई गई थी कि व्यक्ति कार्य से एकदम विरक्त न हो, बल्कि एक कार्य के बाद सहजता से दूसरे कार्य में लग जाए । आज के संदर्भ में यह और अधिक प्रासंगिक हो गया है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति को चाहिए कि वह स्वयं को किसी न किसी उपयोगी कार्य में लगाए रखे। यह कार्य कोई बड़ा या भारी-भरकम न भी हो, तो भी ऐसा अवश्य हो जिससे जीवन में एक उद्देश्य बना रहे। सामाजिक सेवा, पर्यावरण-संरक्षण, बच्चों को पढ़ाना, जन-जागरूकता अभियान, पुस्तकालय संचालन, वृद्धाश्रमों या अनाथालयों में समय देना जैसे कार्य इसके उदाहरण हो सकते हैं। ये कार्य न केवल समाज के लिए लाभकारी हैं, बल्कि स्वयं सेवानिवृत्त व्यक्ति के जीवन को भी सार्थकता प्रदान करते हैं। असंख्य ऐसे जन होते हैं जो सेवा से निवृत्त होने के बाद भी सेवा की भावना से जुड़े रहते हैं। हमारे ही क्षेत्र के आदरणीय श्री मधुसूदन सर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने मध्य विद्यालय, भलूटांड़ में एक सरकारी शिक्षक के रूप में वर्षों तक सेवा दी। सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनकी सेवा-भावना थमी नहीं, बल्कि और प्रगाढ़ हो गई। आज भी वे एबल इंटरनेशनल स्कूल, डोरंडा में अवैतनिक सेवा दे रहें हैं, प्रतिदिन साइकिल से जाकर पढ़ाते हैं। उनका जीवन सादगी, सरलता और विनम्रता से भरा है। वे आज भी कभी किसी विद्यार्थी पर क्रोध नहीं करते, और अत्यंत शांतचित्त भाव से पढ़ाते हैं। वे हिंदी के एक प्रकांड विद्वान हैं और उनका यह समर्पण न केवल शिक्षण के प्रति, बल्कि समाज के प्रति उनके दायित्वबोध को दर्शाता है। उनका यह जीवन स्वयं में एक प्रेरणा है — कि सेवा कभी सेवानिवृत्त नहीं होती। अध्ययन और अध्यापन का कार्य सेवानिवृत्त जीवन के लिए विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है। जीवन भर के अनुभवों को लेखन या संवाद के माध्यम से युवा पीढ़ी तक पहुँचाया जा सकता है। अपने आस-पास के बच्चों को शिक्षा देना, उनके भविष्य को सँवारने में मार्गदर्शन करना, एक प्रकार से जीवन की पुनः उर्वरता है। साथ ही यह कार्य न केवल बौद्धिक व्यायाम देता है, बल्कि मानसिक ताजगी भी बनाए रखता है। सेवानिवृत्ति के बाद स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना भी अनिवार्य है। नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम, संतुलित आहार और मानसिक शांति बनाए रखने के लिए ध्यान अत्यंत उपयोगी है। यह समय होता है जब व्यक्ति स्वयं के साथ संवाद स्थापित कर सकता है, भीतर की यात्रा कर सकता है और आध्यात्मिक शांति प्राप्त कर सकता है। धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन, साधना,आत्मचिंतन से जीवन की आंतरिक पूर्ति होती है। अक्सर लोग इस अवस्था में अकेलेपन का अनुभव करते हैं। इससे बचने का सबसे सरल उपाय है – संवाद बनाए रखना। मित्रों से मिलते रहें, परिवार से जुड़ाव बनाए रखें, सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लें और नए लोगों से भी परिचय बढ़ाएं। इससे जीवन में गतिशीलता बनी रहती है। सेवानिवृत्ति का समय वह होता है जब व्यक्ति को कोई दबाव नहीं होता, कोई समयबद्ध उत्तरदायित्व नहीं होता, ऐसे में यह स्वेच्छा से सेवा का समय होता है। अब तक जीवन में जो कुछ पाया गया, उसका प्रतिदान समाज को लौटाने का यह स्वर्णिम अवसर होता है। यह समय विश्राम के साथ-साथ आत्मसमर्पण और कर्म का समय है। जीवन को कभी पूर्णविराम नहीं देना चाहिए। सेवानिवृत्ति एक अल्पविराम है, जहाँ से जीवन की दिशा थोड़ी बदलती है, परन्तु उसका महत्व और गहराई और भी बढ़ जाती है। यह वह काल है जहाँ व्यक्ति स्वयं दीपक बन सकता है, और अपने आलोक से दूसरों का मार्ग प्रकाशित कर सकता है। इसलिए, आवश्यक है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति सक्रिय रहे, प्रेरक बने और समाज के लिए कुछ करता रहे। यही जीवन की सच्ची सार्थकता है।

अलग बात



**बोधार्थी रौनक**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# सरकार ने की 'हर घर तिरंगा' से जुड़ने की अपील

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली, 6 अगस्त (आईएएनएस)। तीन साल पहले शुरू हुई 'हर घर तिरंगा' पहल अब जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। देशभर में समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों ने इस विचार को अपनाया है। इसी क्रम में, 'एक राष्ट्रगान, एक झंडा और एक राष्ट्र' की भावना के साथ इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय संस्कृति मंत्रालय ने कदम उठाए हैं। 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भारतीय संस्कृति मंत्रालय ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने की अपील की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए संस्कृति मंत्रालय ने लिखा, "हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हों और देशभक्ति की भावना जगाएं। तिरंगा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण करें, दूसरों को 15 अगस्त तक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें और अपनी 'सेल्फी विद तिरंगा' को 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर अपलोड करें।"

## 'हर घर तिरंगा' अभियान: देशभक्ति की लहर और रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी



भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के मौके पर 2022 में 'हर घर तिरंगा' अभियान शुरू किया था। इस अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की यात्रा और इस महान राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वालों की याद दिलाना है। 2022 में इस अभियान को अपार सफलता मिली, जहां 23 करोड़ परिवारों ने अपने घरों में तिरंगा फहराया और 6 करोड़ लोगों ने 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की। डाक विभाग ने इस अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाया और देश के सुदूर कोने में भी राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित की। संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक, साल 2022 में 'हर घर तिरंगा' वेबसाइट पर 5 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई थीं। 2023 में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 10 करोड़ से अधिक सेल्फी अपलोड की गई। उसी साल, चंडीगढ़ में 5,885 लोगों की भागीदारी के साथ 'राष्ट्रीय ध्वज लहराती हुई दुनिया की सबसे बड़ी मानव श्रृंखला की तस्वीर' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। 2024 में 5 करोड़ से अधिक लोगों ने सेल्फी अपलोड की।

## 'तेजस्वी के पास दो वोटर आईडी, तो समर्थकों के पास कितनी होंगी?'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के पास कई चुनावी पहचान पत्र हैं, जिससे उनके समर्थकों में भी इसी तरह की प्रवृत्ति का संकेत मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जमीनी स्तर पर कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर, बिहार में कोई समस्या नहीं है। जब विपक्ष के नेता (तेजस्वी यादव) के पास दो चुनावी पहचान पत्र हैं, तो हमें नहीं पता कि उनके समर्थकों के पास कितने पहचान पत्र होंगे। यही कारण है कि एसआईआर किया जा रहा है। कुछ दिन पहले, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ पटना के दीघा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनके पास दो चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) हैं। यह शिकायत एक वकील राजीव रंजन ने दर्ज कराई थी, जिन्होंने उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है। इससे पहले, तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया था कि उनका ईपीआईसी (मतदाता फोटो पहचान पत्र) नंबर "बदल दिया गया है।" यादव ने मतदाता सूची से अपना नाम गायब होने पर चिंता जताई थी और सवाल उठाया था कि वे आगामी चुनाव कैसे लड़ेंगे।

## बेरोजगार युवक के बैंक खाते में आ गये 100 खरब से ज्यादा रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**● लड़का गिन नहीं पा रहा था रकम के शून्य**

ग्रेटर नोएडा के दनकौर के निवासी दिलीप उस समय हैरान रह गए जब उनके खाते में 14 अंकों की रकम जमा हो गई। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं चली। एक अगस्त को, 20 वर्षीय दिलीप को एक संदेश मिला कि उनके बैंक खाते में 11.13 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं। बेरोजगार दिलीप दौड़े-दौड़े अपने बैंक गए, जहां उन्हें बताया गया कि यह अप्रत्याशित धनराशि नावी यूपीआई ऐप में हुई गड़बड़ी के कारण जमा हुई और उनके खाते में अब भी एक भी पैसा नहीं है। दिलीप ने दो महीने पहले ही एक निजी बैंक में खाता खुलवाया था। उनके माता-पिता नहीं हैं। व्यक्ति द्वारा अपनी दिवंगत माँ के बैंक खाते में एक बड़ी रकम-एक ट्रिलियन रुपये जमा होने की खबर सामने आने के एक दिन बाद, कोटक महिंद्रा बैंक ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। अपने बयान में, बैंक ने ग्राहकों से कोटक मोबाइल ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से अपने खाते के विवरण सत्यापित करने का आग्रह किया। बैंक ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि उसके सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, और इस दावे का खंडन किया कि इतनी बड़ी राशि किसी तकनीकी गड़बड़ी के कारण जमा हुई थी। बयान में कहा गया है, "ग्राहक के खाते में असामान्य रूप से बड़ी राशि जमा होने की मीडिया रिपोर्ट्स गलत हैं। इन रिपोर्टों के मद्देनजर, हम ग्राहकों को कोटक के मोबाइल बैंकिंग ऐप या नेट बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके अपने खाते के विवरण की जांच करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको कारोबार में डबल मुनाफा होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा| आज आप काम करने के तरीको में बदलाव करेंगें जो आपके लिए फायेदेमंद साबित होंगें| इस राशि के छात्र हायर एजुकेशन के लिए विदेश जाने की तैयारी कर सकते हैं|

**वृष :** वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगें, जो आपको तरक्की के रास्ते पर लेकर जायेंगें| आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर किसी कार्य को पूरा करने में सफल रहेंगें। आज आप कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में भी व्यतीत करें।

**मिथुन :** वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है| आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा, जिससे आपके मन में प्रसन्नता आएगी। आज आपको परिवार की तरफ से बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का समय आपको लाभ दिलायेगा।

**कर्क :** वालों आज का दिन आपके लिए ठीक – ठाक रहेगा । आज प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों का प्रोजेक्ट पूरा होगा, जिससे बॉस आपसे खुश होंगें| आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे, जिससे आपको थकान हो सकती है| आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिला – जुला रहेगा। आज आप सबसे पहले उन कार्यों को करें , जो काफ़ी टाइम से पेंडिंग पड़े हैं| आज आपको खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। आज आप अपने घर में पाजिटिविटी बनायें रखने के लिए घर की व्यवस्था को सुधारेंगें।

**कन्या :** वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा| आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें आपको दुगुना लाभ होगा| आज आपको रोजगार में पदोन्नती के अवसर प्राप्त होंगें, जिससे समाज में आपका रुतबा बढेगा। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता

**तुला :** वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा और आपका रुका हुआ पैसा भी वापस मिलेगा। आज आपका रुझान धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में बढ़ेगा। आज आप नेगेटिव व्यक्तियों से दूर रहें और अपने मनोबल को मजबूत करें|

**वृश्चिक :** वालों आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियाँ लेकर आया है| यदि आज आप कोई शॉप ओपन करना या शिफ्ट करना चाहते है, तो उससे जुडी सारी जानकारी पहले ही प्राप्त करलें| आज आप अपने व्यवहार में थोड़ा परिवर्तन लेकर आयें, जिससे एम्पलॉय के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहें|

**धनु :** वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा| आज आपके अधिकतर काम पूरे हो जायेंगें जिससे आपको संतुष्टि मिलेगी| आज आप कोई भी नया काम शुरु करने से पहले, उससे जुडी सारी जानकारी इक्कठी करलें| आज आप खुद के फैसलों पर यकीन रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें|

**मकर :** वालों आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत को लेकर विचार – विमर्श कर सकते हैं, जिससे आने वाले समय में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिल सके| इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कुंभ :** वालों आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा, भौतिक सुख – सुविधाओं की बढ़ोत्तरी होगी| आज आप अनुभवी व्यक्तियों के मार्गदर्शन में अपने आसपास की परिस्थितियों में थोड़ा बदलाव महसूस करेंगे।

**मीन :** वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति प्राप्त करने के अवसर मिलेंगें| आज आपकी नए व्यक्तियों से मुलाकात होगी और आपके रुके हुए काम पूरे होने से संतुष्टि मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें, बेहतर होगा अगर आप सामान की लिस्ट बना लें|

### उत्तराखंड में बादल फटने से महाराष्ट्र के 24 नागरिक फंसे

# सुप्रिया ने सीएम धामी से मदद मांगी



**एजेंसी। पुणे**

उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना के बाद महाराष्ट्र के 24 नागरिक उत्तराखंड में फंस गए हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने उत्तराखंड में फंसे नागरिकों के नाम के साथ मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों से उनसे संपर्क न होने के कारण परिवार के लोग काफी चिंतित हैं। एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "महाराष्ट्र के मंचर क्षेत्र के लगभग 24 नागरिक उत्तराखंड में हाल ही में हुए बादल फटने की घटना के कारण फंसे हुए हैं। पिछले 24 घंटों से उनसे संपर्क न होने के कारण उनके परिवार के लोग काफी चिंतित हैं।"

सुप्रिया सुले ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मदद की अपील की। उन्होंने कहा, "उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तराखंड मुख्यमंत्री कार्यालय से अनुरोध है कि कृपया हस्तक्षेप करें और उन्हें जल्द से जल्द बचाने में मदद करें।"

उन्होंने उत्तराखंड में फंसे हुए कुछ लोगों के नाम और मोबाइल नंबर भी एक्स पर शेयर किया है, जिनमें अशोक किसान भोर (9890600661), सविता शंकर काले (9527085169), अशोक टेमकर (9867571585), लीला रोकड़े (9130346544), माणिक ढोरे (9822364243), मारुति शिंदे (9284153045), समृद्धि जंगम (9936819132), सतीश मांगड़े (9766663401), लीना जंगम (9769621996), पुरूषोत्तम (9881403519), संगीता वालू (8830146903), शिंदे गहिनीनाथ (9881930966), अरुणा सातकर (9860758977), विट्ठल खेडकर (9405851609), सुनीता धोरे (7499490903), नितिन जाधव (9325666487) और मंगल (8805255991) शामिल है।

सुप्रिया सुले ने उत्तराखंड सरकार से अनुरोध किया है कि वहां फंसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे और उन्हें जल्द से जल्द बचाने में मदद करें। इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री

### उत्तरकाशी धराली आपदा: पीड़ितों से मिले सीएम धामी, बोले-

## हर परिवार के साथ खड़ी है सरकार

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित धराली इलाके का दौरा किया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को उत्तरकाशी के धराली में आई आपदा में प्रभावित लोगों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान, सीएम धामी ने पीड़ित परिवारों को संकट की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "इस आपदा ने कई परिवारों को अपार दुख दिया है, हम उनकी पीड़ा को समझते हैं। हमारी सरकार पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है।" उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों को तेजी से संचालित किया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता प्रत्येक लापता व्यक्ति की तलाश और प्रभावित परिवारों को पूर्ण सहयोग प्रदान करना है।इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी में आपदा प्रभावित क्षेत्र का हवाई निरीक्षण किया। उन्होंने उत्तरकाशी स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और सेना के प्रतिनिधियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत कार्यों को तीव्र गति से संचालित करने के निर्देश दिए।



## धराली में 70 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया गया

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के धराली में भूस्खलन में फंसे 70 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। सेना ने बुधवार को दी जानकारी में बताया कि आपदाग्रस्त इलाके में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राहत व बचाव अभियान अभी भी चलाया जा रहा है। अब तक 70 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। वहीं सेना के प्रयासों से कई लोगों को पहले ही ऊंचाई वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिया गया था। यहां सेना, एनडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन के सहयोग से राहत और बचाव कार्य जारी है। सेना के मुताबिक आपदा वाले क्षेत्र में सेना के दो और अतिरिक्त राहत और बचाव दलों को तैनात किया गया है। सेना के ये दल गंगोत्री और धराली में तैनात हैं। वहीं इसी इलाके में हर्षिल से धराली तक सड़क मार्ग खोलने के लिए भारी मशीनें लगाई गई हैं। फंसे हुए नागरिकों की तलाश के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है।निकाले गए लोगों को चिकित्सकीय सहायता और भोजन प्रदान किया जा रहा है। खोज और बचाव अभियान लगातार जारी है, ताकि हर प्रभावित व्यक्ति तक पहुंचा जा सके। भारतीय सेना प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उत्तराखंड के धराली में आए भूस्खलन, बादल फटने और फिर पानी के साथ मलबा आने के कारण यह त्रासदी हुई है।

### हिमाचल में बारिश का कहर

## हमीरपुर डिवीजन को अब तक 211 करोड़ का नुकसान, ऊना सबसे ज्यादा प्रभावित

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान हो रही भारी बारिश से जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। राज्य के निचले क्षेत्रों में लगातार हो रहे नुकसान का सिलसिला जारी है। खासतौर पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के हमीरपुर डिवीजन को अब तक 211 करोड़ रुपए का भारी नुकसान हो चुका है। यह जानकारी विभाग के मुख्य अभियंता विजय चौधरी ने दी। मुख्य अभियंता विजय चौधरी ने बुधवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिलों में सड़कों और पुलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा नुकसान ऊना जिले को हुआ है, जहां बारिश और भूस्खलन के चलते 70 करोड़ रुपए से अधिक की क्षति का आकलन किया गया है। यहां चार बड़े पुलों को भी नुकसान पहुंचा है। विजय चौधरी ने बताया कि हमीरपुर जिला की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 11.48 रुपए करोड़ का नुकसान हुआ है, जबकि बिलासपुर जिले में अब तक 42 करोड़ रुपए की क्षति का अनुमान है। धर्मपुर क्षेत्र भी बारिश से खासा प्रभावित हुआ है, जहां कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने जानकारी दी कि हमीरपुर जोन की कुल 36 सड़कें पूरी तरह से बंद हो गई थीं, जिनमें से अकेले धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 20 सड़कें अवरुद्ध थीं। विभाग की टीम और जेसीबी मशीनों के जरिए इन रास्तों को खोलने का काम तेजी से किया जा रहा है।

### उत्तरकाशी बादल फटने की घटना

## प्राचीन शिव मंदिर कल्प केदार मलबे में दबा मंदिर की संरचना केदारनाथ धाम की तरह ही थी

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार (5 अगस्त, 2025) दोपहर को खीर गंगा नदी में मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोगों के बह जाने की आशंका है। बाढ़ ने समुद्र तल से 8,600 फीट ऊपर स्थित धराली कस्बे के होटलों और आवासीय भवनों को प्रभावित किया। निवासियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज में पानी की विशाल लहरें इलाके से गुज़रती और लोगों और घरों सहित अपने रास्ते में आने वाली हर चीज़ को निगलती हुई दिखाई दे रही हैं। उत्तराखंड का प्राचीन शिव मंदिर कल्प केदार मलबे में दबा उत्तराखंड में उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में मंगलवार को बादल फटने के कारण खीर गंगा नदी में आयी विनाशकारी बाढ़ से यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर कल्प केदार मलबे में दब गया। ऐसा बताया जाता है कि पिछली बार आई किसी आपदा के कारण यह मंदिर कई वर्षों तक जमीन के नीचे दबा रहा था तथा केवल इसका उपरी हिस्सा ही दिखाई देता था। कतुरे शैली में निर्मित इस शिव मंदिर की वास्तुकला केदारनाथ धाम की तरह है।

## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली विधानसभा के आम जनता के लिए खुलने की संभावना

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए एक विशेष पहल के तहत, दिल्ली विधानसभा को 14 और 15 अगस्त को आम जनता के लिए खोल जा सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।पुराने सचिवालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक विधानसभा भवन में आम लोग जा सकेंगे और विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की संभावना है। दिल्ली पुलिस बैंड भी कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तुति देगा। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी तथा तौर-तरीकों पर काम किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता अक्सर इस इमारत को एक विरासत स्थल के रूप में विकसित करने और इसकी विरासत को देखने के लिए आम लोगों को प्रवेश की अनुमति देने की बात करते रहे हैं।

## सांसद की चेन छीनने के मामले में आरोपी गिरफ्तार, आभूषण बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को कहा कि उसने दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में तमिलनाडु की सांसद आर. सुधा की चेन छीनने की घटना में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद सुधा सोमवार को तमिलनाडु भवन के पास सुबह की सैर पर निकली थीं, तभी एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उनकी सोने की चेन छीन ली थी और इस दौरान उनके कपड़े भी फट गए थे। इस घटना में सांसद को मामूली चोटआई थी।दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' सांसद की चेन छीनने का मामला सुलझ गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और चेन बरामद कर ली गई है। शेष जानकारी समय आने पर साझा की जाएगी।

## बरनाला के मंदिर में जिंदा जले 15 लोग, रसोई कक्ष में लगी थी भयानक आग

**पंजाब।** पंजाब के बरनाल के एक मंदिर में बेदह ही दर्दनाक घटना घटी है। मंदिर की रसोई में अचानक आग लग जाने के कारण अफरा तफरी मच गयी और इस आग में बुरी तरह से 6 लोग जिंगा जल गये। पंजाब के बरनाला जिले में मंगलवार शाम एक मंदिर के रसोई घर में उस समय आग लग गई जब एक बड़े चूल्हे में डीजल डालते समय वह फैल गया और आग में 15 लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 15 लोगों में से छह 70-80 प्रतिशत तक झुलस गए और उन्हें फरीदकोट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी लोगों को बरनाला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना बरनाला के धनौला स्थित एक मंदिर में शाम करीब सात बजे उस समय हुई जब श्रद्धालुओं के लिए 'लंगर' तैयार किया जा रहा था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक रसोइया द्वारा चूल्हे में डीजल डालते समय डीजल फैलने के बाद रसोई कक्ष में आग तेजी से फैल गई। धनौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर जसपिंदरजीत कौर ने बताया कि फरीदकोट अस्पताल भेजे गए छह मरीजों के अलावा, दो अन्य को बरनाला सिविल अस्पताल भेजा गया है। 15 घायलों में से आठ पुरुष और सात महिलाएं थीं, जो उस समय मंदिर में स्वयंसेवा कर रहे थे।

## एसआईआर भाजपा-नीत केंद्र सरकार के दिमाग की है उपज: ममता बनर्जी

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से भाजपा-नीत केंद्र सरकार के दिमाग की उपज है। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बाढ़ प्रभावित घाटल के दौरे पर आईं बनर्जी ने यह भी कहा कि बांग्ला भाषी भारतीय नागरिकों को बांग्लादेशी बताकर पड़ोसी देश भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा, ''यह (एसआईआर) योजना केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई है, जिसमें निर्वाचन आयोग को भी शामिल किया गया है। हम इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने तर्क दिया कि इस प्रक्रिया के लिए माता-पिता के जन्म प्रमाण-पत्र सुरक्षित रखना सभी के लिए संभव नहीं है।

## धर्म परम सत्य है, इसके पालन से लोगों को साहस दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है : भागवत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि धर्म परम सत्य है तथा जिम्मेदारी के साथ इस मार्ग पर चलने से समाज को शांतिपूर्ण बनाए रखने में मदद मिलेगी। यहां धर्म जागरण न्यास के कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भागवत ने कहा कि धर्म का पालन और उसके प्रति प्रतिबद्ध रहने से लोगों को संकट के समय कोई रास्ता निकालने का साहस और दृढ़ संकल्प प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''यदि धर्म के प्रति आपकी प्रतिबद्धता दृढ़ है, तो आप कभी हिम्मत नहीं हारेंगे। सभी ने 'छावा' (छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित) फिल्म देखी है। केवल बड़े नाम ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी धर्म के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए अपना बलिदान दिया है।

## शताब्दी समारोह में पाकिस्तान-तुर्की-बांग्लादेश को निमंत्रण नहीं देगा आरएसएस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इस अवसर पर एक भव्य आयोजन 26 से 28 अगस्त तक दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रस्तावित है। यह समारोह न केवल संघ की विचारधारा और यात्रा पर चिंतन का मंच है, बल्कि इसकी वर्तमान रणनीति और भविष्य की दिशा को भी दर्शाता है। हालांकि, इस आयोजन के कूटनीतिक पहलू और कुछ देशों की अनुपस्थिति ने चर्चा का नया विषय जन्म दिया है। हम आपको बता दें कि RSS द्वारा पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की को निमंत्रण न भेजना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरी कूटनीतिक और वैचारिक परिप्रेक्ष्य दिखाई देता है।

**लोकसभा हंगामा** | हंगामे के बीच सिर्फ एक विधेयक पारित, मानसून सत्र रहा अब तक अनुत्पादक

# लोकसभा में जब गूंजा 'अस्सलामु अलैकुम', जय श्री राम से मिला जवाब

**● संसद में हुई यह नारेबाजी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में नाटकीय ढंग से नारेबाजी हुई जब भाजपा सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत जय श्री राम के नारे लगाकर किया और विपक्षी सदस्यों ने अस्सलाम अलैकुम, सर कहकर प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस नारेबाजी का वीडियो वायरल हो गया है। बुधवार को संसद की कार्यवाही फिर से विधायी चर्चा की बजाय नारेबाजी और विरोध प्रदर्शनों से ज्यादा प्रभावित रही। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा दोनों को दो-दो बार स्थगित करना पड़ा। यह अराजकता 11 से ज़्यादा बैठकों से जारी है और मानसून सत्र अब तक काफ़ी हद तक अनुत्पादक साबित हुआ है।लोकसभा गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 पारित करने में कामयाब रही। हालाँकि, जारी गतिरोध के कारण विधायी एजेंडे के अन्य मुद्दे अटक गए। सरकार ने बुधवार को पाँच प्रमुख विधेयक पारित करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सदन में केवल एक ही पारित हो सका। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच उस समय बहस हो गई जब खड़गे ने दावा किया कि उच्च सदन के अंदर सीआईएसएफ

## एसआईआर पर चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष, मर्चेंट शिपिंग बिल लोकसभा में पास

बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष द्वारा बार-बार व्यवधान डाले जाने के कारण, दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। 21 जुलाई को संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, ऑपरेशन सिंदूर पर दो दिनों की बहस को छोड़कर, कार्यवाही लगातार तीसरे सप्ताह बाधित रही है। इसके अलावा विपक्षी दलों के सांसदों ने बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौजूद होने की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं, राज्यसभा में बुधवार को पूर्व सदस्य दिवंगत सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। मलिक का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया।

## दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशियों को पकड़ा गया

दिल्ली पुलिस ने जुलाई में यहां द्वारका उपनगर में आठ बांग्लादेशियों समेत 22 विदेशी नागरिकों को पकड़कर स्वदेश वापसी के लिए भेज दिया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिन विदेशियों को पकड़ा गया है उनमें बांग्लादेशी नागरिकों के अलावा, नाइजीरिया के आठ, आइवरी कोस्ट के तीन, लाइबेरिया के दो और सेनेगल का एक नागरिक है। वे बिना वैध वीज़ा के अवैध रूप से देश में रह रहे थे और उन्हें द्वारका के विभिन्न स्थानों से हिरासत में लिया गया। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, "उन्हें बिना वैध वीज़ा के भारत में रहते हुए पाया गया। उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया, जिसने उनके निर्वासन का आदेश दिया।

# टैरिफ-टैरिफ चिल्लाते रह गए ट्रंप डोभाल ने रूस पहुंचकर किया खेल!

एजेंसी । नई दिल्ली

अपने टैरिफ वाले बम में अब डोनाल्ड ट्रंप खुद ही फंस गए हैं क्योंकि एक तरफ वो भारत को धमकी दे रहे थे कि 24 घंटे के अंदर रूस से तेल व्यापार बंद नहीं किया तो भारत पर भारी भरकम टैरिफ बम फोड़ दिया जाएगा। लेकिन ट्रंप को टैरिफ की धमकी दिए वक्त बीता भी नहीं कि भारत की तरफ से एनएसए अजित डोभाल रूस पहुंच गए हैं और रूस की धरती से खड़े होकर उन्होंने ट्रंप की बेचैनी को बढ़ा दिया है। उनका रूस पहुंचना इस बात को साबित करता है कि अब भारत और रूस के रिश्ते और मजबूत होंगे। इस दौरान कहा जा रहा है कि अजित डोभाल पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं और तेल के क्षेत्र में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। हालाँकि यह एक पूर्व-निर्धारित यात्रा है, लेकिन इसका विशेष महत्व है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के बीच रूसी तेल आयात के लिए भारत की आलोचना करते रहे हैं।

**भारतीय राजदूत ने रूस के उप रक्षा मंत्री से मुलाकात की :** डोभाल की मॉस्को यात्रा से पहले, रूस में भारतीय राजदूत विनय कुमार ने रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल-जनरल अलेक्जेंडर फोमिन से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुमार और फोमिन के बीच बैठक रूसी-भारतीय संबंधों के लिए पारंपरिक, गर्मजोशी और मैत्रीपूर्ण माहौल में हुई। बातचीत के दौरान, दोनों पक्षों ने रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय बातचीत के प्रासंगिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और विशेष रूप से विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की भावना में प्रासंगिक सहयोग को और मजबूत करने की अपनी मंशा की पुष्टि की।



एआई जेनरेटेड

## ट्रंप ने भारत पर 25% टैरिफ लगाया

पिछले हफ़्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी तेल और हथियार ख़रीदने और 2022 में यूक्रेन में छिड़े युद्ध को बढ़ावा देने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया। ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया है कि भारत खुले बाज़ारों में रूसी तेल बेचकर भारी मुनाफ़ा कमा रहा है। हाल ही में ट्रंप ने यह भी कहा कि वह भारत पर टैरिफ काफी बढ़ा देंगे। ट्रंप ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि वे युद्ध मशीन को बढ़ावा दे रहे हैं और अगर वे ऐसा करने जा रहे हैं, तो मुझे खुशी नहीं होगी।

### भारत का ट्रंप पर पलटवार

ट्रंप ने टैरिफ लगाकर भारत को धमकी दी है, वहीं भारत ने रूसी तेल खरीदने को लेकर नई दिल्ली पर किए गए हमलों के लिए अमेरिका (अमेरिका) और यूरोपीय संघ (ईयू) पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने अपने बयान में अमेरिका और यूरोपीय संघ के हमलों को 'अनुचित' बताया है और कहा है कि पश्चिमी देश खुद रूस से सामान और सेवाएँ खरीदना जारी रखे हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि पश्चिमी देशों ने पहले भी अन्य देशों को वैश्विक ऊर्जा बाजारों की स्थिरता को मजबूत करने के लिए इस तरह का व्यापार करने के लिए प्रोत्साहित किया था।

## ताइवान के पास चीनी सैन्य गतिविधि, लगातार तीसरे दिन घुसपैठ जारी



**ताइपेई (आईएएनएस)।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बुधवार को बताया कि चीन की सेना ने ताइवान के पास लगातार तीसरे दिन सैन्य गतिविधि की है। बुधवार सुबह 6 बजे तक 16 चीनी सैन्य विमान, छह नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आसपास देखे गए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 16 में से 8 पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के विमान मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तर और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे। इस घुसपैठ के जवाब में ताइवान की सेना ने निगरानी की और विमान, नौसैनिक पोत और तटीय मिसाइल प्रणाली तैनात की। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "आज सुबह 6 बजे तक 16 PLA विमानों, 6 नौसैनिक पोतों और 1 सरकारी जहाज को ताइवान के आसपास ऑपरेशन करते हुए देखा गया। इनमें से 8 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तर और पूर्वी ताइवान क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति की निगरानी की और प्रतिक्रिया दी। यह घटना चीन की तरफ से ताइवान के आसपास हालिया सैन्य गतिविधियों की कड़ी का हिस्सा है।

## रूस के लिए लड़ रहे पाकिस्तान और चीन के भाड़े के सैनिक : जेलेंस्की

कीव (आईएएनएस)

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि चीन और पाकिस्तान के 'भाड़े के सैनिक' रूसी सेना के साथ



लड़ रहे हैं। जेलेंस्की का यह बयान वोवचांस्क दिशा में लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों से मुलाकात के बाद आया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के सैनिकों ने युद्ध में चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी का उल्लेख किया है और जवाब देने की कसम खाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेलेंस्की ने लिखा, "आज, मैं वोवचांस्क क्षेत्र में हमारे देश की रक्षा करने वालों के साथ था। हमने कमांडरों से अग्रिम मोर्चे की स्थिति, वोवचांस्क की रक्षा और युद्ध की गतिशीलता के बारे में बात की। इस क्षेत्र में हमारे सैनिक युद्ध में चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की सूचना दे रहे हैं। हम इसका जवाब देंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने देश के लिए लड़ने वाले सैनिकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें राजकीय पुरस्कार प्रदान किए।

## कश्मीर मुद्दा भारत-पाक के बीच तनाव का मुख्य कारण: प्रधानमंत्री शरीफ



**करांची ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि कश्मीर मुद्दा भारत के साथ तनाव का मुख्य कारण है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के नयी दिल्ली के फैसले की आलोचना की। भारत सरकार ने पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया था। भारत इस कदम के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए पाकिस्तान इस दिन को 'यौम-ए-इस्तेहसाल' के रूप में मनाता रहा है। शहबाज ने कहा कि कश्मीर मुद्दा दोनों देशों के बीच तनाव का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, ''संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार कश्मीरी लोगों की इच्छा और आकांक्षाएं ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता हैं।

## 20,000 करोड़ का एक्सपोर्ट मिशन

## ट्रंप के टैरिफ से भिड़ने के लिए मोदी सरकार ने कर ली बड़ी तैयारी

एजेंसी । न्यू यॉर्क

डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान तो पहले ही किया जा चुका है जो 7 अगस्त की तारीख से प्रभावी होगा। लेकिन जिसके बाद ट्रंप की तरफ से एक बार फिर से भारत पर निशाना साधते हुए भारी टैरिफ लगाने की बात कही गई है। उनका कहना है कि भारत के साथ ट्रेड बैलेंस नेशनल सिक्योरिटी का मुद्दा है। इसलिए भारत के ऊपर टैरिफ लगाया जा रहा है। इस वक्त सबसे बड़ा मुद्दा रूस के साथ व्यापार किया जाना है। एक वक्त ऐसा था जब बड़ी बड़ी डींगे हांकने वाले ट्रंप 24 घंटे में यूक्रेन युद्ध खत्म करा लेने और रूस को संभाल लेने की बातें करते थे। लेकिन जब ऐसा करने में हो नाकाम रहे। उनकी दूसरी रणनीति में रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों को सजा देने के मूड में है। हालांकि भारत ने अमेरिका को एक्सपोज किया था। कैसे अमेरिका और यूरोप बड़ी मात्रा में रूस के साथ ट्रेड कर रहे हैं। वो भारत को मना कर रहे हैं। जिस तरह से भारत के ऊपर टैरिफ लगाया जा रहा है। भारत के कई सारे सेक्टर्स खासकर अमेरिका में जो एक्सपोर्ट करते हैं। उन्हें बड़ा झटका लगेगा। ऐसे में भारत को अपनी इकोनॉमी और देशवासियों को शील्ड करने की जरूरत है।



### निर्यातकों के लिए भारत की बड़ी योजना

अधिकारियों ने ईटी को बताया कि भारत अपने निर्यातकों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में उतार-चढ़ाव और बाज़ार की अनिश्चितताओं से बचाने के लिए सितंबर तक इस योजना को लागू करने की योजना बना रहा है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि नए निर्यात संवर्धन मिशन में निर्यात ऋण तक पहुँच को आसान बनाने और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करने पर केंद्रित विभिन्न पहल शामिल होंगी। इस मिशन को एक योजना के रूप में क्रियान्वित करने के लिए अगले पाँच-छह वर्षों में ₹20,000 करोड़ से अधिक की आवश्यकता होगी। इस पर विचार-विमर्श चल रहा है। कार्यक्रम में पांच प्रमुख क्षेत्र व्यापार वित्त, गैर-व्यापार वित्त जिसमें विनियमन, मानक और बाजार पहुंच शामिल है।

## पक्षी से टकराया पेरिस जा रहा विमान, अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त इमरजेंसी लैंडिंग से बची जान



एजेंसी । पेरिस

फ्रांस की राजधानी जा रहा इबेरिया का एक विमान हवा में पक्षी से टकरा गया। इससे फ्लाइट का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विमान के नोज वाले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इससे यात्रियों की जान मुश्किल में फंस गई। इसके बाद उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, तब जाकर यात्रियों की जान बच सकी। बताया जा रहा है कि यह फ्लाइट पेरिस जा रही थी। यह इबेरिया का प्लेन था। फ्लाइट की नोज वाले हिस्से पर भयानक बर्ड स्ट्राइक से बड़ा नुकसान। इबेरिया एयरलाइंस की फ्लाइट का नंबर IB-579 है। यह दुर्घटना बीते रविवार को हुई थी।

**टक्कर के बाद विमान में भर गया धुआं :** पक्षी से टक्कर के बाद विमान के अंदर धुआं भर गया, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने ऑक्सीजन मास्क पहने और भय के माहौल में एक-दूसरे को पकड़कर बैठे रहे। इस हादसे के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए, जिनमें यात्रियों के पैनिक भरे क्षण और धुएं से भरे केबिन की तस्वीरें देखी जा सकती हैं।

## अमेरिका के उत्तरी एरिजोना में हुआ विमान हादसा, प्लेन क्रैश में 4 लोगों की गई जान

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका में एक बार फिर विमान हादसा हुआ है। एक चिकित्सा परिवहन विमान उत्तरी एरिजोना में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसे के बाद विमान आग लग गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क स्थित सीएसआई एविएशन कंपनी का यह विमान फ्लैगस्टाफ से लगभग 200 मील (321 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में चिनले हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। विमान में सवार लोग चिकित्साकर्मी थे जो एक मरीज को लेने अस्पताल जा रहे थे।

## बांग्लादेश: अबू सैयद हत्याकांड में 30 के खिलाफ आरोप तय

ढाका (आईएएनएस)

बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने बुधवार को बेगम रोकैया विश्वविद्यालय, रंगपुर के छात्र अबू सैयद की हत्या के मामले में 30 व्यक्तियों के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए। यह हत्या पिछले वर्ष हुए 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट' के दौरान हुई थी। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस नजरुल इस्लाम चौधरी और अन्य दो सदस्यों की पीठ ने यह आदेश जारी किया। 30 आरोपियों में से 24 फरार हैं और सार्वजनिक नोटिसों के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुए हैं। ऐसे में ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गैरहाजिर में ही मुकदमा चलाने का निर्णय लिया है। सरकार की ओर से इन फरार आरोपियों के लिए चार वकीलों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें छह-छह आरोपियों का प्रतिनिधित्व सौंपा गया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार छह आरोपियों में से दो ने अब तक कानूनी प्रतिनिधित्व की व्यवस्था नहीं की है। इस पर ट्रिब्यूनल ने उनके कानूनी परामर्श को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। इससे पहले 30 जुलाई को ट्राइब्यूनल ने बेगम रोकैया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हसीबुर राशिद सहित 26 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे।

## आपकी जगह मोदी को फोन कर लूंगा...

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने ट्रंप को दिया टका सा जवाब

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार (स्थानीय समय)



को टैरिफ पर चर्चा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की "किसी भी समय कॉल करने" की पेशकश को अस्वीकार कर दिया, और कहा कि वह इसके बजाय भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के शी जिनपिंग को कॉल करना पसंद करेंगे। हालांकि, लूला ने अपने रूसी समकक्ष राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करने से इनकार कर दिया क्योंकि वह अभी यात्रा नहीं कर सकते हैं। लूला ने ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि मैं ट्रंप को किसी भी बातचीत के लिए फ़ोन नहीं करने वाला, क्योंकि वह बात नहीं करना चाहते। लेकिन निश्चिंत रहो, मरीना, मैं ट्रंप को सीओपी में आमंत्रित करने के लिए फ़ोन करूँगा, क्योंकि मैं जानना चाहता हूँ कि जलवायु मुद्दे पर उनकी क्या राय है। मैं फ़ोन करने का शिष्टाचार दिखाऊँगा, मैं उन्हें फ़ोन करूंगा, मैं शी जिनपिंग को फ़ोन करूँगा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को फ़ोन करूंगा, मैं फ़ोन करूँगा। भारत, चीन, रूस और ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका के साथ, ब्रिक्स के सदस्य हैं।




## मुकेश खन्ना ने शाहरुख खान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने का समर्थन किया



33 साल दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद शाहरुख खान ने आखिरकार अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीत लिया है। हाल ही में, 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की गई। शाहरुख खान ने एटली की फिल्म 'जवान' में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। तब से सोशल मीडिया पर यह बहस छिड़ी हुई है कि शाहरुख खान को अपनी फिल्म 'स्वदेश' के लिए बहुत पहले ही राष्ट्रीय पुरस्कार मिल जाना चाहिए था। अब, 'शक्तिमान' अभिनेता मुकेश खन्ना शाहरुख खान और उनकी राष्ट्रीय पुरस्कार जीत का पुरज़ोर बचाव करते हुए सामने आए हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, "जो लोग कह रहे हैं कि शाहरुख खान को इस फिल्म (जवान) के लिए नहीं, बल्कि स्वदेश के लिए पुरस्कार मिलना चाहिए था।

कहानी फिल्म जगत की

### शाहरुख खान का आभार संदेश

शाहरुख खान ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो संदेश साझा किया और कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और बेहतर करने की याद दिलाता है। शाहरुख खान ने कहा "राष्ट्रीय पुरस्कार सिर्फ़ उपलब्धि के बारे में नहीं है। यह मुझे याद दिलाता है कि मैं जो करता हूँ वह मायने रखता है। यह मुझे आगे बढ़ते रहने, कड़ी मेहनत करते रहने, रचना करते रहने और सिनेमा की सेवा करते रहने के लिए प्रेरित करता है। शोर से भरी इस दुनिया में, सुना जाना - सचमुच सुना जाना - एक आशीर्वाद है। उन्होंने अंत में कहा "और मैं वादा करता हूँ कि इस सम्मान का उपयोग अंतिम लक्ष्य के रूप में नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास, सीखने और जीवन देने के लिए ईंधन के रूप में करूंगा।

# अनगड़ा के रामदास राष्ट्रपति भवन में करेंगे डिनर, मिला न्योता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत बीसा गांव निवासी रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन से रात्रिभोज (डिनर) का निमंत्रण मिला है। रामदास बेदिया को 15 अगस्त 2025 को आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने और रात्रिभोज में शामिल होने का न्यौता दिया गया है। निमंत्रण मिलने पर रामदास बेदिया ने खुशी व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति का आभार जताया।

### इस खास उपलब्धि के लिए मिला सम्मान

रामदास बेदिया को यह आमंत्रण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित समय से पहले आवास निर्माण पूरा करने पर मिला है। जानकारी के अनुसार रामदास बेदिया ने योजना का लाभ मिलने के बाद पूरी ईमानदारी से अपने घर का निर्माण समय से पहले पूरा कराया। इसी उपलब्धि के लिए उन्हें राष्ट्रपति भवन में 15 अगस्त को आयोजित रात्रिभोज समारोह में शामिल होने का सम्मान स्वरूप आमंत्रण दिया गया है।

### बीसा गांव में खुशी की लहर

रामदास बेदिया को राष्ट्रपति भवन से रात्रिभोज का निमंत्रण मिलने पर बीसा गांव में खुशी की लहर है। परिवार और गांव के लोग खुशी से झूम रहे हैं। रामदास बेदिया एक साधारण किसान है। उन्हें राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिलने पर ग्रामीण बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं। रामदास बेदिया को डाक विभाग द्वारा यह खास निमंत्रण मिला।

### दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं बेदिया

रामदास बेदिया ने बताया कि पहले तो उन्हें इस बात पर भरोसा ही नहीं हुआ कि उन्हें दिल्ली बुलाया गया है, लेकिन जब उन्होंने चिट्ठी खोली तो वह खुशी से झूम उठे। उन्होंने बताया कि वह स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत चिंताजनक



● दीपक बिरुआ ने लिया हालात का जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसको देखते हुए राज्य सरकार ने उनके स्वास्थ्य को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की है। मंत्री दीपक बिरुआ दिल्ली पहुंचे और मेडिकल टीम के साथ बैठक कर रामदास सोरेन के हालात का जायजा लिया। झामुमो नेता कुणाल षाडंगी भी लगातार अस्पताल में रहकर रामदास सोरेन की सेहत पर नजर बनाए हुए हैं। राज्य सरकार ने रामदास सोरेन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की है और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## जमीन को लेकर मकान मालिक और किराएदार भिड़े, मारपीट

**रांची।** पंडरा बसंत विहार कॉलोनी में जमीन को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हुई। घटना सोमवार को घटी, जिसमें दोनों ओर से कई लोग घायल हो गए। प्रियंका कुमारी और मीना कुमारी ने एक-दूसरे के विरूद्ध पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में साहेब कुमार, सुधांशु कुमार और मीना कुमारी को आरोपी बनाया गया है। आरोप लगाया गया है कि उनके पति सुमित कुमार अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने उन्हें लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने के लिए जब वह गईं तो उन्हें भी आरोपियों ने पीटा। मीना कुमार ने प्राथमिकी में सुमित कुमार, प्रियंका कुमारी और रानी कुमारी को आरोपी बनाया है। आरोप लगाया गया कि अवैध तरीके से बिजली बिल लेने की शिकायत करने के लिए सुमित के पास गई तो वह भड़क गए। उनके साथ मारपीट करने लगा। अन्य आरोपियों ने बैट निकाल कर उन्हें मारा। चश्मा भी तोड़ दिया। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

### 12 लाख रक्षा सूत्र भारतीय सशस्त्र बलों को समर्पित

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों में यह भाव जागृत हुआ : संजय सेठ

● ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र देशवासियों की तरफ से सैनिकों को बहनों के प्रेम और सम्मान का भावपूर्ण संदेश है

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** देशव्यापी अभियान "ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र" (थीमः तिरंगा, सिपाही और मेरा देश) के तहत महेन्द्र प्रताप सिंह राणा, सिपाही प्रमुख एवं अध्यक्ष, पूर्व सैनिक महासभा ने 12 लाख रक्षा सूत्र (राखी) भारतीय सशस्त्र बलों को ससम्मान समर्पित किए। यह कार्यक्रम रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह वाइस चीफ ऑफ़ आर्मी की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

यह अभियान कारगिल विजय दिवस के अवसर पर औपचारिक रूप से शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य भारत के वीर सैनिकों की शहादत और सेवा को सम्मान देना है। हर राखी देश की मिट्टी से तिलक की गई है और उसके साथ नागरिकों, विशेषकर छात्रों और स्वयंसेवकों द्वारा लिखा गया संकल्प पत्र भी है, जिसमें सैनिकों के प्रति आभार और देशभक्ति का भाव व्यक्त किया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र देशवासियों की तरफ से सैनिकों को बहनों के प्रेम और सम्मान का भावपूर्ण संदेश है। देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा यह बहुत ही सराहनीय कार्य है ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों में यह भाव जागृत हुई यह एक भाई बहन का प्यार जो सैनिक 20-25 डिग्री में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं उनको देश की बहनों के द्वारा रक्षा सूत्र बांधे जाने पर उनके और इरादे मजबूत होंगे और हमारे देश के जवान और दृढ़ता के साथ अपनी देश की सेवा में अपना योगदान देंगे।

## रांची विवि में परीक्षा और रिजल्ट प्रकाशन समय पर कराने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में सत्रों में हो रही देरी, परीक्षा आयोजन और परिणाम प्रकाशन की प्रक्रिया को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो डीके सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय सिंह सहित विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक साख बनाए रखने के लिए परीक्षाओं और रिजल्ट को समयबद्ध करना अनिवार्य है। उन्होंने परीक्षा में हो रही देरी के कारणों की जानकारी ली और इसके समाधान के लिए अधिकारियों से सुझाव मांगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय सिंह ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम को समय पर कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन कुछ विषयों में शिक्षकों की कमी के कारण उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में विलंब हो रहा है।

इस पर कुलपति ने सुझाव दिया कि जिन विषयों में शिक्षकों की संख्या कम है, वहां सेवानिवृत्त शिक्षकों की सेवा ली जा सकती है, अगर वे मूल्यांकन कार्य करने के इच्छुक हों। इसके अतिरिक्त, बाह्य मूल्यांकन की व्यवस्था भी की जा सकती है, ताकि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच समय से पूरी की जा सके। विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारियों ने भी सुझाव दिया कि अगर वर्तमान सत्र को प्राथमिकता देते हुए समय पर पूरा किया जाए, तो पिछली परीक्षाओं को भी व्यवस्थित रूप से निपटाया जा सकता है, जिससे संपूर्ण शैक्षणिक सत्र नियमित हो सकेगा। कुलपति ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे परीक्षा और परिणाम प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए हर संभव विकल्प पर गंभीरता से विचार करें और शीघ्र अमल में लाएं। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के हित में विश्वविद्यालय का सत्र नियमित रहना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. गुरुचरण साहू, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रीतम कुमार, प्रॉक्टर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## सजायाफ्ता लालू जॉब की क्रिमिनल अपील खारिज, सजा बरकरार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एके तिवारी की अदालत ने चेक बाउंस केस में सजायाफ्ता कांके थाना क्षेत्र के डिमॉन्स्ट्रेटर कॉलोनी निवासी लालू जॉब की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया है। चेक बाउंस के मामले में जेएम कोर्ट द्वारा सुनाई गई 6 महीने की साधारण कारावास और 3.5 लाख का मुआवजा व 5,000 का जुर्माना बरकरार रखा गया है। यह मामला वर्ष 2022 का है, जब लालू ने शिकायतकर्ता मनोज कुमार सिंह को 2,50,000 का चेक सौंपा था। शिकायतकर्ता ने उसे 14 सितंबर 2022 को बैंक में जमा किया, लेकिन अपर्याप्त राशि के कारण चेक 15 सितंबर 2022 को बाउंस हो गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने एक नवंबर 2022 को चेक बाउंस का मुकदमा किया था। अदालत ने अपील खारिज करने के साथ ही पहले से मिली जमानत रद्द कर दी है। आरोपी लालू को ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

## आठ ट्रेनों को पूर्व-मध्य रेलवे स्टेशनों पर ठहराव की अनुमति



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेलमंडल से परिचालित होने वाली आठ ट्रेनों को पूर्व-मध्य रेलवे में पहले की भांति ठहराव की अनुमति दी गई है। इनमें पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस का दनौली फुलवड़िया स्टेशन में सात अगस्त से ठहराव होगा। यहां ट्रेन का आगमन सुबह 6.06 बजे और दो मिनट बाद प्रस्थान करेगी। हटिया-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस भी शाम 7.16 बजे आएगी और दो मिनट बाद रवाना होगी। संबलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस कर्पूरीग्राम स्टेशन पर आठ अगस्त से रुकेगी। यह ट्रेन सुबह 6.52 बजे आएगी और दो मिनट बाद रवाना होगी। गोरखपुर-संबलपुर एक्सप्रेस सात अगस्त से कर्पूरीग्राम स्टेशन पर दोपहर 2.54 बजे आएगी और दो मिनट बाद रवाना होगी।

पटना-हटिया पाटलीपुत्र एक्सप्रेस रामपुर डुमरा जंक्शन व मनकठा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन रामपुर डुमरा जंक्शन पर शाम 5.36 बजे आएगी और दो मिनट बाद रवाना होगी। वहीं, मनकठा स्टेशन पर शाम छह बजकर तीन बजे आएगी और दो मिनट बाद प्रस्थान करेगी। हटिया-पटना पाटलीपुत्र एक्सप्रेस मनकठा स्टेशन व रामपुर डुमरा स्टेशन पर सात बजे रुकेगी। मनकठा स्टेशन आगमन सुबह 9.15 बजे और प्रस्थान 9.17 बजे होगी। रामपुर डुमरा जंक्शन पर ट्रेन का आगमन सुबह 9.43 बजे और प्रस्थान 9.45 बजे होगा। इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस टेहटा स्टेशन पर रात 11.42 बजे आएगी और रात 11.44 बजे रवाना होगी। हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस टेहटा स्टेशन पर सुबह 4.33 बजे आएगी और सुबह 4.35 बजे रवाना होगी।

जेडआरयूसीसी सदस्य ने पत्र भेजा

रांची। जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजा है। इसमें बानो स्टेशन पर मौर्य एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस और जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है।

### दिशोम गुरु को मिले भारत रत्न : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मांग किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आदिवासी आंदोलन के प्रतीक, दिशोम गुरु के प्रति सम्मान और उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए उनके आवास को संग्रहालय बनाया जाए।

### आधे घंटे के लिए बाहर गई महिला के घर में चोरी

**रांची।** गोंदा थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर में दिनदहाड़े चोरी की घटना को चोरों के द्वारा अंजाम दिया गया। महज आधे घंटे के लिए घर को बंद का बच्चे के स्कूल गई महिला रीता देवी के घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के गहने की चोरी करली। पुलिस के द्वारा मिली जानकारी के अनुसर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच किया और चोरों का पता लगाने की कोशिश में जुटी है। हालांकि पुलिस के पास अब तक चोरों का सुराग नहीं है।

# कोर्ट व प्रशासन का काम सिर्फ न्याय देना नहीं, जनकल्याण भी है : न्यायायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डालसा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त रूप से सिविल कोर्ट परिसर में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यशाला की। 'नया आपराधिक कानून, आपराधिक न्यायशास्त्रः वर्तमान रुझान और चुनौतियां नालसा की योजना साथी, डॉन, आशा, जागृति आदि पर मल्टी स्टेक होल्डर कंसलटेशन' विषय पर आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ करते हुए न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा नंबर-1 बोले, अदालत व जिला प्रशासन का काम केवल न्याय देना नहीं, जनकल्याण भी है।

कार्यक्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन सिन्हा, आरडीबीए अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, महासचिव संजय विद्रोही आदि मौजूद थे। चार सत्रों में आयोजित कार्यशाला में अपर न्यायायुक्त प्रथम योगेश कुमार ने नए आपराधिक कानून के साक्ष्य ढांचे, जांच अधिकारियों, फोरेंसिक विशेषज्ञों और चिकित्सा पेशेवरों की भूमिका, रिमांड वकीलों, एलएडीसी और कानूनी सहायता अधिवक्ताओं के कर्तव्य आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

सीजेएम चंदन ने जमानत न्यायशास्त्र और विधिक सहायता संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। एमएसीटी जज निशांत ने गौर मोहम्मद बनाम भारत संघ मामले के आलोक में मुआवजा दावों पर चर्चा की। अंतिम सत्र में एसपी (ग्रामीण) ने जांच की बारीकियों पर बात की।

## ठेका श्रमिक उत्पादन शुरू करें, तभी मांगों पर विचार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने कहा है कि ठेका श्रमिक पहले प्लांटों में जाकर उत्पादन शुरू करें, तभी उनकी मांगों पर ठोस पहल संभव होगी। वह बुधवार को यूनियन कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब कामगार एफटीई के रूप में एचईसी से छह माह के लिए जुड़े थे, तब उन्हें सभी वित्तीय सुविधाएं और अवकाश समान रूप से मिले थे। एक वर्ष की हड़ताल में गलत नेतृत्व के कारण मजदूरों का वेतन कटा, ठेकेदार की अनुपस्थिति में छह माह का भुगतान लंबित है और पिछले एक माह से प्लांट से बाहर रहने से भी मजदूरों का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

बैठक की अध्यक्षता गिरिश कुमार चौहान ने की। बैठक में भोला साव, दिलीप, धनंजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कांत महतो, खुर्शीद आलम, राममोहन बैठा, दिलीप सिंह, सुधीर मिश्र, सीएस दास, एसके पांडेय, नवनीत, आलोक टोप्पो, राजेश सिंह, जगन्नाथ राम और रमेश चंद्र पांडेय सहित कई सदस्य उपस्थित थे। उत्पादन ही हर समस्या का समाधान लीलाधर सिंह ने कहा कि उत्पादन ही हर समस्या का समाधान है। उन्होंने प्रबंधन से मांग की है कि सभी कामगारों का बकाया वेतन भुगतान और जुलाई के बकाया वेतन मौजूदा ठेकेदार से तुरंत दिलाया जाए, ताकि असमंजस की स्थिति समाप्त हो। ठेका श्रमिकों का आंदोलन जारी उधर, ठेका श्रमिकों का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। ठेका श्रमिकों ने मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रबंधन से मांगों पर विचार करने को कहा गया।

## आतंकी हमले की आशंका में रांची एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आतंकी हमले की आशंका को लेकर रांची का बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को पांच से 20 अगस्त तक हाई अलर्ट पर है। इसके बाद मंत्रालय से मिले दिशा-निर्देश के तहत इस अलर्ट को बढ़ाया जाएगा। एयरपोर्ट के अधिकारी के मुताबिक देश के अंदर सभी एयरपोर्ट पर आतंकी घटना की धमकी देने की जानकारी मिली है। लेकिन इसका कंटेंट क्या है, इस बारे में नहीं बताया गया है। फिलहाल 15 अगस्त को लेकर एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर है। इसके मद्देनजर हर प्रकार की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। रांची एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्या ने बुधवार को बताया कि 20 अगस्त तक रांची एयरपोर्ट हाई अलर्ट है।

आतंकी तत्वों की धमकी की खबर है। मंत्रालय स्तर से पूरी जानकारी मिलने पर अलर्ट की अवधि बढ़ाई जाएगी। आतंकी तत्वों ने 22 सितंबर से लेकर दो अक्तूबर तक सभी एयरपोर्ट को आंतकी हमले की धमकी दी है। इसके बाद ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने सभी एयरपोर्ट पर सुरक्षा कड़ी कर दी है। रांची एयरपोर्ट पर 20 अगस्त तक विजिटर्स (अतिथियों) पर टर्मिनल के अंदर घुसने पर भी पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है। उनके लिए पास जारी करने की प्रक्रिया 20 तक बंद रहेगी।

## सहायक आचार्य संवर्ग के सफल अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग कल से

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञापन सं० 13/2023 के आलोक में झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर सहायक आचार्य संवर्ग अंतर्गत इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा-1 से 5) तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग 08 अगस्त को समाहरणालय भवन, ए.ब्लॉक. कमरा संख्या जी-14, जी-15 निर्धारित की गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञान सं० 13/2023 के आलोक में विभाग द्वारा प्राप्त सफल घोषित एवं अनुशंसित कुल 129 अभ्यर्थियों की सूची एवं जाँच-पत्रक, दिशा-निर्देश एवं शेडयूल आवश्यक कार्यार्थ संलग्न है, जो कार्यालय के वेबसाईट जिले के अधिकारिक बेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

### रक्षाबंधन संवेदना व विश्वास का है प्रतीक : संजय सर्राफ

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष रक्षाबंधन पर 9 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन बहन के स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का पर्व है। जिसमें बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनकी दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना करती हैं। इस वर्ष श्रावण माह की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त शुक्रवार को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी। तिथि का समापन 9 अगस्त शनिवार को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर है। उदया तिथि के अनुसार 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा इस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि है, जिसे राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है। भारत एक सांस्कृतिक विविधताओं से भरापूरा देश है जहां हर त्योहार अपने आप में एक विशेष संदेश लेकर आता है। इन्हीं में से एक है रक्षाबंधन, जो भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और रक्षा के वचन का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पारिवारिक संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक एकता और प्रेम का संदेश भी देता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**गुमला पुलिस की बड़ी सफलताः पीएलएफआई सुप्रीमो...**
जंगल को चारों ओर से घेरकर कार्रवाई की गई। मुठभेड़ में कई मिनटों तक दोनों ओर से गोलियां चलीं और आखिरकार मार्टिन केरकेट्टा ढेर हो गया। मौके से पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुए। मार्टिन पर गुमला, खूंटी, रांची, सिमडेगा, चाईबासा, हजारीबाग और चतरा जिलों में 70 से अधिक संगीन मामले दर्ज थे, जिनमें हत्या, पुलिस पर हमला, रंगदारी, अपहरण, आगजनी और हथियार तस्करी शामिल है। उसकी मौत से पीएलएफआई की कमर टूट गई है और संगठन बिखराव की कगार पर है। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि झारखंड में उग्रवादियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। या तो वे आत्मसमर्पण करेंगे या उनका अंत होगा।

**ट्रंप के परिवार की कंपनी भारत में रियल...**
उसकी आय में भी इजाफा हुआ है। सन 2012 में 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' ने भारत में पहले प्रोजेक्ट का ऐलान किया था और जब तक यह प्रोजेक्ट पूरे होंगे तब तक ट्रंप का भारत में कुल रियल एस्टेट कारोबार 3 मिलियन से बढ़कर 11 मिलियन स्क्वायर फुट हो जाएगा। ट्राइबेगा डवलपर्स का कहना है कि ये प्रोजेक्ट्स कम से कम 15,000 करोड़ रुपये तक में बेचे जा सकते हैं। ट्राइबेगा डवलपर्स कल्पेश मेहता के नेतृत्व वाली कंपनी है और यह भारत में 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' की ऑफिशियल पार्टनर है। अजरज यह है कि 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' कंस्ट्रक्शन के काम में सीधे पैसा निवेश नहीं करती। यह केवल अपने ब्रांड का नाम देती है और इसके बदले में वह लाइसेंस फीस या डेवलपमेंट फीस लेती है या फिर प्रोजेक्ट्स की कुल बिक्री में से 3 से 5% शेयर लेती है। इस तरह की संपत्तियां लग्जरी डेवलपमेंट की होती हैं और क्योंकि इसमें ट्रंप का नाम लगा हुआ है इसलिए इन प्रॉपर्टीज की कीमत काफी ज्यादा होती हैं। भारत में इन प्रोजेक्ट पर काम करने वालों में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल), लोढ़ा ग्रुप, एम3एम ग्रुप, पंचशील रियल्टी, आईआरए इंफ्रा और यूनिमार्क जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इससे संबंधित सवालों पर रिलायंस ग्रुप, ट्रिबेका डेवलपर्स, एम3एम ग्रुप, यूनिमार्क ग्रुप और पंचशील ग्रुप के साथ-साथ 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' से भी संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लोढ़ा ग्रुप ने कहा कि वह फिलहाल ट्रंप-ब्रांडेड किसी भी प्रोजेक्ट्स के लिए कोई योजना नहीं बना रहा है। 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' को डोनाल्ड ट्रंप ने बनाया था। इसके वाइस प्रेसीडेंट उनके बेटे डोनाल्ड जे. ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप हैं। 2017 तक डोनाल्ड ट्रंप इसके प्रेसीडेंट और सीईओ थे लेकिन अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उन्होंने इसके मैनेजमेंट से इस्तीफा दे दिया था। एक ट्रस्ट के जरिए उनके पास 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' की मेजोरिटी ओनरशिप है और 2021 के बाद से वह इसके चेयरमैन हैं। 14 नवंबर, 2024 को दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत में चार कंपनियां शुरू की गई। यह कंपनियां डीटी मार्क्स नोएडा 94 एलएलसी, डीटी मार्क्स गुड़गांव 111एलएलसी, डीटी मार्क्स गुड़गांव 69 एलएलसी व DT Marks पुणे मुंढवा एलएलसी हैं। 2024 में 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' को भारत से 12 मिलियन डॉलर मिले। इसमें से 10 मिलियन डॉलर रिलायंस 4आईआर रियलिटी से 'डेवलपमेंट फीस' के रूप में आया। बचा हुआ 2.2 मिलियन डॉलर ट्राइबेका, एम3एम , लोढ़ा, यूनिमार्क और आरबीडी ग्रुप ने लाइसेंस व रॉयल्टी फीस के रूप में गुरुग्राम, मुंबई और कोलकाता की प्रॉपर्टीज के लिए दिया। 2017 में जब ट्रंप पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने तो उस समय 'द ट्रंप आर्गेनाइजेशन' ने कोलकाता और गुरुग्राम में दो रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में काम शुरू किया। इससे पहले इसने पुणे (2012) व मुंबई (2013) में एक-एक प्रोजेक्ट को अपना नाम दिया था। आंकड़ों के मुताबिक, 2012-2019 के बीच भारत के चार प्रोजेक्ट्स से इस कंपनी ने लगभग 11.3 मिलियन डॉलर कमाए।भारत में ट्रंप ब्रांड वाले 13 प्रोजेक्ट्स में से दो पूरे हो चुके हैं, दो पूरे होने वाले हैं, तीन अपने शुरुआती फेज में हैं और तीन अभी लॉन्च का इंतजार कर रहे हैं। दो प्रोजेक्ट्स पर काम रुका हुआ है और रिलायंस 4आईआर के एक प्रोजेक्ट को लेकर ऐलान किया जाना बाकी है।यह हालत है ट्रंप के खून में धंधे का भारत में।ब्रांड के नाम पर मुफ्त की कमाई की।

**अमेरिका ने भारत पर लगाया 25 फीसदी...**
खरीद रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारतीय सामान पर अमेरिका में टैरिफ को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

**चाईबासा कोर्ट में हाजिर हुए राहुल...**
कांग्रेसजन किसी हत्यारे को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है।" इस मामले में अप्रैल 2022 में अदालत ने जमानती वारंट, फिर फरवरी 2024 में गैर-जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी ने पेशी से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत आवेदन दिया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की और कुछ समय तक राहत भी मिली, लेकिन मार्च 2024 में हाईकोर्ट ने याचिका निस्तारित कर दी। इसके बाद चाईबासा कोर्ट ने 22 मई 2025 को फिर से गैर-जमानती वारंट जारी किया। आखिरकार राहुल गांधी ने 6 अगस्त को कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराई, जिसके बाद उन्हें सशर्त जमानत दे दी गई। राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा और दीपांकर रॉय ने अदालत में पक्ष रखा। अब यह मामला ट्रायल की प्रक्रिया में आगे बढ़ेगा।

# 18 अगस्त को होगा वर्ल्ड वॉलीबॉल चैंपियनशिप, झारखंड के स्कूली बच्चो का होगा ट्रायल

- खिलाड़ियों का पुणे में होगा नेशनल ट्रायल, कक्षा 6-12 में अध्ययनरत छात्र छात्राएं ट्रायल में लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

झारखंड के स्कूली विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा चीन के शांगलू में 4 से 13 दिसंबर तक आयोजित होने वाली विश्व वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड के अंडर-15 आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं का चयन किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता के लिए राज्यस्तरीय ट्रायल का आयोजन 18 अगस्त को रांची विश्वविद्यालय के आर.के. आनंद पवेलियन में किया जा रहा है। इस ट्रायल में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि इस ट्रायल का उद्देश्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित करने का मौका देना है। इससे राज्य के छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

**आगे की चयन प्रक्रिया :** इस राज्यस्तरीय ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय ट्रायल के लिए भेजा जाएगा, जो 26 से 30 अगस्त तक पुणे के बालेवाड़ी में आयोजित होगा। अंडर 15 बालक टीम का ट्रायल 26-27 अगस्त और अंडर 15 बालिका टीम का ट्रायल 29-30 अगस्त को होगा।

# डंकले, एक्लेस्टोन और लुईस 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नॉमिनेट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इंग्लिश क्रिकेटर सोफिया डंकले और सोफी एक्लेस्टोन के साथ आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। यह पुरस्कार जुलाई 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। सोफिया डंकले ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के पांच मुकाबलों में 30.20 की औसत के साथ 151 रन बनाए, जबकि तीन वनडे मुकाबलों में उन्होंने 63 की औसत के साथ 126 रन जोड़े। डंकले ने 'द ओवल' में खेले गए टी20 मुकाबले में 75 रन की पारी बनाए, जबकि साउथैम्पटन में खेले गए वनडे मैच में उन्होंने 83 रन जड़े।

# सिराज... को वह श्रेय नहीं मिला जिसके वह हकदार हैं : तेंदुलकर



*तेंदुलकर ने कहा कि आखिरी दिन सिराज जिस तरह से शुरुआत की, वह काबिले तारीफ थी और उन्होंने हमेशा अहम भूमिका निभाई है, जब भी हमें उनकी जरूरत पड़ी, जब भी हम चाहते थे कि वह धमाकेदार प्रदर्शन करें।*

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें मोहम्मद सिराज का रवैया बहुत पसंद है। इस तेज गेंदबाज को वह श्रेय नहीं मिलता, जिसका वह हकदार है। ओवल टेस्ट के पांचवें दिन सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जिसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। इंग्लैंड के पास सिराज की सटीकता का कोई जवाब नहीं था, क्योंकि उन्होंने पांचवें दिन 25 गेंदों में सिर्फ नौ रन देकर तीन विकेट झटके और निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज ने गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़कर भारत की जीत पक्की की। तेंदुलकर ने कहा कि अविश्वसनीय और शानदार अंदाज। मुझे उनका रवैया बहुत पसंद है। एक तेज गेंदबाज का इस तरह लगातार आपके सामने रहना, किसी भी बल्लेबाज को पसंद नहीं आएगा।

और आखिरी दिन उन्होंने जो रवैया अपनाया, वह अंत तक कायम रहा, मैं कमेंटेटर्स को यह कहते हुए भी सुन सकता था कि उन्होंने सीरीज में 1,000 से ज्यादा गेंदें फेंकने के बाद आखिरी दिन लगभग 90 मील प्रति घंटे (145 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंद फेंकी। यह उनके साहस और बड़े दिल को दर्शाता है। सिराज इस सीरीज में 32.43 की औसत से 23 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे। सीरीज में उन्होंने 1,113 गेंदें फेंकी। तेंदुलकर ने कहा कि आखिरी दिन उन्होंने जिस तरह से शुरुआत की, वह काबिले तारीफ थी और उन्होंने हमेशा अहम भूमिका निभाई है, जब भी हमें उनकी जरूरत पड़ी, जब भी हम चाहते थे कि वह धमाकेदार प्रदर्शन करें। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करके दिखाई। इस सीरीज में भी यही हुआ। जिस तरह से उन्होंने इतने सारे विकेट लिए और अच्छा प्रदर्शन किया, उससे उन्हें वह श्रेय नहीं मिलता, जिसके वे हकदार हैं। सिराज इस सीरीज में सबसे बेहतरीन गेंदबाज साबित हुए। जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण केवल तीन मैच ही खेल पाए। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में बुमराह ने 14 विकेट लिए, जिनमें दो बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। तेंदुलकर ने बुमराह का समर्थन करते हुए कहा कि उनके द्वारा मिस किए गए टेस्ट मैच 'महज एक संयोग' थे। मुझे पता है कि लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं, जो टेस्ट बुमराह खेले नहीं, वो हम जीते।

सच कहूं तो मेरे लिए यह महज एक इत्तेफाक है। बुमराह ने वाकई अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट में पांच विकेट लिए। वो दूसरा टेस्ट नहीं खेले, लेकिन लॉर्ड्स में तीसरी और चौथी पारी में उन्होंने पांच विकेट लिए। यानी, उन्होंने जो तीन टेस्ट खेले हैं, उनमें से दो बार उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह का प्रदर्शन लाजवाब है। अब तक उन्होंने जो कुछ भी किया है, वो अविश्वसनीय है। मेरे हिसाब से, वो बिना किसी शक के लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। मैं उन्हें किसी भी और से बेहतर मानता हूं।

### तेंदुलकर ने की मोहम्मद सिराज की तारीफ

- सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें मोहम्मद सिराज का रवैया बेहद पसंद है।
- उन्होंने कहा कि सिराज को वो श्रेय नहीं मिलता, जिसके वह हकदार हैं।
- तेंदुलकर ने सिराज के प्रदर्शन को "अविश्वसनीय और शानदार" बताया।

### ओवल टेस्ट के हीरो बने मोहम्मद सिराज

- ओवल टेस्ट के पांचवें दिन सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए।
- उनकी गेंदबाज़ी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 6 रन से हराया।
- इस जीत से पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर हो गई।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हॉकी झारखंड का परचम

# पुरुष और महिला दोनो टीमों का शानदार प्रदर्शन





- पुरुष वर्ग और महिला वर्ग दोनो ने जीत हासिल की
- झारखंड पुरुष टीम फाइनल में और महिला टीम क्वार्टर फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

28 जुलाई से 08 अगस्त 2025 तक चेन्नई में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सेमी फाइनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश को 3-1 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। 29 मिनट तक झारखंड टीम 1-0 से पिछड़ रही थी ,परंतु झारखंड के खिलाड़ी जुझारू और आक्रमक प्रदर्शन करते हुए वापसी किए और 29 वे मिनट में झारखंड के सुमराय सोरेंग ने फील्ड गोल कर टीम को बराबरी पर लाया। 44 वे मिनट में आशीष तानी पूर्ति ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर 2-1 से बढ़त ले ली ,56 वे मिनट में झारखंड के झारखंड के जयसन कांडुलना ने एक शानदार फील्ड गोल कर स्कोर 3-1 कर ली,और अंत तक मध्य प्रदेश को गोल करने ना देते हुए 3-1 से मैच अपने नाम कर फाइनल में जगह बना ली।

इस मैच में झारखंड के खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया। इससे पूर्व अपने पहले मैच हॉकी पंजाब को 5-2 गोल से और दूसरे मैच में हॉकी कर्नाटक को 8-0 से ,क्वाटर फाइनल में चंडीगढ़ को 13-00 के बड़े गोल अंतर से पराजित कर चुका है। झारखंड पुरुष टीम के फाइनल पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त अधिकारियों ने बधाई दी है और फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दी है। 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड महिला टीम ने भी अपने दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ को 07-01 से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में। 01 अगस्त से 12 अगस्त तक काकीनाडा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15 th हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप 2025 में झारखंड महिला हॉकी टीम ने अपने दूसरे मैच में हॉकी छत्तीसगढ़ को 07-01 गोल से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गई। इससे पूर्व कल पहले मैच में हॉकी कर्नाटक को 2-0 से पराजित कर चुकी है। आज के मैच में झारखंड टीम की ओर से सरोज कुमारी , स्वीटी डुंगडुंग,रजनी केरकेट्टा ने दो दो गोल और रोशनी आइंद ने एक गोल की। इस मैच में झारखंड की दो गोल करने वाली स्वीटी डुंगडुंग को उनके शानदार खेल के प्रदर्शन करने पर बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार दिया गया है झारखंड टीम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

# 4थीं झारखंड राज्य स्तरीय ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** राज्य भर के जेवलिन थ्रोअर जुटे साहेबगंज में प्रतियोगिता में साहेबगंज,धनबाद,रामगढ़,बोकारो, देवघर, दुमका, जामताड़ा गोड्डा, पाकुड़, पलामू समेत अन्य जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ, रांची के निदेश के आलोक में साहेबगंज जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम,साहेबगंज में गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से 4थीं झारखंड राज्य ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता बालक एवं बालिका अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 ,ओपन महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए आयोजित किया जाएगा। जिसमें इस प्रतियोगिता से राष्ट्रीय स्तर के कई प्रतियोगिताओं का क्वालीफाइंग भी निर्धारित होगा। ज्ञातब्य हो नीरज चोपड़ा द्वारा 07अगस्त 2021 को टोक्यो ओलंपिक में देश के लिए एथलेटिक्स (जेवलिन) में पहला स्वर्ण पदक जीता गया था। तब से 07 अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन डे के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है एवं एक साथ इस दिन देश के सभी राज्यों में प्रतियोगिता आयोजित कर खेल प्रतिभा निखारने का प्रयास किया जाता है। जिले में एथलेटिक्स की पहली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा को लेकर यहां के खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल है।

# नगड़ी अचीवर्स लायंस टीम ने नगड़ी अचीवर्स बुल्स को 9 विकेट से हराया

- नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी–2 का पांचवां मैच

**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में आज नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी –2 प्रतियोगिता के पांचवां मैच नगड़ी अचीवर्स बुल्स और नगड़ी अचीवर्स लायंस के बीच में हुआ। बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बुल्स की टीम ने 20 ओवरों में 10 विकेट खो के 95 रन बनाए । जवाब में लायंस की टीम ने 1 विकेट के नुकसान लक्ष्य को प्राप्त के लिया। । मैच के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दिलीप मुंडा को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। प्लेयर ऑफ द मैच का इनाम राज्य स्तरीय खिलाड़ी विल्फ्रेड बैंग के द्वारा दिया गया।




# सात अगस्त को रेसलर पूजा ढांडा की बिजनेसमैन अभिषेक बूरा से सगाई

**हिसार (आईएएनएस)।** भारत की मशहूर रेसलर पूजा ढांडा गुरुवार को सगाई रचाने जा रही हैं। परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी सगाई घिराय गांव के प्रॉपर्टी डीलर अभिषेक बूरा के साथ तय हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करने वाली पूजा की शादी 13 नवंबर को होगी। पूजा के पिता अजमेर ढांडा पशुपालन विभाग में जीएलएफ पद से सेवानिवृत्त हैं। पिता ने बताया कि सगाई को लेकर सभी परिजन उत्साहित हैं। परिवार इस खास दिन की तैयारी में जुटा है। सगाई समारोह सात अगस्त को सुबह 11 बजे तोशाम रोड स्थित ताज पैलेस में होगा। पूजा सुंदरनगर में रह कर हिसार में बतौर सीनियर कुश्ती ट्रेनर अपनी सेवाएं दे रही हैं। पूजा ने साल 2003 में जिस महाबीर स्टेडियम से कुश्ती की शुरुआत की, आज वहीं इस खेल के दांव-पेंच सिखा रही हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# वीकली एफएंडओ एक्सपायरी पर रोक लगाने की कोई योजना नहीं : सेबी चेयरमैन

**मुंबई (आईएएनएस)**




सेबी अध्यक्ष ने मीडिया रिपोर्ट्स को अफवाह बताया

- सेबी चेयरमैन ने कहा–"मुझे ऐसी किसी सूचना की जानकारी नहीं है।
- उन्होंने मीडिया रिपोर्ट्स को अफवाह बताया और कहा कि जो जानकारी दी जा रही है, वह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने बुधवार को उन रिपोर्ट्स को अफवाह करार दिया, जिनमें दावा किया गया था कि नियमाक वीकली एक्सपायरी पर रोक लगाने की तैयारी कर रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए सेबी अध्यक्ष ने कहा, "मुझे ऐसी किसी भी सूचना की जानकारी नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स अफवाह हैं, हम जो कह रहे हैं वह सब सार्वजनिक है। उन्होंने आगे कहा कि सुधारों की आवश्यकता है, लेकिन इन सुधारों की प्रकृति एक प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित होती है। उनके बयान के बाद, गिरावट में कारोबार कर रहे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के शेयर में तेजी आई और यह कारोबार के अंत में 0.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,388 रुपए पर बंद हुआ। सेबी चेयरमैन के बयान के बाद निफ्टी कैपिटल मार्केट्स इंडेक्स भी तेजी आई, हालांकि, यह 0.20 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 4,355 पर बंद हुआ। एंजेल वन, मोतीलाल ओसवाल, यूटीआई एएमसी और कैम्स के शेयरों में 0.13 प्रतिशत से 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई।

मंगलवार को एक रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि बाजार नियामक और सरकार सट्टेबाजी कम करने के लिए वीकली एक्सपायरी पर रोक लगाने पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद बीएसई और अन्य पूंजी बाजार के शेयरों में गिरावट शुरू हो गई थी।

पिछले महीने, सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने एफएंडओ अनुबंधों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की थी और यह भी कहा था कि नियामक "प्रस्तावित उत्पादों और समाधानों की अवधि और परिपक्वता अवधि बढ़ाकर" एफएंडओ बाजार की गुणवत्ता में सुधार पर विचार करेगा। उन्होंने कहा, "जैसा कि कई विशेषज्ञों ने बताया है, हमारा भारतीय डेरिवेटिव बाजार इकोसिस्टम यूनिक है, क्योंकि एक्सपायरी के दिनों में, इंडेक्स ऑप्शंस में कारोबार अकसर नकद बाजार के कारोबार से 350 गुना या उससे अधिक होता है। यह एक असंतुलन है, जिसके कई संभावित प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं।

# ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए 11,535 कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगे : अश्विनी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अब तक विभिन्न जोनों के 11,535 कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, यह जानकारी सरकार द्वारा बुधवार को संसद में दी गई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, लगभग 74,000 कोचों और 15,000 इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "प्रत्येक कोच में चार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिसमें हर प्रवेश द्वार पर दो कैमरे होंगे। वहीं, इंजन में छह सीसीटीवी कैमरे होंगे।

# रेपो रेट पर आरबीआई के फैसले के बाद शेयर बाजार लाल निशान में बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत की कमजोर के साथ 80,543.99 और निफ्टी 75.35 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 पर था। आरबीआई की ओर से एमपीसी के फैसलों का ऐलान कर दिया गया है, जिसमें रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उसे 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। लार्जकैप की अपेक्षा अधिक गिरावट स्मॉलकैप और मिडकैप में हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 457.10 अंक या 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 56,749.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 201.95 अंक या 1.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,662.60 पर था।

# वाट्सएप ला रहा है नाइट मोड, अब अंधेरे में भी करें वीडियो कॉल और फोटोग्राफी

वाट्सएप लगातार अपने फीचर्स को बेहतर बनाने में जुटा हुआ है। इस बार कंपनी ने कैमरा सेक्शन में एक ऐसा फीचर लाने की तैयारी की है जो रात में भी शानदार तस्वीरें और वीडियो कॉल की सुविधा देगा। इस नए फीचर को "नाइट मोड" कहा जा रहा है और यह लो-लाइट फोटोग्राफी को नया अनुभव देने वाला है। चलिए जानते हैं इस फीचर की खास बातें, कैसे करता है काम और कौन कर सकेगा इसका इस्तेमाल।

**अब अंधेरे में भी होगी तस्वीरें और वीडियो कॉलिंग :** वाट्सएप का नया नाइट मोड फीचर खासतौर पर उन यूजर्स के लिए है जो कम रोशनी में फोटो या वीडियो कॉल करना पसंद करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फीचर वाट्सएप के एंड्रॉयड वर्जन में आ रहा है, जिससे कम रोशनी में ली गई तस्वीरें ज्यादा साफ और डिटेलिंग के साथ नजर आएंगी। डब्यूएबेटलाफो की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह नया विकल्प फिलहाल वाट्सएप बेटा फॉर एंड्रोएड v2.25.22.2 वर्जन में दिखाई दिया है, जिसे बीटा यूजर्स के लिए जारी किया गया है। इसमें कैमरा इंटरफेस के टॉप राइट कॉर्नर में एक चंद्रमा आइकन जोड़ा गया है, जिसे टैप करके यूजर नाइट मोड को ऑन या ऑफ कर सकता है।

**कैसे करता है काम नाइट मोड? :** वाट्सएप का नाइट मोड कोई हार्डवेयर आधारित नहीं बल्कि सॉफ्टवेयर बेस्ड सुधार है। इसका मतलब है कि यह स्मार्ट एल्गोरिद्म के जरिए कम रोशनी वाली जगहों पर ली गई तस्वीरों की एक्सपोजर और नॉइज को बेहतर बनाता है। जब यह मोड ऑन किया जाता है तो तस्वीरों में शैडोज यानी परछाइयों में मौजूद डिटेल्स को उभारता है। इससे बिना किसी एक्सटर्नल फ्लैश या लाइट के भी अच्छी क्वालिटी की फोटो क्लिक की जा सकती है। यह फीचर उन यूजर्स के लिए काफी उपयोगी होगा जो घर के अंदर या रात में फोटो खींचना पसंद करते हैं।

**ऑटोमैटिक नहीं, मैन्युअल मोड :** ध्यान देने वाली बात यह है कि यह मोड ऑटोमैटिक नहीं है। यानी अगर आप चाहते हैं कि आपकी तस्वीरें नाइट मोड में ली जाएं, तो आपको कैमरा ओपन करने के बाद मैन्युअली इस चंद्रमा आइकन पर टैप कर इसे ऑन करना होगा। यह उन यूजर्स के लिए थोड़ा असुविधाजनक हो सकता है जो चाहते हैं कि फोन खुद ही परिस्थिति के अनुसार मोड चुन ले। फिर भी, मैन्युअल मोड होने के कारण यूजर को पूरी नियंत्रण की सुविधा मिलती है।

**किसे मिलेगा यह फीचर? :** फिलहाल यह फीचर सिर्फ गूगल प्ले बेटा प्रोग्राम के तहत चुनिंदा बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध कराया गया है। लेकिन उम्मीद है कि कंपनी इसे अगले कुछ हफ्तों में आम यूजर्स के लिए भी रोलआउट कर सकती है। हालांकि इस फीचर के कुछ सीमाएं भी हैं। उदाहरण के तौर पर यह मोड बेहद अंधेरे में तस्वीरों को बहुत ज्यादा ब्राइट नहीं कर सकता। यह केवल मामूली सुधार कर पाता है और किसी प्रोफेशनल कैमरा सेटअप या अत्यधिक एडवांस लो-लाइट टेक्नोलॉजी का विकल्प नहीं है।

**वीडियो कॉलिंग के अनुभव में भी होगा सुधार :** भविष्य में इस नाइट मोड का उपयोग न केवल तस्वीरों के लिए बल्कि वीडियो कॉलिंग में भी किया जा सकेगा। यानी यदि आप रात में बिना पर्याप्त रोशनी के किसी से वीडियो कॉल करते हैं तो यह फीचर आपके चेहरे को बेहतर रोशनी और स्पष्टता के साथ सामने लाएगा। यह उन यूजर्स के लिए बेहतरीन अनुभव होगा जो देर रात कॉल करते हैं या कम रोशनी वाले स्थानों में रहते हैं।



## वाट्सएप कैमरा हो रहा और स्मार्ट

वाट्सएप का यह नया नाइट मोड फीचर यूजर्स को कम रोशनी में बेहतर फोटोग्राफी और वीडियो कॉलिंग का अनुभव देगा। हालांकि इसमें अभी थोड़ी सीमाएं हैं, लेकिन फिर भी यह फीचर दिन प्रतिदिन बेहतर होता जा रहा है। आने वाले समय में वाट्सएप इसे और ज्यादा एडवांस बना सकता है, जिससे यूजर्स को और भी बेहतरीन विजुअल अनुभव मिलेगा। अगर आप वाट्सएप के बीटा टेस्टर हैं, तो इस फीचर को जरूर आजमाएं, और नहीं हैं तो थोड़ा इंतजार करें, जल्द ही यह सभी के लिए उपलब्ध हो सकता है।